सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 07 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 65, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 610 अंकों की उछाल

बीएसई सेंसेक्स करीब 610 अंक चढ़कर 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 22,500 अंक के ऊपर पहुंच गया। } 14

## विकसित भारत में महिलाओं की अहम भागीदारी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत में सरकार विभिन्न नीतियों, योजनाओं और विधायी उपायों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। } 16



## लंदन : प्रदर्शनकारियों ने रोका जयशंकर का काफिला

### खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे प्रदर्शनकारियों ने कार रोकने का किया प्रयास

एजेंसी

लंदन/नयी दिल्ली। लंदन में खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह में शामिल एक व्यक्ति ने उस समय सुरक्षा घेरा तोड़कर विदेश मंत्री एस जयशंकर की कार को रोकने का प्रयास किया जब वह थिंक टैंक चैथम हाउस के मुख्यालय से बाहर निकल रहे थे।

भारत ने अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा की है। अलगाववादियों के झंडे लहरा रहे समूह को रोकने के लिए बुधवार रात को अवरोधक लगाए गए थे और बड़ी संख्या में मौजूद पुलिसकर्मियों की उन पर नजर थी। तभी भारत का झंडा पकड़े एक व्यक्ति ने अवरोधकों को पार करके मंत्री की कार का रास्ता रोकने की



कोशिश की और अधिकारी उसे पकड़ने के लिए दौड़े। मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारी उसे तुरंत एक तरफ ले गए। इस मामले में अब तक किसी को गिरफ्तार किए जाने की सूचना नहीं है। सामुदायिक संगठन इनसाइट यूके ने इस घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा, यह शर्मनाक है कि यह हमला उस समय हुआ है जब डॉ. एस जयशंकर ब्रिटेन की यात्रा पर हैं और उन्होंने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ सफल बैठक की जहां उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा में चूक की इस घटना की निंदा की और ब्रिटिश सरकार से अपने राजनयिक दायित्वों का पालन करने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा संबंधी चूक की घटना के फुटेज देखे हैं। उन्होंने कहा हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की, उकसावे वाली गतिविधियों की निंदा करते हैं। जायसवाल ने कहा हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग किए जाने की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में 10 लाख नये युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार : योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में 10 लाख युवा उद्यमी तैयार करने के प्रयास जारी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा भारत नई दिशा में बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। मुख्यमंत्री ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100



प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरित की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिये सरकार ने व्यवस्था कि है कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अति पिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश ने समृद्धि व खुशहाली के नए दौर में प्रवेश किया है। निर्यात बढ़ा है। हमने उत्तर प्रदेश के अगले स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की, जिससे कारीगर, हस्तशिल्पी सम्मान पा सकें। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि सीएम युवा योजना को इसी शुरुआत के एक महीने के भीतर ही 2.54 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जो पूरे वर्ष के लिए एक लाख उद्यमियों के लक्ष्य से कहीं अधिक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि अब तक एक लाख आवेदन बैंकों को भेजे जा चुके हैं, जिनमें 24,000 लाभार्थियों के लिए 931 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं और 10,500 आवेदकों को 410 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। योगी ने कहा, हम उत्तर प्रदेश में 10 लाख युवा उद्यमी तैयार करेंगे और इसके लिए अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है।

## संक्षेप

### रेलवे बोर्ड ने ग्रुप-सी के सभी लंबित विभागीय चयनों को किया निरस्त

नयी दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने ग्रुप सी पदों पर सभी लंबित विभागीय चयनों को रद्द कर दिया है, जिन्हें चार मार्च तक अंतिम रूप नहीं दिया गया और अनुमोदित भी नहीं किया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बुधवार को सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को भेजे गए एक परिपत्र में, बोर्ड ने कहा, हाल के दिनों में विभागीय चयन में देखी गई कई अनियमितताओं के कारण, विभागीय चयन ढांचे पर फिर से विचार करने का निर्णय लिया गया है और सभी लंबित चयना एलडीसीई, जीडीसीई (ग्रुप सी के भीतर) जिन्हें चार मार्च तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है और अनुमोदित नहीं किया गया है, उन्हें रद्द माना जाए।

### संभल हिंसा : 16 लोगों की जमानत खारिज

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले की एक अदालत ने 24 नवंबर को हई हिंसा में शामिल 16 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 104 याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं और शेष याचिकाओं पर अगली तारीख पर सुनवाई होगी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने जमानत याचिकाओं के खारिज होने की पुष्टि की है।

## बारहमासी पर्यटन को दे रहे बढ़ावा : मोदी

### प्रधानमंत्री ने मुखबा में देवी गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल में की पूजा-अर्चना

एजेंसी

हरसिल (उत्तराखंड)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन की पुरजोर वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस खूबसूरत पहाड़ी राज्य में कोई ऑफ़ सीजन नहीं होना चाहिए और हर सीजन ऑन सीज़न रहे जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर मजबूती मिलेगी।

मुखबा में देवी गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल में पूजा-अर्चना करने के बाद हरसिल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पर्यटक सर्दियों में प्रदेश में आएंगे तो उन्हें उत्तराखंड की वास्तविक आभा देखने को मिलेगी। मोदी ने राज्य में शीतकालीन पर्यटन के लिए गढ़वाली भाषा में एक नया शब्द घाम तापो पर्यटन (धूप सेंको पर्यटन) गढ़ते हुए कहा सर्दियों में जब देश के बड़े हिस्से में कोहरा छाया होता है, तो पहाड़ों पर धूप का आनंद होता है। बारहमासी या 365 दिनों के पर्यटन को





बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साल भर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से पर्यटन के 360-डिग्री दृष्टिकोण की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी पहाड़ों में मार्च, अप्रैल और जून में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं लेकिन उसके बाद इनकी संख्या कम हो जाती है। उन्होंने कहा, सर्दियों में होमस्टे और होटल खाली पड़े रहते हैं। यह असंतुलन उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक सुस्ती ला देता है। मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि उत्तराखंड में पर्यटन के लिहाज से कोई भी सीजन ऑफ़ सीजन न हो और हर सीजन ऑन सीज़न रहे। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड को अपना आर्थिक सामर्थ्य बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, अपने पर्यटन क्षेत्र को विविधतापूर्ण बनाना और उसे बारहमासी बनाना उत्तराखंड के लिए बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देवी गंगा के शीतकालीन गद्दीस्थल मुखबा में आकर अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, मुझे मां गंगा ने बुलाया है। उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और सांसद के रूप में वहां लोगों की सेवा करने का मौका मिला। कुछ महीने पहले मुझे अनुभूति हुई जैसे मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है। मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत भी गंगा मैया की जय के जयकारे के साथ की। उन्होंने हाल ही में चमोली जिले के माणा गांव में हुए हिमस्खलन में सीमा सड़क संगठन के शिविर में आठ श्रमिकों की मौत पर भी दुख व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने हरसिल में आदिवासी गांव जादूंग के लिए एक ट्रेक और बाइक यात्रा को भी झंडी दिखाई और कहा कि यह उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों को पर्यटन का लाभ दिलाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन ने भारत पर आक्रमण किया था तो सीमांत जादूंग गांव को खाली करा लिया गया था। उन्होंने कहा अब उसे नए सिरे से बसाने और विकसित करने के प्रयास किए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## होली के दिन दो बजे पढ़ी जाये जुमे की नमाज : फरंगी महली

लखनऊ। रमजान का दूसरा जुमा और होली एक ही दिन पड़ रही है। इसे देखते हुए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और ईदगाह के शाही पेश इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने रोजेदारों और नमाजियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा है कि जिन मस्जिदों में जुमे की नमाज 12:30 से 01 बजे के बीच होती है, वह 14 मार्च को नमाज का वक्त 02 बजे का कर लें ताकि नमाजियों को मस्जिद में आने जाने में कोई परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि रमजानुल मुबारक का पवित्र महीना चल रहा है। हर मुसलमान पूरी कोशिश करता है कि वह इस पवित्र माह में अधिक से अधिक इबादत करें। अच्छी तरह नमाज पढ़े और रोजे रखे। हर रोजेदार अपनी तरफ से पूरी कोशिश करता है कि उसके स्वयं, अमल और इबादत से किसी को भी तकलीफ या नुकसान न पहुंचे। इस साल रमजान के दूसरे जुमे यानी 14 मार्च को हमारे दूसरे भाइयों का त्योहार होली है। जुमे की नमाज मुसलमानों की अहम तरीन जमाअत है। होली में लगभग दोपहर 01 बजे तक रंग खेला ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एसडीपीआई के खिलाफ देशभर में छापा

### बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ समेत कई राज्यों में हुई कार्रवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के राजनीतिक संगठन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के खिलाफ धन शोधन मामले में जांच के तहत बृहस्पतिवार को देश भर में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी द्वारा एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. के. फैजी को तीन मार्च को दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छापेमारी की गई। फैजी वर्तमान में ईडी की हिरासत में है।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में निजामुद्दीन पश्चिम में एसडीपीआई मुख्यालय सहित दो स्थानों पर छापेमारी



की गई। इसके अलावा, केरल में तिरुवनंतपुरम और मलप्पुरम, आंध्र प्रदेश में नांदयाल, झारखंड में पाकुड़, महाराष्ट्र में ठाणे, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ और जयपुर में छापेमारी की गई। ईडी ने फैजी (55) की गिरफ्तारी के बाद दावा किया था कि दोनों संगठनों के बीच एक संगठित संबंध है और पीएफआई राजनीतिक दल के माध्यम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बब्बर खालसा व आईएसआई का आतंकी कौशाम्बी से गिरफ्तार

### महाकुम्भ के दौरान आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में था लजर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी एसटीएफ नें आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई के सक्रिय सदस्य लजर मसीह को पंजाब पुलिस के साथ एक ज्वाइंट ऑपरेशन में यूपी के कौशाम्बी जिले के थाना क्षेत्र कोखराज के सकाढा तिराहे से गुरुवार को तड़के गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आतंकी कुम्भ मेला में आतंकी हमला करने की फिराक में था। लेकिन पुलिस की सक्रियता से सफल नहीं हो सका। पकड़ा गया लजर मसीह अमृतसर पंजाब के रामदास के ग्राम कुरलिया का रहने वाला है। इसके पास से तीन हैण्ड ग्रेनेड और दो जिलेटिन राड व दो डेटोनेटर और एक विदेशी पिस्टल और तेरह विदेशी कारतूस और



एक सैमसंग मोबाईल और फर्जी पते का आधार कार्ड बरामद किया है। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार नें पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि बीती 23 दिसंबर को विभिन्न एजेंसिया और पंजाब पुलिस की जानकारी पर पीलीभीत पुलिस और पंजाब पुलिस नें तीन खलिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। मारे गये आतंकियों के पास से भारी असलहा बरामद हुए थे। मारे गये आतंकियों नें पंजाब में कई आतंकी घटनाओ को अंजाम दिया था। डीजीपी नें बताया कि इस मुठभेड़ से नाराज खलिस्तानी आतंकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:21 | 4:55 | 6:11 | 5:09 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- बजट को नवंबर तक 60 फीसद तक व्यय करें (पृष्ठ-02)
- फरवरी तक 14076.13 करोड़ अधिक मिले (पृष्ठ-02)
- रुपया छह पैसे की गिरावट से 87.12 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- सड़क हादसों के लिए दोषपूर्ण डिजायन जिम्मेदार (पृष्ठ-14)
- भारत ने रूस से 112.5 अरब यूरो का तेल खरीदा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** पोर्टल, स्टार्टअप, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों व सरकारी विभागों को 18,000 से अधिक जीपीयू, व अन्य एआई सेवाओं तक होगी पहुंच

## एआई के जरिये नये प्रयोगों को मिलेगा बढ़ावा : वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल पर जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) 67 रुपये प्रति घंटे की दर से उपलब्ध होंगे। वैष्णव ने देश में कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए अनुकूल हालात बनाने के लिए शुरू किए गए इंडियाएआई मिशन की पहली वर्षगांठ पर इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल और डेटासेट मंच एआईकोष सहित कई पहल की शुरुआत की।

इनका उद्देश्य एआई तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना और नवाचार को आगे बढ़ाना है। इंडिया एआई कंप्यूट पोर्टल छात्रों, स्टार्टअप, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी विभागों को 18,000 से अधिक जीपीयू, क्लाउड स्टोरेज और अन्य एआई सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, आज हमारे पास 14,000 जीपीयू के लिए एक समान कंप्यूटिंग सुविधा है, जो हमारे लक्ष्य से कहीं अधिक है। हमने 10,000 जीपीयू का लक्ष्य रखा था। हमारे पास पहले से ही 14,000 जीपीयू मौजूद हैं और अभी 4,000 अन्य निर्माणाधीन हैं। आगामी तिमाहियों में





और भी बहुत कुछ आएगा। उन्होंने बताया कि इन जीपीयू का उपयोग करने की लागत ऐतिहासिक रूप से बेहद कम महज 67 रुपये प्रति घंटे है। इससे स्टार्टअप, एप्लिकेशन डेवलपर, शोधकर्ताओं और छात्रों को बहुत फ़ायदा होगा। वैष्णव ने कहा कि इंडियाएआई कंप्यूट पोर्टल का उपयोग भारत के अपने आधारभूत मॉडल को विकसित करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के अपने आधारभूत मॉडल के लिए तैयारी अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है और इसके लिए कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने भारत के किफायती चंद्र अभियान का हवाला देते हुए कहा कि आधारभूत एआई मॉडल के लिए भी यही तरीका अपनाया जाएगा और भारत इसे अन्य देशों की तुलना में बहुत कम लागत पर बनाएगा।

वैष्णव ने इस अवसर पर एआईकोष की भी शुरुआत की जो एक ऑल-इन-वन डेटासेट मंच है जो संभावित विचारों को उद्योग समाधानों में बदलने में मदद करने के लिए संसाधन, उपकरण और विशेषज्ञ सलाह प्रदान करता है। ये डेटासेट मॉडल बिल्डर और डेवलपर के लिए उपलब्ध होंगे, ताकि वे भारत-विशिष्ट एआई मॉडल के साथ काम कर सकें और उन्हें पेश कर सकें। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि कंप्यूट पोर्टल की पेशकश से देशभर में एआई को लागू करने और लागू करने के तरीके में सुधार होगा। कृष्णन ने कहा एआई कंप्यूट पोर्टल भारत एआई मिशन का सबसे बड़ा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फर्जी दस्तावेजों पर नौकरी कर रहे 5 शिक्षक गिरफ्तार

एसपी परिहार

श्रावस्ती। फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहे पांच शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार के नेतृत्व में गठित अलग-अलग थानों की टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गठित जनपदीय जांच समिति के संज्ञान में आया कि जनपद में कुछ शिक्षक फर्जी दस्तावेज के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग/विद्यालय में नौकरी कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्रकाश में आने पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 4 मार्च को बर्खास्तगी की कार्यवाही की। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुर रानी, जमुनहा व सिरसिया की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार के नेतृत्व में गठित अलग-अलग थानों की टीम द्वारा गिरफ्तारी की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार फर्जी शिक्षकों में आलोक कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार, जितेंद्र सिंह, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आवंटित बजट का एक रुपया भी लैप्स न होने दें: धर्मपाल

## नवम्बर तक व्यय करें आवंटित बजट का 60 प्रतिशत, दुग्ध समितियों के गठन व क्रियान्वयन से ही बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को यथाशीघ्र मदवार आवंटित कराया जाए। साथ ही माह नवंबर, 2025 तक प्रत्येक दशा में 60 प्रतिशत बजट सदुपयोग करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए और माहवार बजट व्यय की समीक्षा की जाए। श्री सिंह ने यह भी सख्त निर्देश दिए कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु सभी मदों में आवंटित धनराशि का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में बजट का सरेन्डर न किया जाए। आवंटित बजट का एक रुपया भी लैप्स न होने पाए।

पशुधन मंत्री आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी सभी योजनाओं हेतु पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। श्री सिंह ने पहली बार पशुपालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 07 करोड़ रुपए की व्यवस्था किए जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि दुग्ध समितियों के गठन एवं क्रियान्वयन से ही दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा। छोटे किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी महत्वपूर्ण विकल्प है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को हासिल करने में पशुधन एवं दुग्ध विकास की अहम भूमिका है।

इसलिए योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए, समय पर धनराशि आवंटित की जाए और उसका सदुपयोग सुनिश्चित की जाए। पशुधन मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत गौ संरक्षण केंद्रों एवं अन्य निर्माण कार्यों को माह दिसंबर, 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा जाए और कार्यदायी संस्थाओं द्वारा गुणवत्तायुक्त और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराने हेतु कड़ी मॉनिटरिंग की जाए। गौशालाओं में गायों की देखरेख में कोई कमी न होने पाए और उनके चारा, भूसा, प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा एवं



औषधि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। नस्ल सुधार, निराश्रित गोवंश को गो आश्रय स्थल पर पहुंचाने, संक्रामक रोगों से बचाव आदि कार्य तीव्र गति से किया जाए।

पशुधन मंत्री ने बेसहारा/निराश्रित गोवंश संरक्षण की अद्यतन स्थिति, वृहद गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण, साइलेज टेन्डर, वृहद गो संरक्षण केन्द्र एवं संवर्धन कोष, कुक्कुट पालन, बकरी पालन, कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम, दुग्ध समितियों के गठन, डेयरी प्लाण्ट की उपयोगिता क्षमता, दुग्ध उपार्जन, बकाया दुग्ध मूल्य भुगतान तथा नन्दबाबा दुग्ध मिशन के कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए उक्त योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित कार्ययोजना के सापेक्ष प्राप्त आगणनों एवं स्वीकृति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, दुग्ध विकास विभाग के विशेष सचिव राम सहाय यादव, पशुपालन विभाग के निदेशक (प्रशासन एवं विकास) डा. जयकेश पाण्डेय, निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) डा0 योगेन्द्र सिंह पवार, संयुक्त निदेशक डा. पीके सिंह तथा डा. राम सागर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# गोकुल पुरस्कार के 63 एवं नन्दबाबा पुरस्कार के 44 लाभार्थी होंगे पुरस्कृत

लखनऊ । उत्तर प्रदेश प्रादेशिक कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. लखनऊ द्वारा वर्ष 2023-24 के गोकुल पुरस्कार एवं नन्दबाबा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च को अपरान्ह 12:30 बजे इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ स्थित मार्स हॉल में किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा गोकुल पुरस्कार के 63 एवं नन्दबाबा पुरस्कार के 44 लाभार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास/प्रबन्ध निदेशक पीसीडीएफ के. रविन्द्र नायक भी उपस्थित रहेगें। यह जानकारी आज यहां पीसीडीएफ के डॉ मनोज तिवारी जी ने दी। उन्होंने बताया कि गोकुल पुरस्कार के तहत दुग्ध विकस के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहन देने के लिए गोकुल पुरस्कार का वितरण प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किया जाता है। गोकुल पुरस्कार के चयन के लिए वे ही दुग्ध उत्पादक पात्र होते है, जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष में 5000 ली0 या इससे अधिक दूध दुग्ध समिति में आपूर्ति किया गया हो। प्रदेश की दुग्ध समिति में सर्वाधिक दुग्ध आपूर्तिकर्ता दुग्ध उत्पादक को प्रथम एवं द्वितीय लाभार्थी को राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा शेष को जनपद स्तरीय पुरस्कार वितरित किया जाता है। नन्दबाबा पुरस्कार के तहत दुग्ध विकास के अन्तर्गत भारतीय गोवंश की गाय के दूध में वृद्धि करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए नन्दबाबा पुरस्कार का वितरण प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किया जाता है। नन्दबाबा पुरस्कार के लिए भारतीय गोवंश की गाय के सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले वे ही उत्पादक पात्र होते हैं, जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष में कम-से-कम 1500 लीटर या उससे अधिक दूध दुग्ध समिति में आपूर्ति किया गया हो।

# ग्राम पंचायतों की आंगनबाड़ी केंद्रों को मिल रही खुद की छत

## मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनबाड़ी केन्द्र

**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के अभिसरण से आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य निरंतर किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग,पंचायती राज विभाग के माध्यम से अभिसरण कर वित्तीय वर्ष 2018-19 से अब तक 19 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2018-19 में 3866, वर्ष 2019-20 में 2015, वर्ष 2020-21 में 4042, वर्ष 2021-22 में 1871, वर्ष 2022-23 में 2332, तो वहीं वर्ष 2023-24 में 1981 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 9448 कार्य निमार्णाधीन प्रक्रिया में हैं इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के खेलने आदि की व्यवस्था भी की गई है। ध्यान रखा गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केन्द्र नेशनल हाईवे के बगल में ना बने। सभी पंचायतों में आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की योजना के साथ इस पर कार्य किया जा रहा है।

मनरेगा योजना के अंतर्गत जहां बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 1981 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया ,वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, इस वर्ष अब तक योजनांतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों को बनाने में 12865.58 लाख की धनराशि व्यय भी की जा चुकी है। जबकि करीब 9 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्य प्रगतिशील है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निरंतर निर्माण कार्य जारी है। शासन के आदेश के अनुसार मनरेगा कंवर्जेंस से नियमानुसार निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्राम व पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों का पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जा रहा है।

# फरवरी माह तक 14076.13 करोड़ रुपये अधिक मिले : खन्ना

**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में फरवरी माह तक वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह फरवरी तक राजस्व प्राप्ति के सापेक्ष 14076.13 करोड़ रुपये अधिक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023 24 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 के फरवरी माह तक मुख्य करेत्तर राजस्व वाले मदों में यह वृद्धि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कुशल वित्तीय अनुशासन एवं बेहतर कानून व्यवस्था की वजह से प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूत हो रही है।



वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के फरवरी माह तक कुल 1,87,987.69 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के फरवरी माह तक 1,73,911.56 रुपये करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024 25 में गत वर्ष की तुलना में माह फरवरी तक 14,076.13 करोड़ रुपये का राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जी०एस०टी० के अन्तर्गत माह फरवरी, 2025 तक कुल 75,749.80 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष फरवरी, 2024 के माह तक प्राप्ति 68,450.16 करोड़ रुपये रही थी। जो वित्तीय वर्ष 2024 25 के फरवरी माह तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 72.6 प्रतिशत है। वैट के अन्तर्गत माह फरवरी, 2025 तक 27,623.85 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 74.4: है। जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2024 तक प्राप्ति 26,822.93 करोड़ रुपये रही थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि आबकारी मद के अन्तर्गत माह फरवरी, 2025 तक कुल 42,830.01 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2024 तक प्राप्ति 41,224.43 करोड़ रुपये रही थी। वित्तीय वर्ष 2024 25 में माह फरवरी तक प्राप्ति अपने निर्धारित लक्ष्य का 81.4 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह फरवरी, 2025 तक की राजस्व प्राप्ति 27,588.41करोड़ है जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2024 तक प्राप्ति 24,439.78 करोड़ रुपये रही थी। स्टांप तथा निबंधन मद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 25 में फरवरी माह तक प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 84.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार परिवहन मद के अन्तर्गत माह फरवरी, 2025 तक की राजस्व प्राप्ति 10,419.81 करोड़ रुपये है जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2024 तक प्राप्ति 9,427.01 करोड़ रुपये रही थी। परिवहन के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह फरवरी तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। करेत्तर राजस्व प्राप्ति की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह फरवरी, 2025 तक प्राप्ति 3,775.81 करोड़ रुपये है, जो कि फरवरी माह तक के निर्धारित लक्ष्य का 76.3 प्रतिशत है। जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2024 तक प्राप्ति रू0 3,547.25 करोड़ रुपये रही थी।

# डिजिटल क्रांति और आर्थिक उन्नति की मिसाल बना यूपी

**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ। यूपी ने डिजिटल क्रांति और आर्थिक प्रगति के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से लेकर डिजिटल लेनदेन और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में अभूतपूर्व वृद्धि तक, यूपी आज देश के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। नीति आयोग ने जहां यूपी को 'फ्रंट रनर' का दर्जा दिया है, वहीं भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में राज्य की कर हिस्सेदारी 11.6% रही, जो महाराष्ट्र के बाद देश में सर्वाधिक है। यह उपलब्धि निःसंदेह सीएम योगी के प्रयासों से यूपी को विकास के पथ पर अग्रणी राज्य बनाती है। उत्तर प्रदेश ने डिजिटल ट्रांजैक्शन के मामले में देश में नंबर एक स्थान हासिल किया है। 2017-18 में जहां राज्य में 122.84 करोड़ रुपये के डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए थे, वहीं 2024-25 में दिसंबर 2024 तक यह आंकड़ा 1024.41 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसमें यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का आधे से अधिक योगदान रहा। डिजिटल बैंकिंग की आसान पहुंच, गांवों तक इंटरनेट की उपलब्धता, वित्तीय जागरूकता और पर्याप्त उपकरणों ने इस क्रांति को यूपी में संभव बनाया। राज्य में 20,416 बैंक शाखाएं, 4,00,932 बैंक मित्र और बीसी सखी, 18,747 एटीएम और 4,40,095 बैंकिंग केंद्र इसकी मजबूत आधारभूत संरचना को दर्शाते हैं।

**डीबीटी से सीधे सशक्त हो रहे लाभार्थी, बिचौलिये गायब:** डीबीटी के माध्यम से योगी सरकार ने 11 विभागों की 207 योजनाओं के तहत 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों के खातों में 1,11,637 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इसमें 113 केंद्रीय और 94 राज्य योजनाएं शामिल हैं। इस प्रणाली ने न केवल योजनाओं के पात्रता में पारदर्शिता बढ़ाई है, बल्कि 10 हजार करोड़ रुपये की बचत भी की है। यह प्रक्रिया न सिर्फ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाती है, बल्कि जरूरतमंदों तक सीधे



लाभ पहुंचाने में भी कारगर सिद्ध हुई है। यूपी इस मामले में डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बनकर उभरा है। 1950 से 2017 तक उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी महज 12.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकी थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर जनता के भरोसे और 2017 से योगी सरकार की मेहनत से पिछले आठ वर्षों में यह आंकड़ा दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने जा रहा है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी अब देश का दूसरा सबसे बड़ा आर्थिक योगदानकर्ता बन गया है। 2023-24 में जहां देश की जीडीपी वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत रही, वहीं यूपी ने 11.6% की दर से आगे बढ़कर अपनी आर्थिक ताकत का परिचय दिया है। नीति आयोग की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को राजकोषीय स्थिति के मामले में 'फ्रंट रनर' घोषित किया गया है। यह राज्य की आर्थिक नीतियों की मजबूती को दशार्ता है।

# मछुआ समाज आरक्षण पर निषाद पार्टी के बैनर तले लामबंद

## निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा पहुंची ललितपुर

**विशेष संवाददाता (vol)**

लखनऊ। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा दूसरे चरण के तीसरे दिन गुरुवार को ललितपुर पहुंची। निषाद पार्टी-राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा का ललितपुर में स्वागत हुआ। डॉ. संजय निषाद ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मछुआ समाज के हित में लगातार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उनके मंत्री से पूर्व भी प्रदेश में सरकारें रही हैं लेकिन 2022 से पूर्व प्रदेश के मत्स्य विभाग में केवल एक केंद्रीय योजना का संचालन किया जा रहा था और इसमें भी कोई दो राय नहीं है। पूर्व की समाजवादी सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही मछुआ समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजना नीली क्रांति/प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को भी 2017 तक प्रदेश के मछुआ समाज को वंचित रखने का काम किया था। उन्होंने कहा कि एक मछुआ समाज के बेटे को ही मत्स्य मंत्री बनाने के बाद से प्रदेश के मछुआ समाज के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जैसे की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए), मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट योजना, माता सुकेता जलाशय में जलाशय योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष के दैट (शिक्षा, विवाह, चिकित्सा, आवास, सामुदायिक भवन, सोलर लाइट) अन्य तमाम योजनाएँ मछुआ समाज के विकास के लिए



प्रदेश में संचालित की जा रही है। निषाद ने कहा कि आज जिस प्रकार ललितपुर के युवाओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया है वो अभूतपूर्व है, प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद उनका जनपद का दौरा बेशक कम हुआ है लेकिन जनपद के युवाओं का जोश साफ साफ संदेश दे रहा है कि अब प्रदेश का मछुआ समाज अपने हक-अधिकार को लेकर किसी के बहकावे में नहीं आने वाला है और निषाद पार्टी-डॉ संजय निषाद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। पूर्व की सरकारों और मछुआ समाज के नेताओं ने मछुआ समाज को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल केन का काम किया था, किंतु अब मछुआ समाज निषाद पार्टी के बैनर तले लामबंद होकर अपने आरक्षण के मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।

# मजदूरी का नहीं हो रहा भुगतान : अजय राय

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में प्रदेश निवर्तमान महासचिव अरशद खुर्शीद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

- **कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर भाजपा पर साधा निशाना**

अजय राय प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 1 करोड़, 65 लाख, 11 हजार, 8 सौ 51 जॉब कार्ड धारक हैं, जिसमें एक्टिव जॉब कार्ड धारकों की संख्या 1 करोड़, 9 लाख, 33 हजार, 396 हैं। लगभग एक करोड़ 10 लाख जॉब कार्ड धारकों को पिछले 9 दिसंबर 2024 से



उनकी मजदूरी का भुगतान केंद्र सरकार नहीं कर रही है। आज की तारीख में मजदूरों की बकाया धनराशि 99.75 करोड़ रुपये है जबकि अधिनियम में प्रावधान है कि मजदूर को अपनी मजदूरी करने के 15 दिन के अंदर उसके खाते में मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए अन्यथा नियम अनुसार .05 प्रतिशत प्रति विलंबित दिवस का हर्जाना मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार इन मजदूरों के खिलाफ एक षड्यंत्र कर रही है। भाजपा सरकार का मजदूरी विरोधी षड्यंत्र अब स्पष्ट हो चुका है और भाजपा चाहती है कि मजदूरों को जब मजदूरी इतनी देर से मिलेगी तो निश्चित तौर पर वह फिर से एक बार गांव से पलायन करके उद्योगपतियों के चौखट पर बंधुवा मजदूरी करने को मजबूर होंगे। दूसरी तरफ इस योजना को लागू करने वाले 40 हजार संविदा कर्मी अल्प मानदेय में जीवन यापन कर रहे हैं, और वह भी उन्हें पिछले औसत 8 महीने से नहीं मिला है। बता दें कि इन संविदा कर्मियों को ईपीएफ का सामाजिक सुरक्षा कवच अप्रैल 2015 से ईपीएफ अधिनियम के अनुसार मिलना चाहिए, लेकिन आज तक कर्मियों के खाते में ईपीएफ का पैसा नहीं जमा हुआ। नतीजा यह है कि पिछले 8 वर्षों में 2000 से ज्यादा संविदा कर्मियों की मृत्यु हुई और उनके परिवारों को ईपीएफ का कोई लाभ नहीं मिल पाया। राय ने कहा कि इस प्रकरण में सबसे ज्यादा आपत्तिजनक बात यह है कि ईपीएफ में नियोक्ता का जो 13 प्रतिशत अंश होता है वह भी संविदा कर्मियों के मानदेय से काटा जा रहा है। यह न सिर्फ नियम विरुद्ध है बल्कि यह भाजपा सरकार की संविदाकर्मी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लायी गयी मनरेगा योजना जिसकी ख्याति संसार में सबसे बड़ी रोजगार परक योजना के रूप में हुई और जो भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ साबित हुई।

# रेवती रमण दास के घर पहुंचे सीएम योगी, दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को वरिष्ठ समाजसेवी रेवती रमण दास अग्रवाल के आवास (पुरुषोत्तम निवास, आर्यनगर) पहुंचे। रेवती रमण दास (92) का 28 फरवरी को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने यहां उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वे महराणा प्रताप शिक्षा परिषद समेत कई अन्य शिक्षण संस्थाओं के वरिष्ठ सदस्य व आर्यनगर श्रीरामलीला समिति आर्यनगर के अध्यक्ष भी रहे हैं। वे पूर्व पार्षद व सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन समेत कई दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारीजनों को ढांढस भी बंधाया। इस दौरान स्व. दास की पत्नी विमला दास, पुत्र कीर्ति रमण दास, ज्योति रमण दास, परिवार के श्रीरमण दास, इंद्ररमण दास, कार्तिकेय रमण दास, रत्नेश रमण दास, वरिष्ठ व्यापारी नेता पुष्पदंत जैन, पार्षद गौरव तिवारी, पूर्व पार्षद जितेंद्र सैनी, संजय अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।

# गरीबों, पिछड़ों और आदिवासियों की जरूरतों की अनदेखी कर रही उप्र सरकार: मायावती

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए गरीबों, पिछड़े वर्गों, दलितों और आदिवासियों की जरूरतों की अनदेखी कर उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

मायावती ने यहां लखनऊमें संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, सरकार की आर्थिक नीतियों और बजटीय दावों से बड़े पैमाने पर मुट्ठी भर धनी पूंजीपतियों को फायदा होता है। अमीरों को और अमीर बनाने के बजाय सरकार को इस देश के लगभग 125 करोड़ आम नागरिकों के बीच गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन को खत्म करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में विफल रही है जबकि राज्य को देश का विकास इंजन कहा जाता है। मायावती ने कहा कि इन आवश्यक सेवाओं की खराब स्थिति कोई रहस्य नहीं है। केंद्र की तरह उत्तर प्रदेश सरकार के पास भी धन की कोई कमी नहीं है लेकिन वंचितों के कल्याण के लिए इसका उपयोग करने में उसकी विफलता बेहद चिंताजनक है। बसपा सुप्रिमो ने भाजपा पर कांग्रेस के समान शासन मॉडल अपनाने का भी आरोप लगाया और कहा कि अन्य राज्यों में शासन करने वाली क्षेत्रीय पार्टियां भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपना रही हैं। कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को अप्रभावी बना दिया है। ग्रामीण परिवारों के उत्थान के लिए हमारी सरकार द्वारा शुरू की गई बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ग्रामीण समग्र विकास योजना (समग्र ग्राम विकास योजना) को कांग्रेस, सपा और अब भाजपा सरकारों ने निष्क्रिय कर दिया है। मायावती ने बसपा के कामकाज पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसपा ने उत्तर प्रदेश में सत्ता में अपने चार कार्यकालों के दौरान वास्तविक सामाजिक और आर्थिक सुधार लागू किए थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक सशक्तिकरण लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया। मौजूदा सरकार के विपरीत हमने ग्रामीण क्षेत्रों में 17 आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पर्याप्त धन सुनिश्चित किया, जिससे लोगों के जीवन में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मायावती ने अंबेडकरवादी सिद्धांतों के प्रति बसपा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और हाशिए पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।

# श्मशान की जमीन पर कब्जा करने पहुंचा अंसल, ग्रामीणों ने किया विरोध

## पुलिस ने मौके पर पहुंच कर डंपरों को किया जब्त, अंसल ऑफिस पर दिन भर लगी रही निवेशकों की भीड़

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अंसल एपीआई के ऑफिस पर गुरुवार को दिन भर निवेशकों की भीड़ लगी रही। यहां उन्हें बताया गया कि आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत करिए। इसी दौरान अंसल के कर्मियों की ओर से मुजफ्फरनगर घुसवल के महमूदपुर गांव के पास जेसीबी और डंपर की मदद से श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया तो ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया।

जिसकी सूचना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को हुई तो वह भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पुलिस खनन में लगे डम्पर को कब्जे में लॉकर थाने ले आयी। ग्रामीणों का आरोप है कि अंसल कंपनी दिवालिया घोषित होने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों के श्मशान आदि सुरक्षित जगहों पर जब्जा करना चाह रही है, जिसके लिए गुरुवार को महमूदपुर गांव पहुंचकर श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। इस दौरान अंसल के मैनेजर सुनील कुमार व अंसल के लेखपाल काशीप्रसाद यादव मौजूद रहे। श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा होता देख ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। अवैध खनन में लगी जेसीबी मशीन को रुकवा दिया। प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे सुशान्त गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को शांत कराकर खनन व कब्जे के कार्य मे लगे डम्पर व जेसीबी को थाने ले आयी। वहीं नगर निगम के लेखपाल अनूप गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को तहसील की राजस्व टीम को बुलाकर श्मशान घाट जमीन की पैमाईश कराई जायेगी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी की माने तो जो लोग कब्जा करने आये थे वह मौके से भाग निकले। डम्पर आदि को कब्जे में लिया गया है जिस पर कार्यवाई की जायेगी। ग्रामीण वीर पाल व विनोद कुमार ने बताया कि कब्जे को रोकने के लिए उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर के सरकारी मोबाइल नंबर पर करीब 10 बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। प्रदर्शन के दौरान रामावती, बुधाना, मदन, कुलदीप, सचिन, मंजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

**खरीदारों की एफआईआर नहीं दर्ज कर रही पुलिस:** अंसल कंपनी में हजारों निवेशकों की ओर से लगाए गए पैसों की वसूली के लिए बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में दिए गए प्रार्थना पत्र को पुलिस ने ले तो लिया लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं किया। बता दें कि कृष्णानगर थाने पर वही के रहने वाले टीएन शुक्ला व आरडी मिश्रा ने अंसल एपीआई के खिलाफ तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। ऐसा ही एक प्रकरण सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पहुंचा। जहां इंस्पेक्टर ने जांच का हवाला देते हुए मुकदमा दर्ज नही किया। वही गोमतीनगर थाने पर समीर सक्सेना सहित 12 लोगों ने अंसल एपीआई के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया लेकिन वहां भी मामला दर्ज नही हुआ।

**आम के पेड़ के चारों ओर किया खनन:** अंसल एपीआई के ठेकेदार गुरुवार को किये जा रहे श्मशान घाट की जमीन पर खनन के दौरान आम के पेड के चारों ओर करीब 6 फिट मिट्टी खोद ले गए। इससे आम का पेड सूखने में ज्यादा समय नही लगेगा। वर्तमान में आम का पेड पूरी तरह से फूल(बौर) रहा है ऐसे में पेड के आस पास खनन करना उसकी हत्या किए जाने के बराबर है।

### अंसल के कब्जे में नगर निगम की जमीन, होगी जांच

लखनऊ। हाईटेक हाउसिंग सुशांत गोल्फ सिटी बसाने के लिए के नाम पर अंसल ने नगर निगम की सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर बेच दिया। अब नगर निगम का सम्पत्ति विभाग इस बात की जांच करेगा कि कितनी जमीन पर, कहां, किस प्रकार की जमीन पर कब्जा किया गया है। इस काम के लिए संपत्ति विभाग की टीम एलडीए के भू अर्जन विभाग की टीम के साथ एक बैठक कर जांच करेगी। इसके लिए, जमीन के गाटा संख्या का मिलान किया जाएगा। यदि कोई जमीन अंसल ने कब्जा की है तो उसे खाली कराया जाएगा। नगर निगम की सीमा का विस्तार करते हुए दिसंबर 2019 में लखनऊ के आसपास के 88 गांवों को शामिल किया गया था। अंसल की हाईटेक टाउनशिप सुशांत गोल्फ सिटी उससे कई साल पहले वर्ष 2006 में आई थी। 22 मई 2006 को उसका डीपीआर स्वीकृत किया गया था। तब उसे 1765 एकड़ भूमि पर टाउनशिप विकसित करने के लिए दी गई थी। जून 2009 में टाउनशिप के प्रथम विस्तार को सरकार ने स्वीकृति दी और इसका दायरा बढ़कर 3530 एकड़ हो गया। इसके द्वितीय विस्तार के लिए 13 दिसंबर 2013 को अनुमति दी गई और इसका क्षेत्रफल 2935 एकड़ और बढ़ कर कुल क्षेत्रफल 6465 एकड़ हो गया। इसकी डीपीआर 23 मई 2015 में स्वीकृत हुई। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह का कहना है कि नगर निगम सीमा विस्तार से पहले ही अंसल को हाईटेक टाउनशिप विकसित करने के लिए जमीन मिल चुकी थी। उसकी डीपीआर भी स्वीकृत हो चुकी थी। ऐसे में नगर निगम की सीमा में शामिल विस्तारित क्षेत्र के गांव की जमीन पर अंसल का कब्जा नहीं होगा। क्योंकि उस दौरान जो भी जमीन उसे मिली होगी।

# जेडीयू यूपी की बैठक आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश कार्यालय में 25 फरवरी को सम्पन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पार्टी के सभी सम्मानित मण्डल संयोजकगण, मण्डल सहसंयोजक गण, प्रदेश प्रवक्तागण एवं समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष/संयोजकगण, प्रमुख पदाधिकारीगण को अवगत कराना है कि पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 7 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः11 बजे से पार्टी के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे। बैठक में प्रदेश स्तर पर समीक्षा करने, अपने विचार रखने एवं बहुमूल्य सुझाव देने के लिए पार्टी के सभी सम्मानित मण्डल संयोजकगण/मंडल सहसंयोजक गण, सभी प्रवक्तागण एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष/संयोजकगण, प्रमुख पदाधिकारीगण को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है।

# सफाई का बजट बढ़े तो पार्षद कोटा तीन करोड़ करने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम का आगामी वित्तीय वर्ष का बजट पास करने के लिए दस मार्च को महापौर सुषमा खर्कवाल ने कार्यकारिणी की विशेष बैठक बुलाई है।

नगर निगम के लेखा विभाग की ओर से प्रस्तावित बजट में सफाई व्यवस्था के मद में खर्च बढ़ाने की चर्चा के बीच पार्षदों ने भी वार्ड विकास प्राथमिकता संस्तुति (पार्षद कोटा) को भी बढ़ाए जाने की मांग की है। इस संबंध में पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मेयर और नगर आयुक्त को पत्र सौंपा। नगर आयुक्त को पत्र सौंपने के दौरान पार्षदों ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था का बजट बढ़ाकर 800 करोड़ रुपये किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए 10 मार्च को नगर निगम कार्यकारिणी की प्रस्तावित बैठक में भी प्राविधान लाए जाने की चर्चा है। पार्षदों ने कहा कि मौजूदा समय में शहर की सफाई व्यवस्था का बजट 300 करोड़ रुपये है। नगर निगम का सीमा विस्तार और क्षेत्रफल पहले से काफी बढ़ा होने के कारण ही बजट को बढ़ाकर 800 करोड़ रुपये किए जाने का प्राविधान लाया जा रहा है। ऐसे में वार्ड विकास प्राथमिकता संस्तुति को भी 1.5 करोड़ से बढ़ाकर 03 करोड़ रुपये किया जाए, क्योंकि वार्ड का क्षेत्रफल भी कुछ सालों में काफी बढ़ा है। बढ़े हुए क्षेत्रफल के कारण 1.5 करोड़ रुपये से वार्ड के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य कराया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। उधर, नगर निगम कर्मचारी संघ ने भी बजट संशोधन की मांग की है। संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा की ओर से पत्र लिखते हुए मूल बजट वर्ष 2025-2026 में कर्मचारियों और संस्था के हित में संशोधन की मांग की है। संघ ने इस विषय पर नगर आयुक्त को एक पत्र प्रेषित कर विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान देने का आग्रह किया है।

# करंट लगने से हुई थी मौत, परिवार को मिली 10 लाख रुपये की मदद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक सितंबर को शंकरपुरवा प्रथम के कंचन नगर पार्क में करंट लगने से अभिषेक कुमार की दुखद मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने सख्त निर्देश दिए थे कि शहर के सभी पार्कों और खुले में पड़े बिजली के तारों को सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी कोई दुर्घटना न हो और किसी अन्य व्यक्ति की जान ना जाए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार समेत स्थानीय नेता और आमजन मौजूद रहे। महापौर ने इस मामले में सख्त कदम उठाते हुए पीड़ित परिवार से मिलने के लिए कंचन नगर पार्क का दौरा किया।

यहां उन्होंने मृतक अभिषेक कुमार के परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। महापौर ने न केवल मृतक परिवार को सहानुभूति दी, बल्कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करें। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम की टीम को कड़े निर्देश दिए हैं।



## महापौर ने मिनी जेसीबी व 10 मोबाइल शौचालयों को दिखाई हरी झंडी

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की उपस्थिति में आठ मिनी जेसीबी और 10 मोबाइल शौचालयों का हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया। मिनी जेसीबी से शहर में कूड़ा उठाने और सफाई के काम में तेजी आएगी। इससे नगर निगम को सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी, जिससे शहर में सफाई का स्तर बेहतर होगा और नागरिकों को स्वच्छता का बेहतर अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, 10 मोबाइल शौचालयों का उद्घाटन किया गया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया जायेगा सम्मानित : केशव

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों दीदियों को लखपति दीदी योजनान्तर्गत 01 दिवसीय राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला ज्युपिटर हाल, इन्दिरागंधी प्रतिष्ठान, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ में 08 मार्च को आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का शुभारम्भ केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री, उ०प्र० सरकार द्वारा इस कार्यशाला शुभारम्भ किया जायेगा। इस कार्यशाला में लगभग 1200 समूहों की महिला दीदियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। कार्यशाला में लखपति महिला कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्पादक समूह, ड्रोन संचालन, एफपीओ, बायो फर्टिफाइड बीजों की खेती, प्राकृतिक खेती, उद्यमिता विकास इत्यादि विषयों पर उन्मुखीकरण कराया जाना है। इसके अलावा लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा महिला सशक्तीकरण हेतु प्रेरक प्रदर्शनी भी लगायें जाने की रूपरेखा बनायी जा रही है। उल्लेखनीय, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं सम्मानित व पुरूस्कृत को किया जायेगा।

# पॉलीटेक्निकसे किसान पथ तक चलेगी मेट्रो, सरकार को भेजी योजना

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष गुरूवार को उपस्थित हुए, यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक ने कोर्ट को बताया कि पॉलीटेक्निक से किसान पथ तक मेट्रो रेल चलाने की प्रारम्भिक योजना का खाका राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण ने न्यायालय को बताया कि वे भी कमता तिराहे पर एलिवेटेड रोड बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं।

इस पर न्यायालय ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दोनों योजनाओं पर बिना विलम्ब किए निर्णय लें तथा कोर्ट को भी अवगत कराएं। साथ ही अगली सुनवायी पर आवास एवं शहरी नियोजन तथा लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिवों को भी हाजिर होने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अवध बार एसोसिएशन की वर्ष 2017 की एक जनहित याचिका पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान मामले में न्यायालय टिप्पणी भी कर चुकी है कि शहीद पथ से कमता तिराहे पर ट्रैफिक जाम को लेकर जो अव्यवस्था फैलती है उसके समाधान की आवश्यकता है। न्यायालय के पिछले आदेश के अनुपालन में कोर्ट के समक्ष हाजिर हुए, मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक/एमडी आशीष द्विवेदी, एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव तथा पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने यह भी स्पष्ट कियाकि पॉलीटेक्निक से किसान पथ के बीच मेट्रो चलाने के सम्बंध में जब तक राज्य सरकार की ओर से कोई सैद्धांतिक निर्णय नहीं ले लिया जाता, वे विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने में असमर्थ हैं। इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 4 अप्रैल की तिथि नियत करते हुए, जल्द निर्णय लेने का आदेश दिया।

# सैकड़ों शराब की दुकानें ऑनलाइन एलॉट

लखनऊ। आबकारी विभाग ने फुटकर दुकानदरों के लिए गुरुवार को लखनऊ के इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में आनलाइन लाटरी निकाला। दुकान का आवंटन आनलाइन होने के कारण जिसका भी नाम आ रहा था वह अपने क्रम के आधार पर कही भी देख सकता है। लाटरी निकलने के समय जिलाधिकारी विशाखा जी सहित जिलास्तरीय समिति के अधिकारी भी मौजूद थे। जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह अपर जिला अधिकारी राकेश सिंह सहित अपर नगर मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे। दुकान का आवंटन होते समय सैकड़ो की संख्या में ठेके लेने वाले मौजूद रहे। डीएम विशाखा जी ने कहा कि आवंटन में किसी को कोई परेशानी नही होना चाहिए। सभी अपने दुकान को सही से चलाने का कार्य करे।

# एक घंटे बढ़ा निबंधन कार्यालयों का समय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल द्वारा आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु यह निर्देश दिया गया है कि प्रदेश के समस्त उप-निबन्धक कार्यालय माह मार्च 2025 में शाम 6 बजे तक रजिस्ट्री का कार्य करेंगे इसके साथ ही स्लॉट बुक करने का जो समय 4 बजे तक था उसे भी एक घंटा बढ़कर शाम 5 बजे कर दिया गया है।

इसके साथ ही मार्च माह के अंतिम रविवार को भी विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारु रूप से सम्पादित किया जायेगा, ताकि उक्त अवकाश के दिन भी आम जनमानस के द्वारा विलेखों का अधिक संख्या में पंजीकरण कराया जा सके और विभाग को निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में माननीय मंत्री महोदय के निदेर्शानुसार महानिरीक्षक निबंधन श्री अमित गुप्ता द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों को आदेश जारी कर दिए हैं। रवींद्र जायसवाल ने

- मार्च में 5 बजे तक उपलब्ध होंगे रजिस्ट्री स्लॉट, कार्यालय 6 बजे तक करेंगे रजिस्ट्री का कार्य

बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के वित्तीय समापन एवं माह मार्च में होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण इस माह में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। माह मार्च में होली आदि त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही माह मार्च 2025 के अन्य अवकाश दिवस अथवा रविवार को उप निबन्धक कार्यालयों को निबन्धन कार्य हेतु खोले जाने के सम्बन्ध में स्थानीय स्तर पर निर्णय लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार आम जनता को शाम 4 बजे तक रजिस्ट्री के लिए स्लॉट उपलब्ध कराए जाते थे तथा शाम 5 बजे तक कार्यालयों द्वारा रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जाता था। नई व्यवस्था के अनुसार इस समय को 1 घंटे बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी की जनसेवा के संकल्प को सिद्ध करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को मिल रही खुद की छत

## मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनबाड़ी केन्द्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के अभिसरण से आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य निरंतर किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जा रहा है।


ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के माध्यम से अभिसरण कर वित्तीय वर्ष 2018-19 से अब तक 19 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2018-19 में 3866, वर्ष 2019-20 में 2015, वर्ष 2020-21 में 4042, वर्ष 2021-22 में 1871, वर्ष 2022-23 में 2332, तो वहीं वर्ष 2023-24 में 1981 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 9448 कार्य निमार्णाधीन प्रक्रिया में हैं।इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के खेलने आदि की व्यवस्था भी की गई है। ध्यान रखा गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केन्द्र नेशनल हाईवे के बगल में ना बने। सभी पंचायतों में आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की योजना के साथ इस पर कार्य किया जा रहा है। मनरेगा योजना के अंतर्गत जहां बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 1981 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया, वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, इस वर्ष अब तक योजनांतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों को बनाने में 12865.58 लाख की धनराशि व्यय भी की जा चुकी है। जबकि करीब 9 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्य प्रगतिशील है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निरंतर निर्माण कार्य जारी है। शासन के आदेश के अनुसार मनरेगा कंवर्जेंस से नियमानुसार निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्राम व पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों का पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जा रहा है।

# पहले अवैध उद्योग धंधे से होने वाले प्रदूषण को रोके सरकार : लोकदल

लखनऊ। अप्रैल से राजधानी में 15 साल पुरानी गाड़ियों नहीं दौड़ाये जाने को लेकर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पहले अपनी सरकारी डग्गामार रोडवेज की बसें जो लगभग 30 वर्षों से सड़कों पर दौड़ रही है, सरकारी पुरानी कारों बंद करे जो सड़कों पर कई वर्षों से चल रही है। पॉल्यूशन हाई राइज बिल्डिंग, होटल और कमर्शियल एक्टिविटी, अवैध उद्योग धंधों, ईट के भट्टे को चलाने से हो रहा है न कि पुराने वाहनों से। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि मध्यम वर्ग के लोगों को वाहन खरीदने में पूरा जीवन लग जाता है। सरकार की कुनीतियों के कारण कार की किश्तें भरते- भरते आधा जीवन निकल जाता है। ऐसे में 15 वर्ष से ऊपर हो रहे वाहनों को बंद करना ठीक नहीं है। सरकार मध्यम वर्ग के लोगों को परेशान करके नए-नए नियम और नीतियों को लाकर जनता के ऊपर टैक्स कमाने और उनपर टैक्स भरने का बोझ डाल रही है। एक तरफ मध्यम वर्ग को वाहन खरीदने के लिए पैसे नहीं है। इस महंगाई में नए वाहन को खरीदे जाने का दबाव बनाया जा रहा है जबकि अमेरिका में 50 वर्षों से भी ज्यादा पुरानी गाड़ियां आज भी चल रही हैं। गाड़ियां प्रदूषण के कारण नहीं है प्रदूषण का कारण सरकार की औद्योगिक नीति है अवैध उद्योगों को बंद किया जाना चाहिए, जिस पर सरकार का विशेष रूप से ध्यान होना चाहिए। सरकार को इस तरह के फैसले से बचना चाहिए। टैक्स की लालच में कंपनी के साथ मिलकर उनको कार डीलर और प्रॉपर्टी डीलर नहीं बनना चाहिए।

# होली पर 8 से 18 मार्च तक चलायी जायेंगी अतिरिक्त बसें

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने होली के पर्व पर अत्यधिक बसों की व्यवस्था कराने एवं प्रोत्साहन योजना के संबंध में निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि होली पर्व से कुछ दिन पूर्व एवं इसके बाद तक देश एवं प्रदेश के अन्य हिस्सों से अपने घर लोग पर्व मनाने जाते हैं। 8 मार्च से 18 मार्च, 2025 तक अतिरिक्त बसों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे कि यात्रियों को होली पर्व के दौरान यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। परिवहन मंत्री ने कहा कि गाजियाबाद/दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से लोग ज्यादा यात्रा करते हैं, जिसके दृष्टिगत इन क्षेत्रों में बसों एवं कर्मचारियों की संख्या आवश्यकतानुसार निर्धारित करते हुए पहले से ही तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो सभी पूर्वी क्षेत्र के अधिकारी होली पर्व अवधि में अतिरिक्त सेवाओं के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत निगम बसों को आनरोड किया जाए व निरन्तर चलाये जाने की व्यवस्था यथा आवश्यतानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि पर्व अवधि में अनुबंधित बसों को अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी अपने वाहनों की मरम्मत कार्य कराकर संचालन के लिए अपनी बसें उपलब्ध करायें। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि जाम/दुर्घटना के फलस्वरूप अवरूद्ध संचालन को क्षेत्रीय प्रबंधक सुचारू बनाये रखने की तैयारी कर लें और तत्काल यात्रा सुनिश्चित करायें, जिससे कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। प्रवर्तन दल निरन्तर क्षेत्र में ड्यूटी पर उपलब्ध रहें और चालकों/परिचालकों का ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट किया जाए, जिससे कि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध हो। बसों के कल-पुर्जे, खिड़कियों के शीशे इत्यादि लगे होने के साथ सीटों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण भी बसों में मौजूद हो। उन्होंने बस एवं बस स्टेशनों पर साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था रखने के विशेष निर्देश दिये, जिससे कि यात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर एवं सुखद यात्रा मिले। परिवहन मंत्री ने कहा कि पर्व अवधि में ऐसे चालक/परिचालक जिसमें संविदा तथा आउटसोर्सिंग के चालक/परिचालक शामिल होंगे, को निर्धारित औसत कि0मी0 का संचालन करने पर रू0 350 प्रति दिवस की दर से एकमुश्त 3500 रुपए विशेष प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा। इन्हें प्रोत्साहन अवधि में औसतन 300 किमी प्रतिदिन संचालन करना होगा। यदि ऐसे कार्मिक 11 दिन की सम्पूर्ण प्रोत्साहन अवधि तक कुल डयूटी करते है और निर्धारित कि0मी0 के उपरोक्त मानक को पूर्ण करते हैं तो रू0 400 प्रतिदिन की दर से 4400 रुपए प्रोत्साहन देय होगी। इसके अतिरिक्त संविदा/वाह्य स्रोत चालकों/परिचालकों को प्रोत्साहन अवधि में उपरोक्त निर्धारित मानक से अधिक कि0मी0 अर्जित करने पर अतिरिक्त कि0मी0 पर प्रति किमी. 55 पैसे का अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा।

# सरकार ने मिल्कीपुर के विकास के लिए खोला खजाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। वादों पर खरा उतरने वाली प्रदेश की योगी सरकार ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। पर्यटन व सांस्कृतिक दृष्टि से भी मिल्कीपुर को सजाया और संवारा जाने लगा है।

इसी क्रम में 106.60 लाख रुपये से विकास खण्ड अमानीगंज के राम पट्टी में स्थित गहनाग बाबा धाम का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले के सभी पौराणिक स्थलों को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। मिल्कीपुर में विधानसभा के उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं यह घोषणा की थी कि गहनाग बाबा धाम का जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। इस क्रम में कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि मिल्कीपुर में सड़कों के निर्माण व कुछ विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। वह सब निमार्णाधीन हैं। गहनाग बाबा धाम आस्था का केंद्र है। यहां लगने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए इसका पर्यटन विकास करने का प्लान बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद ही यहां सौंदर्यीकरण का कार्य करा रहा है। पौराणिक स्थलों को डेवलप करने के उद्देश्य से ही परिषद का वर्ष भर पहले गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि गहनाग बाबा धाम का निरीक्षण किया गया था। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था।

# भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और संसाधनों की भारी कमी है। गरीबों को दवा इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीज और तीमारदार इलाज के लिए भटक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर झूठे दावे करती है। मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है। प्रदेश के कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर सिर्फ कुछ आधी-अधूरी बिल्डिंग बनी पड़ी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर मेडिकल कॉलेज तक चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। सरकार के पास झूठे आश्वासन देने के सिवा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में संसाधनों, जांच, मशीनों तथा आधुनिक उपकरणों के लिए पर्याप्त बजट नहीं दे रही। पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सरकार नाकाम हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग को जो बजट मिलता है उसका भी बंदरबांट हो रहा है। पूरे विभाग में कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार का पूरा ढांचा ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार में लिप्त है। गंभीर मरीजों को जांच और इलाज के लिए लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ता था। पूरे सिस्टम से त्रस्त मरीज इलाज और जांच के लिए निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में जाने पर मजबूर है। वहां इलाज के नाम पर उनकी जेब काटी जाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ साल में स्वास्थ्य विभाग से लेकर पूरे तंत्र को बीमार बना दिया है। भाजपा की झूठ, लूट और बेईमानी से प्रदेश की जनता परेशान और त्रस्त है। भाजपा सरकार जनता की समस्या के समाधान करने, दवा, इलाज की व्यवस्था करने के बजाय विपक्षी दलों पर झूठे और अनर्गल आरोप लगाकर बदनाम करने का षड्यंत्र करती रहती है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# हिस्ट्रीशीटर के बेटे की प्रेम प्रसंग में हत्या

विशेष संवाददाता (vol)

- पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज, बेटे की प्रेमिका पर हत्या करवाने का लगाया आरोप देर शाम गांव में परिजनों ने किया मृतक का अंतिम संस्कार
- पुलिस को मौके से एक चाकू और शराब की बोतल व मृतक की बाइक मिली

लखनऊ । पीजीआई इलाके में स्थित किसान पथ के किनारे एक प्लॉटिंग में युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जें में लेकर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से एक चाकू और शराब की बोतल सहित मृतक की बाइक मिली थी। वही, परिजनों ने बेटे की प्रेमिका के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया हैं। डलौना गांव निवासी अंजनी साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अंजनी साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती बुधवार शाम करीब पांच बजे स्पेलडर बाइक से अपने दोस्त हिमांशु के साथ शिवा रावत का बर्थडे होने की बात कहकर निकला था। रात करीब आठ बजे एक अस्पताल के पास कल्ली पूरब निवासी आमिर, शिवम रावत, आशीष और शिवा सभी मिलकर शराब पी रहे थे, इस बीच उसका भाई अजय साहू वहा से गुजर रहा था पार्टी करते देख उसने सभी को डांट कर दारू पीने से मना किया और घर जाने की बात कहकर वापस चला गया, लेकिन रात दस बजे तक विनायक घर नहीं पहुँचा उसको फोन करने पर दोनों नम्बर स्वीच ऑफ बता रहे थे। इसके बाद वह उसे खोजने निकला ही था इस दौरान सूचना मिली की उसकी हत्या कर दी गयी हैं। अंजनी का आरोप है कि साथ में दारू पी रहे लोगों ने ही उसकी हत्या कर दी हैं। उन्होनें बताया कि थाना क्षेत्र के एक गाँव में रहने वाली लड़की से करीब पंद्रह दिन पहले बेटा


घटना स्थल का फोटो, इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

फोन पर बात करता था उनका चचेरा भाई उसके सामने बेटे को जान से मारने की धमकी देकर गया था, उसके पहले लड़की की मा व उसके परिवार वालों ने बेटे को मारा पीटा था। आरोप है कि शिवम रावत, आशीष, आमिर,शिवा रावत निवासी कल्ली पूरब (घाघे) ने प्रेमिका के परिवार वालों के कहने पर मार डाला है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पिता अंजनी साहू की तहरीर पर हत्या का मुकदमा शिवम,शिवा आमिर,आशीष व प्रेमिका के परिवारजन पर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रहा हैं।

मृतक का पिता हिस्ट्रीशीटर, कई महीने पहले जेल से छूट कर आया बाहर पुलिस के मुताबिक,मृतक विनायक साहू 18 वर्ष का पिता अंजनी पीजीआई से हिस्ट्रीशीटर है ।पिता का कहना था कि स्थानीय पुलिस ने उसके बेटे का शव कहा भेजा गया था उनको गुरुवार सुबह तक नहीं बताया गया था। अंजनी के परिवार में मृतक बेटा विनायक साहू ,ममता ओर एक बेटी शालू हैं ।शालू ने करीब छः महीने पहले मौत हो चुकी हैं।

**देरशाम परिजनों ने किया अंतिम संस्कार :** मृतक का पोस्टमार्टम होने के बाद गुरुवार शाम करीब सात बजे शव गांव पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था ।इसके बाद कुछ देर शव रुकने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान पुलिस टीम गांव में मौजूद रही ।

**परिजनों ने दिया था प्रदर्शन करने की चेतावनी :** मृतक के पिता अंजनी साहू का कहना था कि अगर हत्या में शामिल सभी आरोपी नहीं पकड़े जाने ओर मुकदमा नहीं दर्ज होने पर शव रखकर प्रदर्शन करने की चेतावनी देने लगे। पुलिस ने आनन फानन में शव का पंचायतन नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## पुलिस सुरक्षा कर्मी की मोटरसाइकिल चोरी , मुकदमा दर्ज

लखनऊ ।सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में एक पुलिस सुरक्षा कर्मी मेट्रो स्टेशन के नीचे बनी पार्किंग में बाइक खड़ी करके अपनी ड्यूटी पर चला गया था ।जहां से बाइक चोरी हो गई । फतेहपुर जनपद के सठिगवा सालेपुर थाना चांदपुर निवासी व लखनऊ के एक नंबर वाहिनी विशेष सुरक्षा बल में तैनात मुख्य आरक्षी घसीटे सोनकर सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मेट्रो स्टेशन के नीचे बनी पार्किंग में 1 मार्च को अपनी मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर यूपी 32 के टी 3426 को खड़ी कर दोपहर 1:30 बजे ड्यूटी पर चला गया ।रात करीब 10:00 बजे ड्यूटी कर के वापस जब लौटा तो देखा कि मेट्रो स्टेशन के नीचे बाइक खड़ी नहीं मिली ।श्री सोनकर ने इधर-उधर काफी तलाश की , मगर कोई पता नहीं चल सका, घसीटे लाल सोनकर ने सरोजिनी नगर पुलिस को तहरीर देकर मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

## गैस रिपेयरिंग दुकान खोल चल रहा था रिफिलिंग का खेल, छापेमारी में अवैध उपकरण बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जिलापूर्ति अधिकारी, लखनऊ के निर्देश पर बुधवार को कृष्णा नगर इलाके में आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने एक गैस रिपेयरिंग दुकान में छापा मारकर एक रिफलर को गिरफ्तार करने के साथ उपकरण बरामद किया है। वहीं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की नामजद शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी, लखनऊ के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सन्तोष कुमार,सुरेश कुमार सरोज,अरविन्द कुमार सिंह एवं पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार चौरसिया ने स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस टीम की मदद से थाना क्षेत्र स्थित सीपेट चौराहा स्थित शिवा बर्तन एवं गिफ्ट सेन्टर में दोपहर 2 बजे छापा मारकर एक रिफलर को बड़े घरेलू सिलेण्डर से छोटे सिलेण्डर में पाइप और रीफिलर की सहायता से गैस भरते दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने अपना परिचय अनुज कुमार पुत्र रामसागर निवासी शांति नगर कानपुर रोड लखनऊ निवासी के रूप में देते हुए बताया कि उसने अनौरा के ग्राम प्रधान से दुकान किराये पर 4 हजार रूपया महीने पर लिया है।

जहां वह बर्तन, चूल्हा बेचने, चूल्हा रिपेयरिंग तथा गैस रीफिलिंग का कार्य करता है। उसके पास से मौके पर दो घरेलू सिलेण्डर एचपी कम्पनी के एक रिफिलर, एक पाइप, एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन उपलब्ध मिली।एक अधोमानक गैस सिलेण्डर जिसमे घरेलू गैस सिलेण्डर से पाइप और रीफिलर की सहायता से गैस भरी जा रही थी।

अनुज कुमार द्वारा बताया गया कि छोटे सिलेण्डरों में गैस भरकर उसकी बिक्री कर लाभ कमाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार पूर्ति निरीक्षक आलमबाग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## ट्रैक्टर चालक ने दुकान में मारी टक्कर , एक घायल तीन बाइकें क्षतिग्रस्त , मुकदमा दर्ज

लखनऊ । बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम एक ट्रैक्टर चालक लापरवाही से चलाते हुए दुकान में टक्कर मारते हुए सीधे तीन बाईको में जा घुसा , जबकि वहां पर खड़ा एक युवक घायल हो गया ।जिसे इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया। वही पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।बिजनौर थाना क्षेत्र के कासिम खेड़ा निवासी अनमोल यादव बुधवार की शाम दुकान के पास खड़ा था ।तभी इसी दौरान तेज गति से आ रहा ट्रैक्टर यू पी 32 एम एच 0401 के चालक गौरी निवासी अंकित कनौजिया नामक शिवकुमार यादव की दुकान के सामने लगी सब्जी की दुकान में टक्कर मार दी ।यही नहीं चंद कदमों की दूरी पर खड़ी तीन मोटर साइकिलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया ।वही पास में ही खड़ा आकाश यादव भी घायल हो गया ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आईपीएस किरन यादव को बनाया गया एडीसीपी अपराध

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने एसीपी कार्यक्षेत्र में फेर बदल कर ते हुए श्रषभ यादव को एसीपी मलिहाबाद डाक्टर अमोल मुरकुट को एसीपी बीकेटी के साथ अतिरिक्त प्रभार लाइन्स, श्रषभ रूणवाल को एसीपी बीकेटी से सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज के साथ अपर पुलिस उपायुक्त साउथ व किरन यादव को सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज से अपर पुलिस उपायुक्त अपराध बनाया गया है।

## नशे का आदी युवक कर रहा हंगामा , लोगों को फर्जी मुकदमें फंसाने की धमकी

लखनऊ ।बंथरा थाना क्षेत्र में नशे धुत्त होकर रोड पर जमकर हंगामा काट रहे एक युवक को स्थानीय लोगों ने समझाने की काफी कोशिश की तो उल्टा उन्हें ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली।बंथरा थाना क्षेत्र के दादूपुर रोड निवासी अनुज सिंह की पत्नी सरिता सिंह का आरोप है कि यही के निवासी शरद दुबे अपने कई अन्य साथियों के साथ प्रतिदिन आकर घर के सामने बैठते हैं और अपने साथियों के साथ शराब पीते हैं ।

यही नहीं सरिता सिंह ने पुलिस को लिखकर शिकायती पत्र देकर बताया है कि नशे की हालत में अक्सर भद्दी भद्दी गालियां देते रहते हैं और अगर मना करो तो मारपीट पर आमादा हो जाते हैं ।3 फरवरी को रात करीब 9:00 बजे शरद दुबे रोज की तरह शराब पीकर अपने दोस्तों के साथ आया और भद्दी भद्दी गाली देना शुरू कर दिया ।इस पर अनुज सिंह व उनकी पत्नी सरिता के अलावा स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो शरद दुबे ने अपनी पत्नी को आगे कर दिया ।मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकला ।सरिता पुलिस को तहरीर देकर मारपीट सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

## मायावती पहुंची विधायक उमाशंकर सिंह के आवास

विशेष संवाददाता

- मुलाकात कर विधायक से ली स्वास्थ्य की जानकारी

लखनऊ।बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी पार्टी के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह से गुरुवार को मुलाकात की है। मायावती बलिया की रसड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक उमाशंकर सिंह से मिलने उनके घर पहुंचीं। मायावती ने बसपा विधायक का हालचाल जाना और उनके परिवार के लोगों से भी बात की।

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह काफी समय से कैंसर जैसी असाध्य बीमारी से पीड़ित थे। वहीं मायावती से मुलाकात के बाद बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर बसपा सुप्रीमो मायावती की अपने आवास पर आने की जानकारी देते हुए बताया कि देते हुए बताया कि मायावती ने आवास पर आकर स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं जल्द स्वस्थ होने का आशीर्वाद दिया।इसके लिए उन्होंने



मायावती का आभार प्रकट किया। बसपा सुप्रीमो मायावती ने लगभग एक साल से अधिक समय से अस्वस्थ चल रहे विधायक उमाशंकर सिंह के विपुल खंड आवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मायावती बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के घर लगभग एक घंटे तक रहीं। बसपा विधायक उमाशंकर सिंह बीमारी की वजह से विधानसभा की कार्यवाही में भाग नहीं ले पाए थे। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बसपा विधायक से वीडियो कॉल पर बात की थी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी। बसपा विधायक उमाशंकर सिंह पहले अपनी बीमारी का इलाज दिल्ली में करा रहे थे लेकिन यहां उन्हें राहत नहीं मिली तो वह इलाज कराने के लिए अमेरिका चले गए। अमेरिका में इलाज के चलते वह लोकसभा चुनाव में बसपा के लिए चुनाव प्रचार भी नहीं कर पाए थे।

## घर के सामने खड़ा बैटरी रिक्शा चोरी मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में घूम रहे चोरो ने बीते चार दिन पूर्व एक घर के बाहर खड़ा बैटरी रिक्शा पार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच पकरी निवासी सतीश कुमार वर्मा पुत्र स्वः श्रीराम के अनुसार बीते 1 मार्च की दोपहर करीब एक बजे से दो बजे के बीच उनका बैटरी रिक्शा नम्बर यूपी 32 के एन 2003 चोरों ने पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने खोजबीन करने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों के फुटेज खंगाल तलाश की जा रही है। ताकि चोरो को जल्द पकड़ सलाखों के पीछे डाला जा सके।

## बुजुर्ग चौकीदार को दबंगों ने मारपीट कर तोड़ा पैर

लखनऊ।पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव में एक प्रॉपर्टी डीलर के प्लॉट पर सो रहे चौकीदार को एक ही परिवार के आधा दर्जन दबंगों ने लाठी डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया, इस मारपीट में बुजुर्ग चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया, शोर मचाने पर जुटे ग्रामीणों को देखकर आरोपी मौके से भाग निकले,सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने घायल को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां उनका उपचार चल रहा है।रामकुमारी, निवासिनी-ग्राम मोहिउद्दीनपुर, पीजीआई, लखनऊ में रहती हैं।उन्होंने बताया कि पति की मत्यु के बाद करीब 30 वर्षों से वह अपने मायके मोहिउद्दीनपुर में रहती हैं। रामकुमारी ने बताया बीते मंगलवार रात को भाई नौमीलाल रावत, सूरजन की प्लाटिंग पर चौकीदारी कर रहा था।समय करीब 9.00 बजे की रात दिलीप साहू , अमित साहू, अरूण साहू व अंकित साहू, रूपचन्द्र साहू, आकाश साहू, जो सभी लोग एक ही परिवार के हैं। सभी ने मिलकर जान से मारने की नियत से नौमीलाल पर लाठी, डण्डे से हमला किया, जिससे मेरे भाई का मुह पैर व शरीर के अन्य भाग पर गम्भीर चोट आयी है।

## पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग, आधे घंटे तक जलीं गाड़ियां

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ।हजरत गंज इलाके में मल्टीलेवल पार्किंग में कूड़े से आग लग गई। आग की चपेट में आने से खड़ी कार जलकर खाक हो गई।तेज लपटें देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

मौके से पहुंची टीम ने आग पर आधे घंटे बाद काबू पा लिया।फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है।घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे की है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कूड़े में किसी ने माचिस की जलती तीली फेंक दी थी। पुलिस कार मालिक से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। सूचना के 15 मिनट के अंदर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई।जिसकी वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया।

आगे पीछे कई गाड़ियां खड़ी थी। अगर देर होती तो आग फैल सकती थी। जिसकी वजह से आसपास और नुकसान हो जाता।

## श्री साई ज्वेलर्स की दुकान में पीछे से नकब लगा कर लाखों रुपये के जेवरात और हजारों की नकदी चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** बंथरा इलाके में एक ज्वेलर्स की दुकान में पीछे से दीवार में नकब लगाकर अज्ञात बेखौफ चोरों ने लाखो रुपए की कीमत के सोने चांदी के जेवरात और हजारों रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया है। दुकान मालिक ने बंथरा थाने पर एक तहरीर देकर चोरी की सूचना अवगत की ।पुलिस तहरीर लेकर मामले की पड़ताल कर रही है ।

सरोजनी नगर के गौरी सिद्धार्थ नगर निवासी सोनू सोनी की श्री साई ज्वेलर्स के नाम से बंथरा के हरौनी बाजार में गोविंद सिंह चौहान कॉम्प्लेक्स में ज्वेलर्स की दुकान है ।आरोप है की 5 मार्च 24 की रात्रि में किसी अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के पीछे से दीवार में नकब लगाकर काउंटर पर रखे सोने चांदी के लाखो रुपए की कीमत के जेवरात और हजारों रुपए की नकदी चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है ।दुकान में लगा सी सी टी वी कैमरे से छेड खानी करके डी वी आर भी चुरा ले गए ।यही नहीं दुकान में लगा लाकर से भी छेड़छाड़ किया ,लेकिन सफल नहीं हुए ।

दुकान मालिक के अनुसार चोरी गए सामान में करवा चांदी का ,एक जोड़ी पायजेब चांदी की ,4 चांदी की अंगूठी और बच्चों के कंगन ,6 चांदी की चेन ,15 चांदी के नोट,एक चेन सोने की ,एक जोड़ी झाला ,15 किले ,पुराना सोना रिपेयरिंग का 30 ग्राम ,दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू के अलावा 65 हजार रुपए नकद सहित लाखो रुपए की कीमत के सोने चांदी के जेवरात को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है ।ज्वेलर्स दुकान मालिक ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्य वाई की मांग की ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णा नगर विकास पांडे ,थाना प्रभारी बंथरा राम सिंह एवम चौकी प्रभारी हरौनी नीरज सिंह चंदेल ने मौका मुआयना भी किया है।

### सूचना

सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल अंक सह प्रमाण पत्र वर्ष 2015 अनु. 1779350 व इंटरमीडिएट अंक सह प्रमाणपत्र वर्ष 2017 अनु. 1296875 एवं आईटीआई अंकपत्र वर्ष 2019 अनु. 00190809158495 वास्तव मे कही खो गया है। विनय कुमार पुत्र शंकर दयाल मिश्रा नि. पूरे मौजी का पुरवा मजरे सुलतानपुर-अमेठी

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री का नाम आदया त्रिपाठी (AADYA TRIPATHI) से बदलकर सानवी त्रिपाठी (SANVI TRIPATHI) रख लिया है। उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में भी उसका नाम सानवी त्रिपाठी (SANVI TRIPATHI) दर्ज किया जाए। **मनीष कुमार त्रिपाठी पुत्र सुरेश चंद्र त्रिपाठी नि.-614/84-ए, प्रीति नगर, डुडौली, सीतापुर रोड, जनपद लखनऊ।**

### सूचना

मेरे आधार कार्ड, शैक्षिक अभिलेखों सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम नौसीन फातमा NAUSEEN FATMA है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटि वश NAVSHEEN नवशीन अंकित हो गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में सही नाम NAUSEEN FATMA नौसीन फातमा अंकित किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत है। नौसीन फातमा NAUSEEN FATMA। पुत्री-मोहम्मद जौवाद खान निवासिनी-सेमरी रोड, ग्राम व पो.-कूरेभार, जनपद-सुल्तानपुर(उ.प्र.) पिन कोड-228151

## शराब-भांग दुकानों के आवंटन पर रोक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाइकोर्ट ने शराब दुकानों के आवंटन को लेकर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा- लॉटरी के माध्यम से हो रही आवंटन प्रक्रिया न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।



इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने शराब दुकानों के नए आवंटन को लेकर सरकार को बड़ा झटका दिया है। जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने आदेश दिया कि लॉटरी के जरिए किया जा रहा पुनर्वितरण कोर्ट के अंतिम फैसले पर निर्भर करेगा। सीतापुर के रामचंद्र और अन्य ने सरकार के 6 फरवरी के शासनादेश को चुनौती दी थी, जिसमें शराब दुकानों के पुनर्वितरण का तरीका बदला गया था। उनका तर्क है कि यह नियमावली के नियम 5 का उल्लंघन करता है।

कोर्ट ने राज्य सरकार को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी। स्टॉक लौटाने के निर्देशइस बीच, लखनऊ खंडपीठ के जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने पुनर्वितरण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया लेकिन सरकार को निर्देश दिया कि पुराने लाइसेंस धारकों के पास बचा स्टॉक उचित मूल्य पर वापस लिया जाए।

## मोबाइल फोन चोरी ,मुकदमा दर्ज

लखनऊ ।सरोजनी नगर के गौरी बिजनौर रोड स्कूटर्स इंडिया निवासी अनुश्री अक्षिता ने पुलिस को एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि मेरा मोबाइल फोन चोरी हो गया है ।जिसकी खोज और वापसी के लिए शिकायत कर रहा हूं ।जिसका मॉडल सैमसंग गैलेक्सी ए 21 एस रंग सफेद आई एम इ आई नंबर 352901871949500 है और दूसरा आई एम इ आई नंबर 353514911549502है । घटना नादरगंज स्थित मैरिज लान वेंकट हाल सिपेट रोड की है ।दोनो मोबाइलों को दो व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है ।जिसका मुकदमा दर्ज कर फोन प्राप्त करवाने की मांग की ।

गोसाईगंज। सुल्तानपुर हाइवे पर कोडरा गाव के पास मंगलवार की रात रॉग साइड से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से घायल हुए कारपेंटर की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गोसाईगंज के घौहररा गांव निवासी बेचालाल शर्मा (48) कारपेंटर का काम करते थे। वो मंगलवार की रात बाइक से घर वापस लौट रहे थे। तभी कोडरा गाव के पास गलत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध चलाया जायेगा सघन अभियान

वरिष्ठ संवाददात

- होली के त्योहार पर व्यवस्था सही करने के लिए डीएम ने कीबैठक

लखनऊ। होली के त्योहार पर सुरक्षा और खाद्य समाग्री सही मिले इसके लिए डीएम विशाख जी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने होली त्योहार के आयोजन के सम्बन्ध आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम/ लेसा/ जलकल/ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, अपर नगर मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने क्षेत्र का संयुक्त रूप से भ्रमणकर ले विशेष रूप से होलिका दहन स्थलों को अवश्य देख लें यदि होलिका दहन के सम्बन्ध में कहीं पर कोई समस्या है तो उसे समय रहते निस्तारित करा दें। उन्होने नगर निगम को निर्देशित किया कि वह होलिका दहन स्थलों पर सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराए। साथ ही रंगोत्सव के दिन निर्वाध जलापूर्ति भी सुनिश्चित की जाए जल संस्थान के अधिकारी पानी के टैंकर निर्धारित स्थलों पर लगाये जाने की पूरी व्यवस्था करें। उक्त के साथ ही नगर निगम द्वारा बताया गया कि होली के त्यौहार के दृष्टिगत 3 शिफ्ट में पानी की सप्लाई की जाएगी तथा जलापूर्ति संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जा रही है। बैठक में विद्युत विभाग के अभियन्ता को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि होली के मौके पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए होलिका दहन स्थलों




पर यह देख लिया जाए कि विद्युत तार पर्याप्त ऊचाई पर हो ताकि होलिका दहन से तार प्रभावित न होने पाए तथा आवश्यकतानुसार मोबाइल ट्रान्सफार्मर की भी व्यवस्था रखी जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि होली पर निकलने वाले प्रमुख जुलूसों के मार्ग पर विशेष सतर्कता बरती जाए। जुलूस के मार्ग में गड्ढे, जलभराव या ढीले विद्युत तार आदि समस्याएं नहीं होनी चाहिए। जिसके लिए सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट नगर निगम, जल कल विभाग और विद्युत विभाग से समन्वय करते हुए जुलूस रूट का संयुक्त निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए। बैठक में जिलाधिकारी ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्तक रहे और सभी आवश्यक तैयारी समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करे। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि होली के अवसर पर चिकित्सालयों में आपातकालिक चिकित्सा सुविधा तथा एम्बुलेन्स की व्यवस्था तथा सभी पीएचसी एवं सीएससी पर डाक्टरों की उपस्थित सुनिश्चित की जाये। अपर चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में 247 कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। होली के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए खोया, मिठाई सहित अन्य की जॉच सुनिश्चित किया जाये।

## मनचाही पोस्टिंग किसी को नहीं मिलेगी, कार्य करना पड़ेगा

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** बिजली अधिकारी हो या कर्मचारी उन्हे कार्य करना पड़ेगा गर्मी में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये जाएंगे कि कही कोई फाल्ट हो तो उसे समय पर सही किया जाना चाहिए। अधिकारी और कर्मचारी मनचाही जगह पोस्टिंग पाने के लिए दबाव बनायेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।



गर्मी में बिजली कटौती कम हो, इसके लिए पहले से ही तैयारी की जायेगी। सबसे ज्यादा फाल्ट कहां पर होती है, इसको भी चिन्हित कर उसको सही करने की कोशिश की जायेगी। आने वाले समय में राजस्व के घाटे को कम करने के लिए अभी जो योजना चल रही है। इसको और सख्ती से लागू किया जायेगा। ये बातें गुरुवार को मध्यांचल की एमडी रिया केजरीवाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल में गड़बड़ी हो तो समय पर समाधान किया जाना चाहिए।

उक्त के साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

# किताबों में धर्म के नाम पर शोषण का धंधा और बुद्धिजीवियों का षड्यंत्र










वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** धर्मों के ठेकेदार अपने धर्मों के बहाने स्वर्ग का लालच और नरक का भय दिखाकर कमेरे मानव समाज का धन हड़प रहे हैं और बिना परिश्रम किए सुख भोग रहे हैं ।दलित समाज को लेकर बड़ेलाल मौर्य की किताब में दर्ज ऐसे नजरिए के अलावा डा.अम्बेडकर और अन्य विद्वानों की दृष्टि पुस्तक मेले की किताबों में सामने आती है। यह मेला रवीन्द्रालय चारबाग में रोज सुबह 11 से रात नौ बजे तक नो मार्च तक चलेगा। पुस्तक प्रेमियों को किताबों पर छूट भी मिल रही है।

मेले में कल की तरह आज सुबह भी स्कूली बच्चों की धमाचौकड़ी मची रही। बहुजन साहित्य के स्टाल पर बड़ेलाल मौर्य प्रोफेसर की धर्म के नाम पर शोषण का धंधा किताब के अलावा अन्य किताबें भी हैं। यहां राजीव पटेल व संजय की लिखी बुद्धिजीवियों का षड्यंत्र, वैदिक युग का घालमेल व भ्रम का पुलिंदा, डा.राजेन्द्र प्रसाद सिंह की बौद्ध सभ्यता की खोज, सम्राट अशोक का सही इतिहास व भाषा साहित्य और इतिहास का पुनर्पाठ जैसी विचारोत्तेजक पुस्तकें हैं। स्टाल पर पं.रामेश्वर भट्टकृतया मनुस्मृतिः है तो भारत का संविधान भी। बौद्ध साहित्य तो मेले के अन्य स्टालों पर भी उपलब्ध है। साहित्यिक मंच पर आज गहमर गाजीपुर की पत्रिका साहित्य सरोज के संयोजन में अखण्ड प्रताप सिंह ने मोबाइल शार्ट फिल्म कार्यशाला में प्रतिभागियों को कम

- **रवीन्द्रालय में लखनऊ पुस्तक मेले का छठा दिन**
- **शार्ट फिल्म वर्कशाप के संग भारतवर्ष नाम पर परिचर्चा**

खर्च और सीमित संसाधनों में ढंग से मोबाइल फोन से छोटी फिल्में तैयार करने की तकनीक बतायी। इससे पहले पद्मश्री योगेश प्रवीन को समर्पित फगुआ धमाल में बीएसएनवी इंटर कॉलेज, सीएमएस इंदिरानगर व राजाजीपुरम के बच्चों ने श्लोकवाचन, हनुमान चालीसा, शिव रुद्राष्टकं संग होली गीत सुनाये। राजीव कुमार सक्सेना ने कविता पाठ किया। ओमजी मिश्रा ने इंद्रधनुष पर काव्यपाठ किया। नम्रता मिश्रा ने गीत-गजल पेश किये तो शिक्षक अरुण कुमार निषाद ने संस्कृत काव्य वाचन में बच्चों की पाठशाला के क्रियाकलाप प्रस्तुत किये। शुभम ने भरतनाट्यम व शिव स्तुति की प्रस्तुति दी। पृथ्वी इनोवेशन के द्वारा बच्चों की कबाड़ से जुगाड, चित्र कला, पेपर क्राफ्ट के जरिए बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया ।कबीर ज्ञान प्रकाशन गिरिडीह एवं नमन प्रकाशन से प्रतिष्ठा शुक्ला ने बच्चों को पुस्तकें भेंट कीं। पद्मश्री डा.विद्याविंदु सिंह की अध्यक्षता में डा.सुरभि सिंह की पुस्तक उस पार किनारा है पर श्वेता शुक्ला के वाणी वंदना प्रस्तुत करने के उपरांत चर्चा चली। अतिथियों के तौर पर उपस्थित दयानंद पांडेय व महेंद्र भीष्म के साथ पवन कुमार तिवारी, मोनिका पाठक, बलवंत सिंह और संचालन कर रही रश्मि श्रीवास्तव शफक ने विचार रखे। भारतनामा किताब पर देश का नाम भारत वर्ष पर तथ्यां और साक्ष्यों के आधार पर परिचर्चा चली। अलका प्रमोद के संचालन में इन्दु प्रकाश पाण्डेय, रवीन्द्र, रिजवाना जमाल, नवलकांत सिन्हा और डा.रवि भट्ट ने मुख्य रूप से ऋषभदेव के पुत्र का उल्लेख भारतवर्ष नाम के सम्बन्ध में किया। लेखिका डा.प्रभाकिरण जैन ने कहा कि हमारे ऊपर कई तरह के चश्मे चढ़े हुए हैं, जिन्हें उतारकर देखने की जरूरत है। अंत में आज शाम कविता लोक के समारोह में मुक्तक भारती और दोहा भारती का विमोचन हुआ। डा.योगेश की अध्यक्षता में चली कविगोष्ठी में डा.गंगाप्रसाद शर्मा, डा.वेदप्रकाश अग्निहोत्री, महेशप्रकाश, निर्भय गुप्ता और ओम नीरव आदि ने रचनाएं पढ़ीं।

# श्रद्धा से मनाया गया भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक



**लखनऊ।** गोमती नगर विशाल खंड स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के 8 वें तीर्थकर 1008 भगवान श्री चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। मन्दिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि आज ही के दिन भगवान को निर्वाण प्राप्त हुआ था। भगवान के अभिषेक एवं पूजन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जिसमें महिलाओं ने सुंदर सूंदर निर्वाण लाडू बनाकर भगवान को अर्पित किये। गोमतीनगर महिला मंडल की सदस्य श्रीमती अनीता, चंदना, अर्चना, जूली, मनीषा, सपना, मोना, रश्मि, अंजुली, अल्पना जैन आदि ने भाग लिया। मुख्य शांति धारा राकेश, डॉ संजय एवं जयकुमार जैन ने की। इस अवसर पर चंद्रप्रभु विधान धूमधाम से किया गया, मुख्य लाडू गोमती नगर जैन समाज द्वारा चढ़ाया गया ।मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक, संदीप जैन, सुकांत, राकेश, अरविंद, वी के जैन, रचित, प्रकाश चंद्र, गजेंद्र, ऋषभ, पंडित पीयूष आदि शामिल रहे। अन्त में प्रसाद वितरण डा संजय राकेश परिवार द्वारा कराया गया।

# सनातन एकता का दीप घर-घर प्रज्जवलित कर मनेगा सनातन नववर्ष

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सिल्वट होटल में 29 मार्च को भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति द्वारा भारतीय नववर्ष महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन निरालानगर स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर के प्रांगण में बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा । जिसकी तैयारी बैठक में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, महोत्सव समिति अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, सचिव एवं मुख्य संयोजक अभिषेक खरे , प्रशांत भाटिया, धनश्याम दास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विमर्श रस्तोगी, डॉ अरविन्द उपस्थित रहें। जिसमें सनातन नववर्ष सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम का पोस्टर लांच किया गया ।

महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि सनातन नववर्ष सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम में समृद्धि, खुशहाली संदेश देने वाला उत्सव है। सनातन नववर्ष ऋतु परिवर्तन बदलाव के बाद चेतना का प्रवाहित करता है ।भव्य, दिव्य, अलौकिक सनातन नव वर्ष सांस्कृतिक महोत्सव बड़ी उत्सव के साथ मनाया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय सनातन परिवार के लोग एक जूट होकर एक दीप प्रज्ज्वलन करेंगे। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक खरे ने बताया कि भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति ने सनातन नव वर्ष पर एक दीप प्रज्वलित कर सबके कल्याण की मंगलकामना का आह्वान किया जाएगा। नववर्ष की पूर्व संध्या पर निराला नगर में होगा भव्य आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम में सांस्कृतिक महोत्सव, मां गायत्री देवी यज्ञ प्रमुख रूप से आकर्षण का केंद्र होंगे आयोजन समिति द्वारा कार्य योजना बैठक संपन्न की गई । समिति अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने भारतीय नव वर्ष महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए चर्चा की। समिति द्वारा आमंत्रण पत्र के साथ घर-घर संपर्क कर आमंत्रण पत्र दिया जाएगा वैदिक, पंचांग ,चार दीपक, भगवा ध्वज ,रोली ,चंदन, धूप और मिश्री का बॉक्स देकर आमंत्रित करेंगे। आयोजन के कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, डॉ विवेक तांगरी मुख्य सेवादार लेते हुए हनुमान जी मंदिर , सुरेश अग्रवाल हुंडई शिक्षाविद डॉक्टर शिशिर श्रीवास्तव, गायत्री परिवार के समन्वयक डॉक्टर अरविंद निगम, सुनील वैश्य, नीलेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अनुराग साहू , प्रमुख रूप से शामिल हुए ।

# आजमगढ़-सिकन्दराबाद के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 05060 आजमगढ़-सिकन्दराबाद एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन आजमगढ़ से 07 मार्च, 2025 को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। 05060 आजमगढ़-सिकन्दराबाद एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी 07 मार्च को आजमगढ़ से 04.45 बजे प्रस्थान कर मऊ से 05.30 बजे, बेलथरा रोड से 06.02 बजे, सलेमपुर से 06.40 बजे, भटनी से 07.00 बजे, देवरिया सदर से 07.30 बजे, गोरखपुर से 08.50 बजे, बस्ती से 10.01 बजे, मनकापुर से 10.55 बजे, अयोध्या धाम से 11.45 बजे, अयोध्या कैंट से 12.10 बजे, लखनऊ 15.55 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 18.00 बजे, ऊरई से 19.46 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 21.50 बजे, ललितपुर से 23.33 बजे, दूसरे दिन बीना से 01.15 बजे, भोपाल से 03.15 बजे, इटारसी से 05.00 बजे, बैतूल से 06.44 बजे, नागपुर से 10.05 बजे, चन्द्रपुर से 13.05 बजे, बल्हारशाह से 14.00 बजे, सिरपुर कागजनगर से 14.54 बजे, काजीपेट से 17.22 बजे तथा काचीगुड़ा से 21.17 बजे छूटकर सिकन्दराबाद 21.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर.डी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05 तथा शयनयान श्रेणी के 10 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 05046 आजमगढ़-सिकंदराबाद एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन आजमगढ़ से 07 मार्च को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। 05046 आजमगढ़-सिकंदराबाद एकल यात्रा त्यौहार विशेष गाड़ी 07 मार्च को आजमगढ़ से 18.30 बजे प्रस्थान कर शाहगंज से 19.55 बजे, जौनपुर से 20.30 बजे, वाराणसी जं. से 21.45 बजे, काशी से 22.00 बजे, चुनार से 23.05 बजे, मिजार्पुर से 23.30 बजे, विन्ध्याचल से 23.42 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी से 00.10 बजे, शंकरगढ़ से 01.45 बजे, मानिकपुर से 03.20 बजे, सतना से 04.30 बजे, कटनी से 05.45 बजे, जबलपुर से 07.20 बजे, पिपरिया से 09.20 बजे, इटारसी से 11.10 बजे, घोड़ाडोंगरी से 12.20 बजे, बैतूल से 13.10 बजे, आमला से 13.40 बजे, नागपुर से 16.10 बजे, सेवाग्राम से 17.20 बजे, चन्द्रपुर से 18.40 बजे, बल्हारशाह से 19.50 बजे, सिरपुर कागजनगर से 20.40 बजे, बेल्लमपल्ली से 21.12 बजे, मंचिर्याल से 21.28 बजे, रामगुडंम से 21.45 बजे तथा काजीपेट से 23.15 बजे छूटकर तीसरे दिन सिकंदराबाद 02.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एसएलआरडी के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 14 तथा शयनयान श्रेणी के 04 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

# त्याग और स्वाभिमान की कहानी है मैं यशोधरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व पूर्व संध्या पर सुगत सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था की एकल नाट्य प्रस्तुति ‘मैं यशोधरा का मंचन वाल्मीकि रंगशाला, उ०प्र० संगीत नाटक अकादमी परिसर में किया गया। लेखक एके सिंह और

- **वाल्मीकि रंगशाला में हुआ नाटक का मंचन**

परिकल्पना एवं निर्देशन विपिन कुमार का रहा।

यह कहानी एक महिला के सशक्तिकरण, त्याग और स्वाभिमान की है। इस कहानी में राजा होकर भी एक पिता का पुत्री के लिए योग्य वर की चिन्ता, और अपनी पुत्री को स्वयंवर के लिए अधिकृत करना। सिद्धार्थ का स्वयंवर में प्रतियोगिता से इंकार करना, क्योंकि वह इसे महिलाओं की गरिमा और अस्मिता के विपरीत मानते थे। जब सिद्धार्थ ने शान्ति की खोज में महल और राजसी वैभव का त्याग किया, तो यशोधरा ने भी अपना जीवन राजसी वैभव में रहते हुए भी खान-पान और वेशभूषा साधारण कर लिया। और बाद में पति के पदचिन्हों पर चलते हुए मोह-माया छोड़ भिक्खुणी बन गयी।

यशोधरा एक पुत्री, एक पत्नी, एक बहू, एक माँ... स्त्री के कई रूप। राजसी वैभव में पली बढ़ी एक राजकुमारी का एक राजकुमार के संग विवाह हुआ। किन्तु अर्धान्गनी बनने के पश्चात कई कठोर निर्णयों को सहजता के साथ सम्भाला, जैसे कि विवाह के पश्चात 10 वर्षों तक संतान का न होना, पुत्र की अल्पायु में तकलीफें, जो सामान्य मनुष्य को झकझोर कर रख देती हैं, किन्तु महान विभूतियां ही इन सबको हंसते-हंसते सह जाती हैं, और समाज के लिए उदाहरण बन जाती है। कुछ ऐसी ही घटनाओं को अपने में सहेजे सच्ची जीवन संगनी का जीवन-दर्शन है यशोधरा। एक ही कलाकार से कई रंगो का रंग संयोजन करना, अपने आपमें कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण सिद्ध होता है। नाटक में अहम भूमिका अनामिका सिंह ने निभाई।

# नियंत्रित की जायेंगी ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा करनैलगंज-घाघरा घाट स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन कार्य के अन्तर्गतदओ.एच.ई. में परिवर्तन हेतु घाघरा घाट एवं जरवल रोड स्टेशनों के अप एवं डाउन लाइन पर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का नियंत्रण एवं रि-शिड्यूलिंग है।

नियंत्रण के तहत 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 07 मार्च को मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 08 मार्च को मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 09 एवं 10 मार्च को मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 05578 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा विशेष गाड़ी 09 एवं 12 मार्च को मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। रि-शिड्यूलिंग के तहत दरभंगा से 08 मार्च को चलने वाली 22551 दरभंगा-जलन्धर सिटी एक्सप्रेस दरभंगा से 02 घंटे रि- शिड्यूल कर चलाई जायेगी। पुणे से 08 मार्च को चलने वाली 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस पुणे से 01 घंटा 15 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी।

## गोरखपुर से मुंडेरवा तक ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का कार्य पूर्ण

**लखनऊ।** भारतीय रेल पर बढ़ते यात्री एवं माल यातायात को देखते हुये इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। फलस्वरूप आवश्यकता के अनुरूप ट्रेनों का संचलन किया जा सकेगा। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। लखनऊ मंडल में गोरखपुर से मुंडेरवा तक लगभग 45 किमी. ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इस कार्य के पूर्ण होने से अधिक ट्रेनों का संचालन सम्भव हुआ है, साथ ही लाइन क्षमता में वृद्धि हुई है।

# पांच ट्रेनें निरस्त, अनेक के मार्ग बदले जायेंगे, यात्रियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के दुल्लहपुर- जखनियां-सादात खण्ड पर ब्रिज संख्या-106 पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिए जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, निरस्तीकरण एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत गोरखपुर से 11 मार्च को चलने वाली 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मऊ-वाराणसी जं.-जंघई के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मऊ-शाहगंज-जौनपुर-जंघई के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी ठहराव दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., चौखण्डी, सेवापुरी, कापसेठी, परसीपुर, भदोही, मोढ़, सुरियावां, सराय कंसराय स्टेशनों पर नहीं रहेगा। सीतामढ़ी से 11 मार्च को चलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-मऊ-भटनी-औड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-बलिया-गाजीपुर सिटी-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव दाउदपुर, एकमा, चैनवा, दुरौंधा, सीवान, जीरादेई, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, लार रोड, बेलथरा रोड, मऊ जं., जखनियां स्टेशनों पर नही रहेगा।

बांद्रा टर्मिनस से 10 मार्च को चलने वाली 19091 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बनारस-औड़िहार-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बनारस-जौनपुर-शाहगंज-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10 मार्च को चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग जंघई-वाराणसी जं.-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जंघई-जौनपुर-शाहगंज-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी ठहराव सराय कंसराय, सुरियावां, मोढ़, भदोही, परसीपुर, कापसेठी, सेवापुरी, चौखण्डी, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार, सादात, जखनियां एवं दुल्लहपुर स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10 मार्च को चलने वाली 12165 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग जंघई-वाराणसी जं.-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जंघई-जौनपुर-शाहगंज-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी ठहराव भदोही एवं वाराणसी जं. स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

निरस्तीकरण भटनी से 11 मार्च को चलने वाली 65107 भटनी-वाराणसी सिटी मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 11 मार्च को चलने वाली 55138 वाराणसी सिटी-भटनी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। भटनी से 11 मार्च को चलने वाली 55137 भटनी-वाराणसी सिटी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। मऊ जं. से 11 मार्च को चलने वाली 65134 मऊ जं.-दोहरीघाट मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। दोहरीघाट से 11 मार्च को चलने वाली 65133 दोहरीघाट-मऊ जं. मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन- के तहत छपरा से 11 मार्च को चलने वाली 15111 छपरा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस मऊ जं. पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी मऊ जं.-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 11 मार्च को चलने वाली 15112 वाराणसी सिटी-छपरा एक्सप्रेस मऊ जं. से चलाई जायेगी। यह गाड़ी वाराणसी सिटी-मऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 11 मार्च को चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैंट एक्सप्रेस मऊ जं. से चलाई जायेगी। यह गाड़ी वाराणसी सिटी-मऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 11 मार्च को चलने वाली 15129 गोरखपुर कैंट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस मऊ जं. पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी मऊ जं-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. से 10 मार्च को चलने वाली 15008 लखनऊ जं.-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस गोरखपुर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 11 मार्च को चलने वाली 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ जं.-एक्सप्रेस गोरखपुर स्टेशन से चलाई जायेगी। यह गाड़ी वाराणसी सिटी-गोरखपुर के मध्य निरस्त रहेगी। मऊ जं. से 11 मार्च को चलने वाली 65131 मऊ जं.-प्रयागराज रामबाग मेमू गाड़ी औंड़िहार से चलाई जायेगी। यह गाड़ी मऊ जं.-औंड़िहार के मध्य निरस्त रहेगी।

# आनंद विहार-जोगबनी के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनल से 10 एवं 17 मार्च सोमवार को तथा जोगबनी से 12 एवं 19 मार्च बुधवार को 02 फेरों के लिये किया जायेगा।

04010 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी त्यौहार विशेष गाड़ी 10 एवं 17 मार्च सोमवार को आनन्द विहार टर्मिनल से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 01.07 बजे, मुरादाबाद से 03.20 बजे, बरेली से 05.14 बजे, शाहजहाँपुर से 06.12 बजे, सीतापुर से 07.45 बजे, गोंडा से 10.35 बजे, बस्ती से 11.37 बजे, गोरखपुर से 13.10 बजे, देवरिया सदर से 14.07 बजे, सीवान से 15.07 बजे, छपरा से 16.15 बजे, सोनपुर से 17.20 बजे, हाजीपुर से 17.40 बजे, शाहपुर पटोरी से 18.35 बजे, बरौनी से 19.55 बजे, बेगुसराय से 20.17 बजे, खगड़िया से 21.00 बजे, नवगछिया से 22.02 बजे, कटिहार से 23.55 बजे, तीसरे दिन पूर्णिया से 00.30 बजे, अररिया से 01.17 बजे तथा फारबिसगंज से 01.57 बजे छूटकर जोगबनी 03.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04009 जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी 12 एवं 19 मार्च बुधवार को जोगबनी से 09.45 बजे प्रस्थान कर फारबिसगंज से 10.15 बजे, अररिया से 11.05 बजे, पूर्णिया से 11.45 बजे, कटिहार से 12.40 बजे, नवगछिया से 14.40 बजे, खगड़िया से 15.22 बजे, बेगुसराय से 15.52 बजे, बरौनी से 16.30 बजे, शाहपुर पटोरी से 17.12 बजे, हाजीपुर से 17.55 बजे, सोनपुर से 18.07 बजे, छपरा से 20.00 बजे, सीवान से 20.40 बजे, देवरिया सदर से



21.45 बजे, गोरखपुर से 23.20 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00.28 बजे, गोंडा से 01.45 बजे, सीतापुर से 04.40 बजे, शाहजहाँपुर से 06.32 बजे, बरेली से 07.35 बजे, मुरादाबाद से 09.20 बजे तथा गाजियाबाद से 11.44 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 12.25 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 16, शयनयान श्रेणी के 04 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 04028/04027 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनल से 13 एवं 20 मार्च बृहस्पतिवार को तथा जोगबनी से 08, 15 एवं 22 मार्च शनिवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा।

04028 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी त्यौहार विशेष गाड़ी 13 एवं 20 मार्च बृहस्पतिवार को आनन्द विहार टर्मिनल से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 01.07 बजे, मुरादाबाद से 03.15 बजे, बरेली से 04.37 बजे, शाहजहाँपुर से 05.44 बजे, सीतापुर से 07.45 बजे, गोंडा से 10.35 बजे, बस्ती से 11.37 बजे, गोरखपुर से 13.10 बजे, देवरिया सदर से 14.07 बजे, सीवान से 15.07 बजे, छपरा से 16.15 बजे, सोनपुर से 17.20 बजे, हाजीपुर से 17.40 बजे, शाहपुर पटोरी से 18.35 बजे, बरौनी से 19.55 बजे, बेगुसराय से 20.17 बजे, खगड़िया से 21.00 बजे, नवगछिया से 22.02 बजे, कटिहार से 23.55 बजे, तीसरे दिन पूर्णिया से 00.30 बजे, अररिया से 01.17 बजे तथा फारबिसगंज से 01.57 बजे छूटकर जोगबनी 03.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04027 जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी 08, 15 एवं 22 मार्च शनिवार को जोगबनी से 09.45 बजे प्रस्थान कर फारबिसगंज से 10.15 बजे, अररिया से 11.05 बजे, पूर्णिया से 11.45 बजे, कटिहार से 12.40 बजे, नवगछिया से 13.40 बजे, खगड़िया से 14.47 बजे, बेगुसराय से 15.32 बजे, बरौनी से 16.10 बजे, शाहपुर पटोरी से 16.42 बजे, हाजीपुर से 17.45 बजे, सोनपुर से 17.57 बजे, छपरा से 19.30 बजे, सीवान से 20.30 बजे, देवरिया सदर से 21.35 बजे, गोरखपुर से 23.10 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00.12 बजे, गोंडा से 01.35 बजे, सीतापुर से 04.40 बजे, शाहजहाँपुर से 06.32 बजे, बरेली से 07.35 बजे, मुरादाबाद से 09.20 बजे तथा गाजियाबाद से 11.44 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 12.25 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 14, शयनयान श्रेणी के 04 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

# शराब की दुकानों का आवंटन होगा हाईकोर्ट के आदेश के अधीन

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लॉटरी के द्वारा शराब की दुकानों के आवंटन के मामले में आदेश पारित करते हुए कहा है कि उक्त माध्यम से हो रही आवंटन प्रक्रिया न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। इसके साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी।

● लॉटरी प्रक्रिया को दी गई है चुनौती

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय वा न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने सीतापुर के रामचन्द्र व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचियों ने लॉटरी के द्वारा शराब के दुकानों का नए सिरे से आवंटन करने सम्बन्धी 6 फरवरी 2025 के शासनादेश को चुनौती दी है। याचिकाओं का विरोध करते हुए, राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता एलपी मिश्रा ने दलील दी थी कि इसी विषय पर याचिकाएं इलाहाबाद हाईकोर्ट में एकल पीठ के समक्ष विचाराधीन है लिहाजा वर्तमान याचिका भी एकल पीठ द्वारा ही सुनी जानी चाहिए। हालांकि उक्त आपत्ति के सम्बन्ध में न्यायालय ने सम्बन्धित अनुभाग से रिपोर्ट मंगायी जिसके आधार पर याचिका को खंडपीठ द्वारा ही सुने जाने योग्य करार दिया। वहीं याचियों की ओर से दलील दी गई है कि लाटरी प्रक्रिया से आवंटन का शासनादेश सम्बन्धित नियमावली के नियम 5 के विरुद्ध है। कहा गया है कि हालांकि राज्य सरकार ने 3 मार्च को नियमावली में संशोधन कर दिया है परंतु 3 मार्च को किये गए संशोधन से 6 फरवरी का शासनादेश औचित्यपूर्ण नहीं माना जा सकता। उल्लेखनीय है कि बुधवार को न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने इसी विषय पर दाखिल दर्जनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए, उन्हें खारिज कर दिया था। एकल पीठ ने कहा कि शराब का व्यवसाय सांविधानिक अधिकार नहीं है।

# महिला सशक्तीकरण के महत्व पर चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आईईटी लखनऊ के आई ट्रिपल ई एफिनिटी ग्रुप के तत्वावधान में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एक वर्चुअल पैनल चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका थीम सशक्त महिला, सशक्त विश्व है। इस कार्यक्रम में लगभग 70 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें शिक्षा तथा उद्योग जगत के जाने माने विषेषज्ञ भी उपस्थित हुए।

● आईईटी लखनऊ के आई ट्रिपल ई एफिनिटी ग्रुप के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्चुअल पैनल पर की चर्चा



कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. विनीत कंसल (निदेशक, आईईटी लखनऊ), प्रो. सुबोध वैरिया (विभागाध्यक्ष, ईसीई विभाग), तथा प्रो. नीलम श्रीवास्तव (आई ट्रिपल ई वरिष्ठ सदस्य एवं शाखा परामर्शदाता, आईईटी लखनऊ) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित सम्मानित पैनलिस्टों में डॉ. विजयश्री खेतकर (सहायक प्रोफेसर, सिम्बायोसिस, पुणे), डॉ. स्मिता शर्मा (बिजनेस डेवलपमेंट एंड इंटरनेशनल कारपोरेशन, एनआईएफएलआईटी, ग्रेटर नोएडा एंड चेयर, डब्ल्यू आई ट्रिपल ई यूपी सेक्शन), डॉ. श्रीदेवी सिरा (उपाध्यक्ष, रणनीतिक भागीदारी, द स्मार्ट ब्रिज, तेलंगाना), डॉ. मीनाक्षी मेमोरिया (एसोसिएट प्रोफेसर, किंग खालिद विश्वविद्यालय, सऊदी अरब) और डॉ. मनुका खन्ना (प्रो वाइस चांसलर, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ) उपस्थिति रहीं, एवं डॉ. नीलम श्रीवास्तव (प्रोफेसर, ईसीडी, आईईटी लखनऊ) मॉडरेटर के रूप में उपस्थित हुई।पैनलिस्टों ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर चर्चा की, व्यक्तिगत अनुभवो की साझा किया और लिंग पूर्वाग्रह, नेतृत्व अंतराल और वित्तीय स्वतंत्रता जैसी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पता लगाया कि शिक्षा, मार्गदर्शन और सहायक कार्यस्थल कैसे महिलाओं के लिए अधिक समावेशी अवसर पैदा कर सकते हैं।

चर्चा में रूढ़िवादिता को तोड़ना, नीतिगत सिफारिशें और विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना जैसे विषय शामिल थे। कार्यक्रम में गतिविधियों की श्रृंखला में सम्मिलित प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों ने नेतृत्व संबंधी अंतर को पाटने, लिंग आधारित भेदभाव से निपटने और सार्थक बदलाव लाने के तरीकों पर पैनलिस्टों के साथ बातचीत की।कार्यक्रम का समापन पैनलिस्टों द्वारा महिला सशक्तिकरण में तेजी लाने, भावी नेताओं को सलाह देने और एक समतामूलक समाज को बढ़ावा देने पर प्रेरक संदेश साझा करने के साथ हुआ। आई ट्रिपल ई डब्ल्यूआईई एफिनिटी ग्रुप लखनऊ, लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह की और भी प्रभावशाली पहलों की उम्मीद करता है।

# फाग गीतों की कार्यशाला शुरू



लखनऊ। पारम्परिक फाग गीतों का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से गुरुवार को सात दिवसीय होली संगीत कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा ऑनलाइन आयोजित कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 56 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान की सचिव डा. सुधा द्विवेदी ने बताया कि यह कार्यशाला 12 मार्च तक चलेगी। गीतों का प्रशिक्षण दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्मृति त्रिपाठी द्वारा दिया जा रहा है। कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने पारंपरिक होली गीत आज सदाशिव खेले होली का अभ्यास किया।

# सीएमएस में दाखिला लेने वाली सभी बालिकाओं को एडमिशन फीस से छूट



लखनऊ। सीएमएस के संस्थापक स्व. डा. जगदीश गांधी की स्मृति एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि 8 मार्च को स्कूल में एडमिशन लेने वाली बालिकाओं से प्रवेश शुल्क से 100 फीसदी छूट दी जायेगी। इसी के साथ, सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका व शिक्षाविद् डा. भारती गांधी ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों व लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा है कि विश्व की आधी आबादी नारी शक्ति ही विश्व समाज में रचनात्मक परिवर्तन लायेगी और महिला शक्ति के पुनीत प्रयासों से निश्चित रूप से एक दिन विश्व एकता का सपना साकार होगा। यह जानकारी सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

# निजी स्कूलों की फीस में भारी उछाल

लखनऊ। नये शैक्षिक सत्र में निजी स्कूलों की फीस में अच्छी-खासी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है, जिससे स्कूली पढ़ाई और मंहगी हो जायेगी। शहर के तमाम बड़े स्कूलों ने फीस में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी की है। विदित हो कि सभी स्कूलों को अपना फीस विवरण स्कूल की वेबसाइट पर डालना होता है। शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी सेक्शन के लिए सीएमएस की एडमिशन फीस एवं वार्षिक कंपोजिट फीस सबसे कम है जबकि प्री-प्राइमरी में जीडी गोयनका स्कूल शहीद पथ एवं प्राइमरी कक्षाओं के लिए सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल गोमती नगर की वार्षिक कंपोजिट फीस सर्वाधिक है। इसी प्रकार, जूनियर सेक्शन की फीस में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल गोमती नगर अग्रणी है, जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल गोमती नगर विस्तार की वार्षिक कंपोजिट फीस सबसे कम है। दिलचस्प तथ्य यह है कि प्री-प्राइमरी स्तर पर कुछ स्कूलों के बीच फीस का अंतर लगभग तीन गुना तक है। उदाहरण के तौर पर सीएमएस एवं जीडी गोयनका स्कूल के बीच फीस का अंतर 300 प्रतिशत अर्थात तीन गुना है। एक और तथ्य यह भी है कि कुछ स्कूलों में प्री-प्राइमरी (मोंटेसरी से केजी) एवं जूनियर (कक्षा 6 से 8) की वार्षिक कंपोजिट फीस लगभग समान है। इनमें केआर मंगलम, जीडी गोयनका एवं एआर जयपुरिया जैसे प्रतिष्ठित स्कूल शामिल हैं। हालांकि अपवाद के तौर पर सीएमएस की प्री-प्राइमरी फीस जूनियर कक्षाओं से लगभग आधी है। तीसरा तथ्य यह है कि एडमिशन फीस एवं रिफंडेबल डिपॉजिट के तौर पर ली जाने वाली फीस में भी काफी अंतर है। जहां एक ओर, लामार्टिनियर ब्वायज कालेज एडमिशन फीस के तौर पर रु. 95 हजार रुपये लेता है तो वहीं केआर मंगलम स्कूल 60 हजार रुपये जबकि सीएमएस 17 हजार रुपये लेता है।

# राज्य विश्वविद्यालय में लविवि आया अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एडुरैंक 2025 रैंकिंग में भारत में 28वां स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग 876 उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच की गयी थी, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा, लखनऊ विश्वविद्यालय ने एशिया में शीर्ष 500 में स्थान प्राप्त किया है, जिसमें इसे 5830 विश्वविद्यालयों में से 462वां स्थान (शीर्ष 10 प्रतिशत में स्थान) मिला है। वहीं, वैश्विक स्तर पर 14831 विश्वविद्यालयों में से 1611वां स्थान (शीर्ष 10 फीसदी में स्थान) प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध और नवाचार में बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है और इसे देश के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों में स्थापित करती है। एडुरैंक, एक स्वतंत्र वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग प्रणाली है, जो संस्थानों का मूल्यांकन शोध कार्य, पूर्व छात्रों के प्रभाव, अकादमिक प्रतिष्ठा और शोध उद्धरणों जैसे व्यापक मापदंडों के आधार पर करता है। लखनऊ विश्वविद्यालय की निरंतर उन्नति, विशेष रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं उद्योग सहयोग के कारण, इस मान्यता को प्राप्त करने में सहायक रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय पिछले 100 वर्षों से ज्ञान और नवाचार का केंद्र रहा है। इसकी प्रतिबद्धता उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, अत्याधुनिक शोध, और सामुदायिक विकास की ओर है, जिससे इसे भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्थान मिला है। विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध शिक्षकों, विद्वानों और शोधकताओं का एक मजबूत आधार है, जो अंतःविषय (इंटरडिसिप्लिनरी) अध्ययन और नवाचार को बढ़ावा देता है।

● एडुरैंक 2025 रैंकिंग में देश में लविवि ने प्राप्त किया 28वां स्थान

शोध के क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें जीवविज्ञान में 17वां स्थान, कीटविज्ञान में 24वां स्थान और विषविज्ञान में 26वां स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि एडुरैंक द्वारा दी गई यह मान्यता हमारे संकाय, विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं की अथक मेहनत का प्रमाण है। लखनऊ विश्वविद्यालय सदैव शैक्षणिक उत्कृष्टता और ज्ञान सृजन के प्रति समर्पित रहा है। हमारा निरंतर ध्यान शोध, नवाचार और वैश्विक सहभागिता पर केंद्रित है, जिसने हमें इस उपलब्धि तक पहुंचाया है। हम आगे भी उच्चतम स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयासरत रहेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विज्ञान, समाजशास्त्र, मानविकी और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसका ध्यान उच्च-प्रभाव वाले शोध, वित्तपोषित परियोजनाओं और वैश्विक सहयोगों पर केंद्रित है, जिससे इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान प्राप्त हुआ है।प्रकाशित शोध पत्रों, पेटेंट और उद्योग भागीदारी की संख्या में निरंतर वृद्धि के साथ, विश्वविद्यालय ज्ञान और अनुसंधान के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# अनंतम में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में अनंतम (कॉमर्स फेस्ट) का आयोजन गुरुवार से शुरू हुआ। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने दीप प्रज्ज्वलित करके एवं गुब्बारों को आसमान में छोड़कर फेस्ट का उद्घाटन किया। तीन दिन चलने वाले इस फेस्ट में गणेश वंदना, पहाड़ी नृत्य, बैंड प्रस्तुति, पश्चिमी नृत्य के साथ-साथ कई एकेडमिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी, जिनमें बिजनेस क्विज, ब्रांड रोस्ट, केस स्टडी, जस्ट ए मिनट, म्यूजिकल चेयर इत्यादि शामिल थे। अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रो अर्चना सिंह ने बताया कि इस फेस्ट में विद्यार्थियों एवं बाहरी प्रतिष्ठानों के द्वारा सात स्टॉल भी लगाये गये, जिनके उत्पादों एवं खाद्य सामग्री को अत्यधिक मात्रा में पसंद किया गया।

## लविवि में 51 कर्मचारियों का प्रमोशन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को 51 कर्मचारियों का प्रमोशन हुआ। इस सम्बन्ध में कुलसचिव विद्या नंद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर दिया है। इसमें कुलसचिव कार्यालय, केंद्रीय लेखा कार्यालय, कला संकाय, टैगोर पुस्तकालय, विज्ञान संकाय कार्यालय, विधि संकाय, शिक्षा संकाय, वाणिज्य संकाय, निर्माण विभाग में तैनात वरिष्ठ सहायक को प्रधान सहायक और कनिष्ठ सहायक को वरिष्ठ सहायक पद पर प्रोन्नति दी गयी। इस पर लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश यादव ने कुलपति प्रो. आलोक राय और कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी का आभार प्रकट किया और अपने कर्मचारी साथियों को प्रोन्नति की बधाई दी।

# एबेकस प्रतियोगिता में यशी सिंह चैम्पियन




लखनऊ। सीएमएस की अयोध्या रोड कैम्पस की मेधावी छात्रा यशी सिंह ने इण्टरनेशनल एबेकस प्रतियोगिता में चैम्पियन्स ट्राफी अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2025 के अन्तर्गत आयोजित की गयी। स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी स्कूल के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि मेधावी छात्रा ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया।

# ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कन्ज्यूमर्स एसोसिएशन ने निजीकरण का विरोध किया



लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने गुरुवार को लगातार 99वें दिन बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कन्ज्यूमर्स एसोसिएशन के दिल्ली में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में निजीकरण के विरोध में संघर्षरत उप्र के बिजली कर्मचारियों का पुरजोर समर्थन किया गया। ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कन्ज्यूमर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने किया। सम्मेलन में 14 प्रान्तों के बिजली उपभोक्ताओं के संगठन सम्मिलित हुए। सम्मेलन में एक प्रस्ताव पारित कर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय को निरस्त करने की मांग की गई। सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि बिजली उपभोक्ताओं खासकर घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों के व्यापक हित में उप्र में बिजली के निजीकरण का विरोध किया जायेगा। इस हेतु प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों के साथ उपभोक्ताओं की संयुक्त रैलियां करने का कार्यक्रम बनाया जाएगा। ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कन्ज्यूमर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वप्न घोष और महामंत्री वेणुगोपाल ने कहा कि निजी क्षेत्र मुनाफे के लिए काम करता है जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली वितरण कंपनियां सेवा के लिए कार्य कर रही हैं। उप्र में बहुत महंगे बिजली क्रय करार होने के बावजूद उप्र में घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली का टैरिफ निजी क्षेत्र की दिल्ली, मुंबई, कोलकाता की कंपनियों की तुलना में कम है। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं का आह्वान किया कि वे निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों के साथ खुलकर सड़कों पर आए। बिजली के निजीकरण के विरोध में चलाए जा रहे जन जागरण कार्यक्रम के क्रम में संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा कल बाराबंकी जनपद में जन जागरण सभा की गयी और बाराबंकी के सांसद को और बाराबंकी सदर के विधायक को बिजली के निजीकरण से आम जनता को होने वाले भारी नुकसान के बारे में ज्ञापन देकर अवगत कराया गया। गुरुवार को अयोध्या में जन जागरण सभा की गयी। वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, प्रयागराज, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध सभा हुई।

# मुख्य संरक्षा अधिकारी ने किया सीतापुर-मैलानी रेलखंड का निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निर्देशित संरक्षित ट्रेन संचलन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु दो दिवसीय संरक्षा आडिट के सापेक्ष में पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा के निर्देशन में आज उनके साथ मुख्यालय/गोरखपुर से आये मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक आशीष भाटिया, मुख्य सिगनल इंजीनियर पी.के राय, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार, मुख्य इंजीनियर/सामान्य अशोक कुमार द्वारा लखनऊ मंडल के अपर मण्डल रेल प्रबन्धक परिचालन श्री विक्रम कुमार, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डॉ0 शिल्पी कनौजिया, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक/कोचिंग अरिजीत सिंह, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/द्वितीय श्री अश्विनी कुमार तिवारी एवं अन्य शाखाधिकारियों की उपस्थिति में लखनऊ मण्डल के सीतापुर जं.-मैलानी रेल खण्ड का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के आरंभ में प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने संरक्षा ऑडिट टीम के साथ सीतापुर जं.स्टेशन पहुॅचने पर



स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, रिले रूम आदि का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें रेल संरक्षा से संबंद्ध कार्यरत रेल कर्मचारियों की कार्य प्रणाली, कुशलता परीक्षण एवं वृहद स्तर पर संरक्षा काउंसिलिंग की। इसके पश्चात सीतापुर स्टेशन प्लेटफार्म पर ₹काकुल फाउण्डेशन लखनऊ₹ के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को गाड़ियों में चढ़ने, प्लेटफार्म तथा पैदल उपरिगामी पुलों पर निरन्तर चलते रहने, एक जगह एकत्रित होकर भीड़ न लगाने एवं रेल प्रशासन को सहयोग देने तथा समपार को बन्द स्थिति में पार न करने, रेलवे ट्रैक पर शौच न करने, मवेशियों को रेलवे लाइन पर छुट्टा न छोड़ने, टेज्नों के पायदान पर खड़े होकर एवं छत पर यात्रा न करने आदि के प्रति जागरूक किया गया।

इसी क्रम में ऑडिट टीम द्वारा ओयल-कादीपुरसानी हाल्ट के मध्य समपार संख्या 105 का संरक्षा निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरक्षा ऑडिट टीम ने उपलब्ध संरक्षा उपकरणों, बूम लॉकिंग, प्राइवेट नम्बर स्थानान्तरण रजिस्टर, सेफ्टी चेन, पटाखा संकेत एवं हैण्ड टॉर्च की जाँच की तथा कार्यरत गेट मैन से फाटक टूटने अथवा फेल होने की दशा में बरती जाने वाली संरक्षा सावधानी संबंधी जानकारी प्राप्त की। अगले चरण में संरक्षा टीम द्वारा कादीपुरसानी हाल्ट-खीरी टाउन हाल्ट स्टेशनों के मध्य एलएचएस संख्या 173 तथा खीरी टाउन हाल्ट-लखीमपुर स्टेशनों के मध्य कर्व संख्या 35 का माप कराकर गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के अगले चरण में लखीमपुर स्टेशन पहुचने पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने ऑडिट टीम के साथ स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, पॉइन्ट एवं क्रासिंग, फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया तथा वहॉ स्थित एस.एस.पी का मानकों के अनुरूप विद्युतकर्षण लाइन फिटिंग्स, बैटरी रूम, न्यूट्रल सेक्शन, ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन की मानक ऊंचाई व संरक्षा के सभी पहलुओं का निरीक्षण किया।इसी क्रम में ऑडिट टीम द्वारा लखीमपुर-फरधान स्टेशनों के मध्य मेजर ब्रिज संख्या 203 तथा बॉकेगंज स्टेशन यार्ड पर एल.डब्लू.आर सं0 29 एवं एसईजे संख्या 58 का संरक्षा निरीक्षण किया गया। मैलानी जं. स्टेशन पहुॅचने पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी तथा ऑडिट टीम द्वारा स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, पॉइन्ट एवं क्रासिंग, फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया गया तथा ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर एवं प्वांइट्समैन का संरक्षा संबंधी ज्ञान परखा। इस अवसर पर मण्डल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, सहायक विद्युत इंजीनियर, सहायक मण्डल इंजीनियर/समाडि एवं अन्य अधिकारीगण व संरक्षा सलाहकार तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

संक्षेप

## बंदियों के चिकित्सीय देखभाल में न हो कोई चूक

**देवरिया ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार में ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0 न्यायालय से हो चुकी है तथा वो जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्व है, के सम्बध में पूछताछ की गई।तथा उनकों विधिक जानकारियॉ दी गयी।

उन्होने कहा कि यदि किसी बंदी को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता हैं।यदि किसी बंदी को अपने मामलें में पैरवी की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर विधिक सहायता ले सकता हैं। सचिव द्वारा कारागार में निरंतर मीनू के अनुसार ही भोजन बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला बंदियों हेतु पौष्टिक भोजन, उनके साथ रह रहें बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, शिक्षण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिया।

# सांसद ने पेश की प्रोजेक्ट अमृत प्रयास की रूपरेखा

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने की, जबकि सह-अध्यक्षता सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने

● दिशा की बैठक में हुई योजनाओं की समीक्षा

की।बैठक में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में जनपद के विकास को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरूआत में सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधि किसी कार्य के लिए आएं, तो उसे गंभीरता से लिया जाए और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने और उनमें सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई।जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक हैं, जिन्हें मिलकर जनता की समस्या का समाधान करना है।सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन के बनकटा स्टेशन




पर ठहराव एवं वहां पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग रखी।ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने खेमादेई में ग्राम पंचायत भवन के निर्माण का मुद्दा उठाया।बरहज विधायक दीपक मिश्रा शाका ने घाघरा और राप्ती नदी में नाव संचालन, क्रय केंद्रों पर हो रही खरीदारी एवं करुअना-मगहरा मार्ग के निर्माण में हो रही देरी पर अपनी बात रखी। रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद ने प्राइवेट स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा उनके द्वारा की जा रही अवैध धन उगाही को बंद कराने की मांग की।

एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने धान खरीद में किसानों के लंबित भुगतान का मुद्दा उठाया, जिस पर एक सप्ताह के भीतर भुगतान के निर्देश दिए गए।उन्होंने बायो मेडिकल वेस्टेज के निस्तारण की सतत निगरानी प्रकरण भी उठाया।सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने स्टेशन रोड पर मांस-मछली की दुकानों के अनियंत्रित संचालन की समस्या उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए एक उपयुक्त स्थान चिन्हित कर लिया गया है। विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर कुशवाहा ने जर्जर सड़कों की मरम्मत का प्रकरण उठाया।रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता जताई।

बैठक में कूड़ा डंपिंग, विद्यालयों की चारदीवारी निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य, एनआरएलएम समूह गठन, वृद्धावस्था पेंशन, शौचालय निर्माण सहित अन्य विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि दिशा की बैठक का




मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से जिले के विकास की रूपरेखा तैयार करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों की समीक्षा कर योजनाओं को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा।

बैठक में नगर पालिका देवरिया अध्यक्ष अलका सिंह, नगर पालिका बरहज अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि, अवधेश सिंह, सीएमओ डॉ. राजेश झा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित अन्य अधिकारी एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुख/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के उपरांत सदर सांसद ने कहा कि समस्त देवरिया के समग्र विकास के लिए ₹प्रोजेक्ट अमृत प्रयास₹ के तहत 10 वर्षीय रणनीति तैयार की गई है।यह कार्य एक या दो वर्षों में पूरा होना संभव नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक प्रयास की आवश्यकता होगी।प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप ही इस रणनीति को तैयार किया गया है और बैठक में इसका विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

प्रेजेंटेशन का संचालन अंतरा द्वारा किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों को विकास योजनाओं की रूपरेखा से अवगत कराया गया। इसके उपरांत कृषि कंपनी के फाउंडर श्याम सुंदर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कृषि क्षेत्र में संभावनाओं एवं नवाचारों पर प्रकाश डाला, जिससे किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

## 356 आबकारी दुकानों के आवंटन के लिए प्रथम चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न



**देवरिया ।** शासन द्वारा नामित प्रेक्षक श्री अनिल गर्ग (प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन) की उपस्थिति में आज राजकीय आईटीआई मल्टीपरपज हॉल, देवरिया में 356 आबकारी दुकानों के आवंटन हेतु प्रथम चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।इस दौरान जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण कर निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपादन सुनिश्चित कराया।जिलाधिकारी ने कहा कि आबकारी दुकानों के आवंटन की यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी रखी गई है।इसमें आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया गया है।ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आबकारी दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है।इस ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से दुकानों के आवंटन की संपूर्ण जानकारी ँ३३स्र२://ीङ्ग१.ल्लू.ल्ल/ी'ङ्ग३३ी१८2025/ लिंक पर उपलब्ध कराई गई है, जहां से इच्छुक व्यक्ति विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते ह जिला आबकारी अधिकारी अनिल भारती ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए कुल 356 दुकानों हेतु 3287 आवेदकों ने 8010 आवेदन किया था।इन दुकानों में 152 कंपोजिट शॉप,189 दुकानें देशी शराब की, 5 मॉडल शॉप व 10 भांग की दुकानें शामिल है इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार राय सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 16 वादों का हुआ निस्तारण

**देवरिया ।** जनपद यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेंद्र सिंह की मार्गदर्शन में आज लघु आपराधिक वादों के अन्तर्गत लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, तथा ग्राम न्यायालय में किया गया। उक्त लोक अदालत में विभिन्न फौजदारी न्यायालयों के पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 16 वादों का निस्तारण किया गयउक्त जानकारी मनोज कुमार तिवारी, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गयी।

## स्काउट का मूलमंत्र ही समाज सेवा : डॉ. अमित कुमार

**भटनी(देवरिया) ।** राजा देवी महिला पी जी कालेज सल्लहपुर भटनी मे चल रहे पंच दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस बी एड के अन्तिम वर्ष के प्रशिक्षक नफील अख्तर आजाद व शिवकुमार यादव द्वारा प्रातः झण्डारोहण के साथ किया शुभारंभ ।इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने रोवर्स/रेंजर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा ही स्काऊट का मूलमंत्र है ।इसके छात्रों मे अनुशासन व विनम्रता का विकसित होता है ।आजीवन मानव कल्याण का कार्य निःस्वार्थ भाव से करता है ।स्काउट /गाइड मे तीन अंगुलियां शपथ के दौरान शरीर के तीन भागो को प्रतिनिधित्व करती है ।ईश्वर व देश के प्रति कर्तव्य दुसरो के प्रति कर्त्तव्य और स्वयं के प्रति कर्तव्य का बखूबी निर्वहन करता है ।कालेज के प्राचार्य डाँ अमित कुमार राय ने कहा कि स्काऊट गाइड पूरी तरह से दुसरे प्रति समर्पित रहता है ।प्रत्येक दिन कोई न कोई परोपकार का कार्य अवश्य करता है साथ ही अच्छा नागरिक बनाने मे भी अहम भूमिका निभाता है ।प्रशिक्षण के दौरान छात्राधिपकाओ को प्राथमिक चिकित्सा गाँठबाधना टेन्ट लगाना गैजेट्स बनाना झोपडी मचान व पुल बनाने आत्मरक्षाके उपायो व आपदा प्रबन्धन की जानकारी दी ।

## स्वयंसविकाओ ने जल संरक्षण के लिए किया ग्रामीणों को जागरूक

**भटनी(देवरिया) ।** राजा देवी महिला पी जी काजेल बनकटा शिव सल्लहपुर मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजन के दुसरे दिन शीविर स्थल ग्राम डुमरी मे कार्यक्रम अधिकारी डाँ वशिष्ठ कुशवाहा ने माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।जहां स्वयंसविकाओ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए ग्रामीणो को जागरुक किया और जल के महत्व पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमे स्वयंसविकाओ ने बढ चढ कर भाग लिया ।इसमे सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डाँ वशिष्ठ कुशवाहा ने कहा कि जल ही जीवन है ।जल के अभाव मे कोई भी जीवित प्राणी पेड पौधों जीव जन्तु का जीवन सम्भव नही है ।इसलिए जल संरक्षण पर ध्यान देने कीजरुरत है ।डाँ भुवनेश्वर मिश्र ने कहा कि जल सभी के लिए आवश्यक है ।जल का हो रहे दुरुपयोग को रोकना अनिवार्य है ।जल संरक्षण से ही आने वाले पीढियो को जल उपलब्ध हो सकेगा ।कार्यक्रम के दौरान डाँ संदीप कुशवाहा ब्यूटी रोशनी नेहा पायल निखिल सौरभ सहित सभी स्वयंसविकाएं उपस्थित रहे ।

## कुशीनगर एयरपोर्ट पहुंचे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, हुआ भव्य स्वागत



**कुशीनगर।** इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चार्टर्ड प्लेन से पहुंचे। वे बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे में आयोजित पांच दिवसीय श्री हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार में शामिल होंगे।एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिंदू अब जाग रहा है और देश की दिशा और दशा दोनों बदल रही है।उन्होंने बुद्ध की धरती को नमन करते हुए कहा कि यहां का कण-कण पवित्र है।कथा के आयोजन के उद्देश्य पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बिहार वासियों में सनातन धर्म का प्रचार हो, हिंदू मजबूत हो और एकजुट रहे। महाराष्ट्र विधानसभा में सपा विधायक द्वारा औरंगजेब की प्रशंसा पर उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल, राकेश जायसवाल, सुमित त्रिपाठी, राज पाठक, अवनीश मिश्र,विनोद गिरी ने उनका भव्य परंपरागत स्वागत किया। दिल्ली से सुबह 11 बजे चलकर आए चार्टर्ड विमान से उतरने के बाद वे कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सीओ कसया कुंदन सिंह, थानाध्यक्ष कसया ओमप्रकाश तिवारी, प्राणेश कुमार राय, सीएसओ राजीव श्रीवास्तव, सुपरवाइजर रोशन दुबे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है डिजिटल साक्षरता: शिल्पी

**देवरिया।** सिस्को द्वारा समर्थित जागृति के दो दिवसीय बेसिक डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का समापन बृहस्पतिवार को हुआ। गौरीबाजार ब्लॉक के इंदूपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में 30 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को ट्रेनर दिव्या पांडेय व संज्ञा यादव ने महिलाओं को डिजिटल डिवाइसेस की पहचान करने, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, व्हाट्सएप, ईमेल और गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन कम्युनिकेशन के बारे में जानकारी दी।

दूसरे दिन पहले दिन की दी गई जानकारियों की पुनरावृत्ति कराई गई और फिर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन और यूट्यूब की जानकारी देकर उनसे अकाउंट बनवाए गए।इसके अलावा, फोन फोटोग्राफी और ईमेल के जरिए फोटो भेजने का अभ्यास भी कराया गया। डिजिटल पेमेंट और साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र में महिलाओं को गूगल-पे और यूपीआई के सुरक्षित लेन-देन की जानकारी दी गई।

# सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित

**कुशीनगर।** पाक माह रमजान में गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करते हुए क्षेत्र के दुर्गवलिया के घेरा चौराहे पर बुधवार की देर शाम युवा रक्तवीर टीम कुशीनगर द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के मुस्लिम रोजदारों के साथ हिन्दू भाइयों ने एक साथ बैठ कर रोजा इफ्तार किया। आपसी भाईचारा एवं प्रेम मोहब्बत के साथ रोजा खोलते हुए देश में अमन चैन की दुआएं की।रोजेदारों ने अजान के बाद खजूर खाकर एवं पानी पीकर रोजा खोला, रोजेदारों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा व मेल मोहब्बत बढ़ती है।



ग्राम प्रधान बैजनाथपुर उग्रसेन यादव ने कहा कि सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी देश के गंगा-जमुनी तहजीब की एक जिन्दा तस्वीर है।एक समय में एक साथ एक दस्तरख्वान पर जिस प्रकार विभिन्न जाति-धर्म के लोग बैठकर इफ्तार करते हैं वह अनुकरणीय है। ग्राम प्रधान कोहड़ा राजेश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल सवाब (पुण्य) हासिल होता है बल्कि आपसी भाईचारा भी बढ़ता है।पत्रकार अब्दुल मजीद ने कहा कि सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी को दीन व दुनिया दोनों लेहाज से सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे एक तरफ जहां आपसी सौहार्द को बल मिलता है ।वहीं नबी की सुन्नत भी अदा होती है ।उन्होंने लोगों को एकजुटता का पैगाम देते हुए त्योहारों पर अमन व शांति कायम रखने पर बल दिया। प्रधानाध्यापक रामायन यादव ने कहा कि रोजेदारों को खुदा की इबादत करने वालों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।खुदा के बन्दे इस तपन में भी पूरे हौसले के साथ इबादत करने में जुटे हुए हैं।भूखे-प्यासे रहकर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक रमजान के रोजे रख रहे हैं।कहा कि मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा व सबसे लंबा चलने वाला त्यौहार पाक माह रमजान ही हैं। आयोजन समिति के फिरोज अंसारी ने सभी आँगनतुको का आभार जताया। इस दौरान मुदस्सीर, शेख अब्दुल समद, असरार आलम, ईशा अंसारी, शहीद,अजहरुद्दीन, हबिबुल्लाह, जमालुद्दीन, रामजीत गुप्ता, प्रदुम्मन, अखिलेश, नूरहसन, अशफाक आलम आदि मौजूद रहें।

## बंदर के बच्चे को पुलिस ने पहुँचाया अस्पताल

**लहरपुर/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवीनगर लखीमपुर मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायलावस्था में सड़क पर पड़े बंदर के बच्चे को पुलिस ने पहुँचाया अस्पताल।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवीनगर लखीमपुर मुख्य पर एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार करते समय एक बंदर के बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग गया।

बन्दर का बच्चा घायलावस्था में सड़क पर पड़ा हुआ था और घायल बंदर के बच्चे के पास काफी संख्या बंदर भी मौके पर जमा थे, तभी रास्ते से गुजर रहे कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार राय, कांस्टेबल अशोक कुमार, निखिल कुमार ने बंदर के बच्चे को घायल अवस्था में पड़े देखकर बंदर के बच्चे को वहां से उठाकर स्थानीय विकास खंड में बने पशु चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर आशुतोष तिवारी पशुधन प्रसार अधिकारी, डॉ प्रशांत गौतम के द्वारा घायल बंदर का इलाज किया गया।,

# जनपद में इंस्पायर अवार्ड के लिए 72 बच्चे चयनित

**कुशीनगर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड मानक में जनपद के 72 बच्चों का चयन हुआ है।जनपद में 72 बच्चों के चयन होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रसन्नता जतायी है।इस योजना के तहत चयनित बच्चों को भारत सरकार द्वारा दस हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया जाता है।

प्रदेश मुख्यालय से जारी हुई सूची के अनुसार कुशीनगर जनपद से 72 बच्चों का इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत चयन हुआ है।जिसमें जनपद के विभिन्न माध्यमिक और बेसिक विद्यालय शामिल हैं। यह योजना विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु बच्चों को आच्छादित करती है।जिसमें चयन होने पर उन बच्चों के खाते में सीधे भारत सरकार द्वारा 10 हजार रुपए की धनराशि भेजी जाती है। जिसका सदुपयोग बच्चे मॉडल बनाने के कार्य में करते हैं।यदि वह मॉडल सेलेक्ट हो जाता है तो इन बच्चों को नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का अवसर मिलता है। यदि वह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट या मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होता है तो उस पर व्यय होने वाले समस्त खर्च भारत सरकार करती है। जिससे नए शोध करने में मदद मिलती है।जनपद के 72 बच्चों के चयन होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राम जियावन मौर्य ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इंस्पायर अवार्ड के कुशीनगर के नोडल अफसर हनुमान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों द्वारा इंस्पायर अवार्ड हेतु आवेदन करवाया जाता है। जिसका चयन निफ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है।उन्होंने बताया कि जनपद कुशीनगर में बहुत संभावनाएं हैं। अभी मात्र 10 से 15 प्रतिशत विद्यालय ही इस योजना में प्रतिभागिता सुनिश्चित किए हैं।

## प्रमुख सचिव ने किया खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान सपहां का निरीक्षण



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी ग्रामोद्योग एवं हथकरघा विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने गुरुवार को खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान सपहां, फाजिलनगर का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने संस्था को खादी के क्षेत्र में कार्य करने में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली।साथ ही संस्था के भविष्य में रोजगार सृजन के क्षेत्र में किए जा सकने वाले संभावित कार्यों पर भी गंभीरता और गहनता से चर्चा की।प्रमुख सचिव ने कामगारों से संवाद कर उनके कार्यों और कठिनाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने संस्था के कच्चे माल की खरीद से लेकर उत्पादन और विपणन तक के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किए गए रोजगार सृजन के कार्यों की सराहना करते हुए उपस्थित सभी लोगों का मनोबल भी बढ़ाया।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तमकुही राज, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला एवं तहसील प्रशासन कसया के अधिकारी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ए.के. पाल, बिहार से अवकाश प्राप्त न्यायाधीश सत्येन्द्र पांडेय,खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान सपहां के मंत्री पंकज कुमार पाण्डेय, दीनानाथ गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, राम गुलाम प्रसाद, सोमारी प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, रामनयन पांडेय, विजय पांडेय, नरेन्द्र पांडेय, जयप्रकाश पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गन्ना गोष्ठी में दी गई जानकारी

**कुशीनगर।** गन्ना विकास समिति कसया परिक्षेत्र के ग्राम अनिरुद्धवा में आयोजित बसन्त कालीन गन्ना गोष्ठी में किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती के गुर बताए गए।आयोजित गोष्ठी में उत्तरप्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ने की सर्वाधिक उपज देने वाली प्रजाति को. 0118, तथा को. 15023 की जानकारी देते हुए दो आंख की गेड़ी काटने, हेक्सटॉप के घोल में उपचारित करने, ट्राईकोडर्मा का प्रयोग, गन्ने की बुवाई 120 सेंटीमीटर पर करने की जानकारी दी।कहा कि आने वाले समय में गन्ने की कटाई, छिलाई मशीन से होगी।गन्ने के साथ सहफसली खेती से गन्ने का उपज बढ़ेगा।हानिकारक कीट पीहिका अंकुर बेधक नियंत्रण होगा।भिंडी, मूंग, उर्द, लोबिया भी बोए।ढाढा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करण सिंह के हवाले से बताया कि मिल परिक्षेत्र में सभी किसानों की गन्ने की बुवाई केन प्लांटर से कराया जा रहा है।निराई गुड़ाई, पेड़ी प्रबन्धन मशीन पावर टीलर से कराया जा रहा है। सिंगल बड से तैयार गन्ने के पौधा की रोपाई मशीन से कराया जा रहा है।वरिष्ठ गन्ना अधिकारी दीपक तिवारी ने बताया की बीज गन्ना कृषकों के खेतों पर आरक्षण कराया गया है, छोटे ट्रैक्टर पर 25 हजार रुपए अनुदान दिया जा रहा है।सेवरही गन्ना शोध से कसया क्षेत्र के लिए 10 हजार एक आंख का टुकड़ा आवंटन हुआ है।कसया गन्ना समिति के संचालक सदस्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से नौ दिवसीय यात्रा से वापस लौटे रामबेलाश गुप्ता ने बताया कि पूर्वांचल में जागरूकता का अभाव है, पशुपालन का कमी है।अजय श्रीवास्तव द्वारा को. 0118, एवम को. 15023 के बारे मे बताया।

# आम की फसल को कीट रोगों से बचाने के लिए समुचित प्रबंधन आवश्यक

**देवरिया ।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में आम के गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिए सम-सामयिक कीट एवं रोग प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बौर निकलने से लेकर फल लगने तक की अवस्था बेहद संवेदनशील होती है। वर्तमान में आम की फसल को मुख्य रूप से भुनगा एवं मिज कीट तथा खर्रा रोग से नुकसान होने की संभावना रहती है भुनगा कीट कोमल पत्तियों एवं छोटे फलों का रस चूसकर उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे प्रभावित भाग सूखकर गिर जाता है। इसके अलावा, यह कीट मधु के समान पदार्थ का स्राव करता है, जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूँद जम जाती है और प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया प्रभावित होती है। इसी प्रकार, आम के बौर में लगने वाला मिज कीट मंजरियों, नवजात फलों और कोमल कोपलों में अंडे देता है, जिससे उसकी सूँडी अंदर ही अंदर फसल को नुकसान पहुंचाती है। प्रभावित भाग काला पड़कर सूख जाता है। इन कीटों के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.1% एस.एल. (2 मिली/लीटर पानी) या क्लोरपाइरीफास 1.5% (2 मिली/लीटर पानी) के घोल का छिड़काव करने की सलाह दी गई है खर्रा रोग के प्रकोप से ग्रसित फल एवं डंठलों पर सफेद चूर्ण के समान फफूँद दिखाई देती है, जिससे प्रभावित भाग पीला पड़ जाता है और मंजरियां सूखने लगती हैं। इस रोग से बचाव हेतु ट्राइडोमार्फ (1.02 मिली/लीटर पानी) या डायनोकेप (1.0 मिली/लीटर पानी) का छिड़काव किया जा सकता है। बागवानों को सलाह दी गई है कि जब बौर पूरी तरह खिल जाए, तो उस अवस्था में रासायनिक दवाओं का छिड़काव कम से कम किया जाए, ताकि पर-परागण की प्रक्रिया प्रभावित न हो जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि कीटनाशकों के उपयोग में सावधानी बरतना आवश्यक है।इन्हें बच्चों और पशुओं की पहुंच से दूर रखा जाना चाहिए। छिड़काव के समय दस्ताने, मास्क और चश्मा पहनकर सुरक्षा उपाय अपनाने चाहिए, ताकि कीटनाशक त्वचा या आंखों में न जाए। इसके अलावा, कीटनाशक का छिड़काव शाम के समय या जब हवा का वेग कम हो, तब करना चाहिए। हवा की दिशा का ध्यान रखते हुए छिड़काव करें ताकि विषैले कण शरीर के संपर्क में न आएं।प्रयोग किए गए खाली पाउच या डिब्बों को उचित रूप से नष्ट कर मिट्टी में दबा देना चाहिए।

# क्षतिग्रस्त सड़कों का कार्य समय से कराया जाये: पी गुरुप्रसाद

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमुख सचिव, राजस्व, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन जनपद के नोडल अधिकारी पी गुरूप्रसाद की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। नोडल अधिकारी ने14 फरवरी को आयोजित बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की। नोडल अधिकारी पी गुरूप्रसाद ने एनआईसी में नवीनीकृत वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष

● एनआईसी में नवीनीकृत वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का फीता काटकर किया उद्घाटन

का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिये कि आयुष्मान भारत योजना के संबंध में प्राप्त शिकायतों की गहनतापूर्वक जांच करायी जाये। समस्त भुगतान समय से सुनिश्चित कराये जायें। 100 दिवसीय विशेष अभियान के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप क्षय रोगियों को चिन्हित कर उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश भी नोडल अधिकारी ने दिये।उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों में समस्त प्रकार की दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि छूटे हुये मजरों स्थलों के विद्युतीकरण के संबंध में भेजी गयी डीपीआर की गहनतापूर्वक जांच करायी जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि संबंधित स्थलध्मजरे का कोई भी आवास छूटने न पाये। डीपीआर की जनपद स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से भी जांच कराये जाने के




निर्देश भी नोडल अधिकारी ने दिये। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप बैंक क्रेडिट लिंकेज कराया जाये।सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण कराते हुये लक्ष्य के अनुरूप सामूहिक विवाह समय से कराये जाने के भी निर्देश दिये।नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त प्रकार की पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत देय राशि का समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाये। निमार्णाधीन वृहद गौआश्रय स्थलों का समय से निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। जल जीवन मिशन से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त सड़कों का रिस्टोरेशन कार्य समय से कराया जाये।

संक्षेप

## कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े, पुलिस से शिकायत

**पाटन, उन्नाव।** ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्राम बहादुर खेड़ा निवासी बलबीर ने थाना बिहार में शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के ही उदय भान सिंह उर्फ बच्चन सिंह एवं वीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा जबरन ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा किया जा रहा था। शिकायतकर्ता बलबीर का कहना है कि वह गांव की भूमि पर मचान बनाकर रह रहा था, लेकिन विरोधियों ने वहां जबरन कब्जा करने की कोशिश की।

जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई और विवाद बढ़ गया।

घटना के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनके सामने भी दबंगई दिखाई। बलबीर का आरोप है कि उक्त लोग आए दिन गांव में लड़ाई-झगड़ा और फौजदारी कराते रहते हैं।

# पुष्पवर्षाकर प्रशासन ने किया परिक्रमार्थियों का स्वागत

**सीतापुर।** सनातन संस्कृति की अखंड आस्था और अनवरत श्रद्धा का प्रतीक चैरासी कोसी परिक्रमा भक्ति, उल्लास और दिव्यता के संग षष्ठम पड़ाव देवगंवा पहुंची। जैसे ही परिक्रमा देवगंवा की पावन धरा पर पहुंची, श्रद्धालुओं और प्रशासन ने पुष्पवर्षा कर, जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया। पूरा क्षेत्र राम नाम के उद्घोष, शंखनाद और घंटे-घड़ियालों की मंगल ध्वनि से भक्तिरस में डूब गया।

- पूरा क्षेत्र राम नाम के उद्घोष, शंखनाद और घंटे-घड़ियालों की मंगल ध्वनि से भक्तिरस में डूब गया

परिक्रमा के देवगंवा पहुंचने पर श्रद्धालु और प्रशासनिक अधिकारी परिक्रमार्थियों की अगवानी के लिए आतुर दिखे। मिश्रिख उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने परिक्रमार्थियों पर पुष्पवर्षा कर, माल्यार्पण किया और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। इस भव्य पड़ाव पर परिक्रमा समिति के अध्यक्ष महंत नारायणदास, सचिव महंत संतोष दास, व्यास पीठाधीश अनिल शास्त्री, महंत रंजीत शास्त्री, मंत्री महंत प्रीतमदास, विमल बजरंगी समेत अन्य संत-महंतों का प्रशासन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। परिक्रमा मेला का घोड़ा और डंका जैसे ही देवगंवा की सीमा में गूंजा, क्षेत्र के जनमानस में आस्था और श्रद्धा की लहर दौड़ गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास के साथ जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए परिक्रमार्थियों का स्वागत किया। परिक्रमा के इस दिव्य पड़ाव पर गाजे-बाजे, शंखनाद और संकीर्तन मंडलियों के स्वर संपूर्ण वातावरण में गूंज उठे। संत-महंतों और परिक्रमार्थियों ने राम नाम संकीर्तन का ऐसा दिव्य प्रवाह प्रवाहित किया कि हर भक्त आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति के आनंद में डूब गया। हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और प्रभु श्रीराम के गुणगान ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। हर संत-महंत प्रभु भक्ति में मग्न हो मुस्कुरा रहे थे, मानो



प्रभु श्रीराम की कृपा दृष्टि सब पर बरस रही हो। श्रद्धालुओं ने ध्वज पताकाएं फहराते हुए, गाजे-बाजे के साथ भजन-कीर्तन करते हुए परिक्रमा मार्ग पर प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। परिक्रमा मार्ग पर प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चैबंद दिखीं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, चिकित्सा, यातायात और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई थी। मिश्रिख उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने यात्रा मार्ग की सुरक्षा और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे परिक्रमा सुगमता से आगे बढ़ सके। श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल, प्रसाद वितरण और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी ताकि वह बिना किसी कठिनाई के अपनी यात्रा पूरी कर सकें। चैरासी कोसी परिक्रमा का यह पड़ाव इतना दिव्य और भव्य था कि श्रद्धालुओं का उत्साह और उमंग अपने चरम पर दिखा। परिक्रमार्थियों में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी सम्मिलित थे, जो प्रभु श्रीराम की भक्ति में रमे हुए थे। हर कोई परिक्रमा में शामिल होकर स्वयं को धन्य मान रहा था। श्रद्धालु रामधुन गाते हुए, भजन कीर्तन करते हुए, जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह जलपान, प्रसाद वितरण और विश्राम की व्यवस्था भी की गई थी। सेवाभावी संगठनों और भक्तों ने तन-मन-धन से सेवा कर पुण्य अर्जित किया। सनातन धर्म की यह अखिल पवित्र परंपरा अनवरत अपने अगले पड़ाव मडरूवा की ओर अग्रसर हो रही है। राम नाम का उद्घोष, हरिनाम संकीर्तन की धुनें, गाजे-बाजे और भजन-कीर्तन के साथ यह पावन यात्रा पुण्य लाभ अर्जित करने के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रही है।

## आचार्य ने विधिविधान से देवी मूर्तियों की स्थापना कराई



**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र के गांव शकुराबाद में कपिलेश्वर धाम आचार्यों द्वारा मां अन्नपूर्णा और दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना बडे हर्षोल्लास के साथ कराई गई। जिसमें गांव और क्षेत्र के आये सैकडों लोगो ने माता की शोभा यात्रा निकाल कर क्षेत्र के कई गांवों के प्रसिद्ध मंदिरों मे पहुंच कर आचार्यों के द्वारा देव मूर्तियों की पूजा रोचना किया। क्षेत्र के अंतर्गत शकुराबाद गांव में कपिलेश्वर धाम मे माता अन्नपूर्णा व दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना पंडित देवकीनंदन मिश्रा के द्वारा बैदिक विधान से बडे हर्षोल्लास के साथ कराई गई माता रानी की शोभा यात्रा सर्वप्रथम शीतलामाता मंदिर व कुजगावां मे कुचेश्वरी माता मंदिर नगर पंचायत ऊगू स्थित कामाख्या मंदिर मे पहुंच कर आचार्यो द्वारा देव मूर्तियों की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद तकिया निगोही मे निगोहेश्रर धाम व पंडा खेडा स्थिति माता मंशा रानी मंदिर मे शोभा यात्रा पहुंच कर पूजा अर्चना कर अपने स्थान पर स्थापित हो गई। इस मौके गांव व क्षेत्र के सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## ई लाटरी के माध्यम से शराब की दुकानों का आवंटन किया

**उन्नाव।** जिले की देशी शराब की कुल 349 दुकानों पर कुल 6822 आवेदन कंपोजिट शॉप की कुल 142 दुकानों कुल 2217 आवेदन, मॉडल शॉप की कुल सात दुकानों में 180 आवेदन तथा भांग की कुल 20 दुकानों पर 44 आवेदन मिले। कुल 518 दुकानों के सापेक्ष 9263 अर्ह आवेदन पत्रो के सापेक्ष निराला प्रेक्षगृह के सभागार में नामित नोडल अधिकारी, प्रमुख सचिव, उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण, रेशम, उत्तर प्रदेश शासन, बी0 एल0 मीणा, समिति के अध्यक्ष, जिलाधिकारी गौरांग राठी, सदस्य पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व नामित पदेन अधिकारी व जिला आबकारी अधिकारी, उन्नाव की उपस्थिति में ई-लाटरी सम्पन्न करायी गयी। निराला प्रेक्षागृह में ई-लॉटरी प्रक्रिया, देशी शराब दुकानो, मॉडल शॉप, कम्पोजिट शॉप तथा भांग दुकानों के लिए सभागार में उपस्थित आवेदको से बिड संख्या प्राप्त करने के पश्चात्ई-लॉटरी का परिणाम जिला स्तरीय समिति के समक्ष घोषित किया गया। ई-लॉटरी के घोषित परिणाम को समिति के हस्ताक्षरोपरान्त सभागार में सूचना पट्ट पर चस्पा कराते हुए उपरोक्त परिणाम को जनपद की एन०आई०सी० की वेबसाइट पर अपलोड कराया गया। जनपद में आबकारी दुकानों पर प्राप्त कुल 9263 आवेदनो से रू0 436525000/- का राजस्व प्राप्त हुआ। इस प्रकार जनपद में आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन प्रथम चरण की ई-लॉटरी में ही शतप्रतिशत करा लिया गया है।

# पुलिस ने चर्चित तानी हत्याकांड का किया खुलासा



**सीतापुर।** थाना रामपुर मथुरा में चर्चित तानी हत्याकांड का आज पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पिता ने ही की थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि थाना रामपुर मथुरा और एसओजी पुलिस टीम ने घटना का अनावरण करते हुए संकलित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी

- किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पिता ने ही की थी हत्या
- आरोपी पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मृतका के पिता मोहित मिश्रा पुत्र बच्चू उर्फ रविंद्र मिश्रा निवासी कस्बा और थाना रामपुर मथुरा, सीतापुर को दुबघट्टा पुल कस्बा रामपुर मथुरा के पास से गिरफ्तार किया। बीते 25 फरवरी को थाना रामपुर मथुरा पर बालिका तानी के घर से लापता होने के संबंध में पिता मोहित द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके अगले ही दिन 26 फरवरी को लापता बालिका का पैर सरसों के खेत में मिला, जिसके बाद पुलिस ने टीमों का गठन कर बालिका के शेष शरीर की तलाश शुरू की। बाद में अन्य अवशेष धड़ भी मिले और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। गहन पूछताछ और जांच के बाद पुलिस ने मृतक बालिका के पिता मोहित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मोहित ने बताया कि उसके पड़ोसी रामू से उनकी दोस्ती थी, लेकिन कुछ दिन पहले हुई कहासुनी के बाद उन्होंने अपने घर से रामू के घर आना-जाना बंद कर दिया। इसके बावजूद उसकी पुत्री तानी मना करने के बाद भी रामू के घर बच्चों के साथ खेलने जाती रही। 25 फरवरी की शाम जब मोहित अपने घर से मोटरसाइकिल पर निकला तो तानी पड़ोसी के घर की तरफ आ रही थी। मोहित ने उसे गुस्से में मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और गांव के बाहर जीलानी के सरसो के खेत के पास जाकर उसका गला दबा दिया। इसके बाद, तानी की लाश को वहीं छिपा दिया।

घर लौटकर मोहित ने परिवार के साथ तानी को ढूंढा और रात को थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। अगले दिन जब तानी का पैर मिला, तो मोहित घटनास्थल पर गया था और शव की पहचान होने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की तलाशी के दौरान तानी का कमर के ऊपर का शरीर भी मिल गया। शव के साथ जांघ की हड्डी और धड़ का निचला हिस्सा भी क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया, जिसे जानवरों ने खा लिया था। मोहित डर के कारण अपने घर से गायब हो गया और अपनी मोबाइल भी घर छोड़कर चला गया। जब पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी, तो वह घर लौट आया, लेकिन किसी से नजर नहीं मिलाता था। जब परिवार वाले उससे तानी के बारे में पूछते थे, तो वह डर जाता था और बहाने से इधर-उधर चला जाता था। पुलिस के शक के बाद उसकी तलाश तेज की गई और उसने अपराध कबूल किया।

# अग्नि प्रभावित दो दर्जन परिवारों को पूर्व सांसद ने मदद प्रदान की



**बांगरमऊ, उन्नाव।** तहसील के गांव खैरुद्दीन पुर में लगी भीषण आग से प्रभावित दो दर्जन से अधिक परिवारों की मदद करने के लिए पूर्व सांसद व सपा राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी दयनीय स्थिति को जाना और व्यक्तिगत रूप पीड़ित परिवारों को जिंदगी नए सिरे से शुरू करने में मदद करते हुए अनाज, कपड़े, तिरपाल, बर्तन आदि सामग्री भेंट की। जिससे प्रभावित परिवार को कष्ट से उबरने में मदद मिल सके। अन्नू टंडन ने अग्निकांड प्रभावित परिवारों से मिलकर सांत्वना देते हुए कहा कि जिन परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया, उनके कष्ट को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह संकट की घड़ी अत्यंत कठिन है, लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि आप अकेले नहीं हैं। आप सभी का धैर्य और साहस इस विपत्ति को हराने की ताकत देगा।

हम सब मिलकर इस कठिनाई से उबरेंगे और मैं आपके साथ हमेशा खड़ी रहूंगी। प्रभावित परिवारों में नत्था निषाद, हिमांचल निषाद, पुष्पा निषाद, नन्ही निषाद, ब्रह्मदीन निषाद, सागर निषाद, सोहन निषाद, रामबिहारी निषाद, अशोक निषाद आदि परिवारों ने अन्नू टंडन द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी गई मदद के लिए अपने कष्ट बताते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आग से सब कुछ तहस नहस हो गया। न खाने को अन्न बचा न पहनने को कपड़े और न छत बची लेकिन अन्नू टंडन ने गांव पहुंचकर जो तुरंत सहयोग दिया उससे इन कष्टों से उबरने में सहयोग मिल गया। जबकि सरकारी सहायता, जो कुछ किलो गेहूं के रूप में मिली वो नकाफी थी जिससे ग्रामीणों का रोष भी दिखा। पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने अग्निकांड में घायल गुड्डी की हरसंभव इलाज में मदद की बात कही। अन्नू टंडन ने ग्रामीणों से उनको आवास उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी से भी बात करके आवास दिलाने में मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा नेता विवेक शुक्ल, राधेलाल निषाद, श्रवण यादव, विजय द्विवेदी एड, आनंद कुशवाहा, सौरभ गुप्ता, राम औतार निषाद, सुरेश निषाद, रामविलास निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय बैठक में तीन करोड़ के विकास कार्य के लिए 125 प्रस्ताव दिए



**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** ब्लॉक सभागार में बी डी सी की बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई। जिसमें तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों हेतु 125 प्रस्ताव दिए गए। बैठक में बी डी सी सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में कराये जाने कार्यों के प्रस्ताव दिए। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी आपस में सामंजस्य बनाकर विकास कार्यों में एकजुट होकर सहयोग करें जिससे क्षेत्र में विकास को गति मिले। बी डी ओ श्वेता त्रिपाठी ने विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों द्वारा विकास कार्यों हेतु करीब तीन करोड़ रुपये के 125 प्रस्ताव दिए गए है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ए डी ओ समाज कल्याण ब्रह्मवेद पाण्डेय ने समाज कल्याण की योजनाओं की जानकारी दी। सी एच सी की संजू झां ने संचारी रोग के सम्बंध में जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों में कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी स्वेता त्रिपाठी सहायक विकास अधिकारी पंचायत हेमंत कुमार अवधेश लोधी, रणधीर सिंह, सोनू शुक्ला, जितेन्द्र राजपूत मनोज कुमार, सैता प्रधान, पवन पाल बैठक में काफी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम सचिव तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## आयोजन विद्यालय के वातावरण को सकारात्मक और ऊर्जा से भर देताः राजेश शुक्ला

**महोली/सीतापुर।** वीवएनव एजुकेशनल इंस्टीट्यूट विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व पिसावां प्रमुख मिथिलेश यादव ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति, नाटक, गीत, सरस्वती वंदना व लाला लाजपत राय पर लाठी चार्ज आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान नगर के सम्मानित एवं प्रतिष्ठ जनों को भाजपा अध्यक्ष जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, प्रमुख पिसावां मिथिलेश यादव व विद्यालय के प्रबंधक नैमिष रतन तिवारी ने स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय का वार्षिक उत्सव न केवल मनोरंजन का अवसर होता है बल्कि यह विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी प्रदान करता है। यह आयोजन विद्यालय के वातावरण को सकारात्मक और ऊर्जा से भर देता है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है वहीं प्रमुख पिसावां मिथिलेश यादव ने विद्यालय में वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर रामू रस्तोगी, पीयूष मिश्रा, भाजपा नेता मनोज मिश्रा, अवधेश वर्मा, अशोक दीक्षित, आदित्य दीक्षित, जीवेश रतन तिवारी, पंकज पांडेय, तरुण शुक्ला, शैलेंद्र मिश्रा सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न

**लहरपुर/सीतापुर।** स्थानीय विकासखंड प्रांगण में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख एडवोकेट उमाशंकर वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया, इस मौके पर खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुनील वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा को सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यों का प्रस्ताव मांगा जिन्हें कार्य योजना में शामिल किया जा सके। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# पत्नी ने कराई थी पति की हत्या



**सीतापुर।** थाना मानपुर में हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है, जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक लाख रुपये सुपारी देकर अपने पति की हत्या कराई थी। थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा संकलित साक्ष्यों के आधार पर संलिप्त अभियुक्तों में बादशाह आलम, पुत्र मो. अमीन, निवासी ग्राम नसीरपुर देवकलिया, थाना मानपुर, जनपद सीतापुरय मोहित वर्मा, पुत्र शिवसागर वर्मा, निवासी ग्राम नसीरपुर देवकलिया, थाना मानपुर, जनपद सीतापुर और नेहा वर्मा, पत्नी स्व. संजय वर्मा, निवासी ग्राम नसीरपुर देवकलिया, थाना मानपुर, जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मृतक संजय वर्मा की पत्नी नेहा के संबंध गांव के बादशाह आलम के साथ काफी समय से थे, जिसका पति संजय वर्मा विरोध करता था। पत्नी नेहा व प्रेमी बादशाह आलम ने अपने साथी मोहित वर्मा और रवि को एक लाख रुपये का लालच देकर संजय वर्मा की हत्या करवा दी। घटना को अंजाम 26 फरवरी को दिया गया। जब मृतक के गले को चाकू से काटकर उसकी हत्या कर दी गई और शव को शारदा नहर में बिसवां के पास पुरैनी पुल के निकट फेंक दिया। ताकि गांव में किसी को इस घटना का शक न हो। इसके बाद, मृतक की पत्नी नेहा वर्मा ने 27 फरवरी को थाना मानपुर में अपने पति के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जब 03 मार्च को जनपद बाराबंकी के थाना बड्डूपुर क्षेत्र में शारदा नहर से मृतक का शव मिला, तो मृतक के भाई सोनेलाल ने शव की शिनाख्त अपने भाई के रूप में की, और शव के गले पर गंभीर चोट के निशान थे। विवेचना के दौरान यह प्रकाश में आया कि मृतक की पत्नी नेहा वर्मा के द्वारा अपने प्रेमी साथी बादशाह आलम के साथ मिलकर गाँव के मोहित व उसके साथी रवी को एक लाख रुपये का लालच देकर संजय वर्मा की हत्या कराई गयी। अभियुक्तों की निशानदेही पर एक अदद चाकू आलाकत्ल व. मोटरसाईकिल टीवीएस राईडर नं0 यूपी 71 बीई 8340 बरामद हुआ है।

## गाजे - बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गयी



**असोहा, उन्नाव।** गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा, हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई, देर शाम तक भंडारा चलता रहा। क्षेत्र के चौपाई गांव में सर्वदेव मूर्ति स्थापना की कलश यात्रा आज गांव से गाजे बाजे के साथ साई नदी स्थिति भवरेश्वर बाबा मंदिर गई, जहाँ मूर्तियों को वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा विधिवत पूजन किया गया। कलश यात्रा के उपरांत भोले नाथ, नन्दी, गडेश, माँ दुर्गा आदि की मूर्तियां गांव स्थित आनंदेश्वर मंदिर लाई गई , जहां अयोध्या से आये व्यास आनन्द पांडेय एवम वेद पाठी आचार्यो ने मूर्तियों की भव्य श्रंगार के साथ विधिवत स्थापना की। हवन पूजन के उपरांत कन्याभोज से भंडारे की शुरूवात की गई, जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान आनंदेश्वर मंदिर में दर्शन, पूजन करने वालो में होड़ लगी रही। भंडारे में पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व प्रमुख बीतेंद्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजेश शुक्ल, ताराशंकर, रामराज सिंह, पुनीत सिंह, उमेश साहू, प्रवीण शुक्ल, छोटू सिंह, आकाश विश्वकर्मा सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियो ने प्रसाद ग्रहण किया।

## हमारा आंगन हमारे बच्चेह्यह्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**महोली/सीतापुर।** बीवआरवसीवपर ह्यहमारा आंगन हमारे बच्चेह्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार पांडेय द्वारा किया गया। संतोष निषाद के द्वारा नई शिक्षा नीति, स्कूल रेडनेस प्रोग्राम पर प्रकाश डाला गया।

अतन शुक्ला ।त्च्द्वारा म्ब्ब्म्, आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार पांडेय के द्वारा बालवाटिका के बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा पर बल दिया गया। उत्कृट कार्य करने वाले 10-10 शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, 60 निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री देवेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती दीपा श्रीवास्तव, श्रीमती सावित्री यादव, ंतच अनिल मिश्रा, ंतच अनुपम प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या के मामले में बंद कैदी की मौत,

सीतापुर। जिला कारागार में दहेज हत्या के मामले में बंद एक विचाराधीन कैदी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। आज दोपहर बाद अचानक तबियत बिगड़ने पर कारागार प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कारागार प्रशासन का कहना है कि उसे सांस की बीमारी थी, जिसके चलते वह कई बार भर्ती भी हो चुका था। हालांकि परिजन की तरफ से अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है।

कारागार प्रशासन ने मामले की जानकारी परिजनों को दे दी है। बताते चले कि महोली कोतवाली क्षेत्र के निवासी 47 वर्षीय व्यक्ति नकुल की जेल में तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मृतक विचाराधीन कैदी नकुल दहेज हत्या के मामले में महोली पुलिस ने वर्ष 2018 में आरोप के आधार पर जेल भेजा था।

जेलर अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि जेल में रहने के दौरान सांस का मरीज होने के चलते उसकी तबीयत कई बार बिगड़ चुकी थी। जेलर ने बताया कि आज फिर उसकी तबीयत बिगड़ी तो जेल वार्डन ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने मौत की वजह जानने और परिजनों के आने तक शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। कैदी की मौत की वजह तो अब पोस्टमार्टम के बाद ही साफ हो सकेगी लेकिन कैदी की मौत से एक बार फिर जेल प्रशासन सवालों के घेरे में आ गया है।

# हर व्यापारी की सेवा ही हमारी कार्यकारिणी का मूल मंत्रः विभू पुरी

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (पंजी) के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा एवं जिला प्रभारी उमेश शुक्ला व जिला संरक्षक भरत त्रिपाठी के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल सीतापुर की टीम जिलाध्यक्ष विभूति पुरी (विभू) ने जिला महामंत्री गोविन्द सहाय गुप्ता, वागीश बाजपेई की सहमति से घोषित की। जिसमें 9 जिला उपाध्यक्ष, 9 जिला मंत्री व 14 जिला कार्यसमिति सदस्य हैं। श्री पुरी ने ये बताया कि हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हमारी कार्यकारिणी में है। जिससे हमारे संगठन को बल मिलेगा और जनपद के हर कोने पर हम व्यापारियों के हक के लिए एक बुलंद आवाज बनकर उभरेंगे। श्री पुरी ने अमन गुप्ता को युवा विंग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्होंने जिला मीडिया प्रभारी रोहित मिश्रा को बनाया हैं और सह मीडिया प्रभारी अमित तिवारी को बनाया गया है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह चैहान को बनाया गया है और आईटी सेल का जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बब्लू को बनाया गया है। साथ ही जिलाध्यक्ष की सहमति से नगर अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने नगर कार्य समिति की घोषणा कर दी है। जिला व नगर कार्यसमिति इस प्रकार हैं। जिला उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल सीतापुर, नीरज वर्मा झल्लर सीतापुर, अजीज गौरी जी तंबौर, अनूप रस्तोगी हरगांव, विवेक अग्रवाल सीतापुर, आलोक गुप्ता बिसवां, सचिन मिश्रा सीतापुर, अखिलेंद्र यादव लहरपुर, अजय भार्गव मिश्रिख बनाए गए हैं। जिला मंत्री के रूप में अभिषेक जिंदल सीतापुर, धीरेन्द्र शुक्ला (मोनू) सीतापुर, धर्मेन्द्र निगम (लाला बुलेट) सिधौली, तरुण शुक्ला महोली, सद्दाम गोरी नेवादा लहरपुर, पुनीत भसीन सीतापुर, अभिषेक अग्रवाल बिसवां, आशीष गुप्ता सीतापुर, चन्दन गुप्ता सीतापुर कार्य करेंगे। वहीं जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में रमेश वोजवानी सीतापुर, अंकित श्रीवास्तव सीतापुर, वकील किंग लहरपुर, डॉक्टर अख्तर लहरपुर, पुनीत सिंह खैराबाद, राकेश जायसवाल सीतापुर, राजीव गुप्ता (राधे) सीतापुर, डॉक्टर सुशील जायसवाल चांदपुर महमूदाबाद, दिव्यांक मिश्रा सीतापुर, हरिओम अटरिया, भानू सीतापुर, संजीव सीतापुर, अभय सक्सेना नैमिष और कुलदीप शुक्ला, कमलापुर कार्य करेंगे। वहीं नगर कमेटी सीतापुर इस प्रकार है। नगर उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सौरभ वैश्य, वरुण खन्ना, जीतू कोहली, तरुण कोहली, रवि मिश्रा, सोनू अग्रवाल, राजू सूरी, विनीत अग्रवाल, संजय शुक्ला, अरशद अली वहीं नगर मंत्री राकेश जायसवाल, शुभम साहू, मो. जमा अंसारी, हाफिज शरीफ, मो. शाहिद, कुशल आनंद, शुभम गुप्ता, अमित कोर, कर्यसमिति सदस्य के रूप में मोनू गुप्ता, मयंक शुक्ला, राहुल अवस्थी, विष्णू रस्तोगी, मोहित दीक्षित, संतोष वैश्य, वैभव हिंदू, नंदकिशोर शुक्ला, विजय वैश्य, दीपक रस्तोगी (दीपू) कार्य करेंगे।

## ई लाटरी प्रक्रिया के तहत 27 करोड़ आबकारी राजस्व की वसूली हुई

**सीतापुर।** जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 हेतु जनपद सीतापुर की आबकारी दुकानों की प्रथम चरण की ई-लाटरी 6 मार्च को सम्पन्न हुई। जनपद सीतापुर की देशी मदिरा की 418 दुकानें, कम्पोजिट दुकान की 173 दुकानें, माडलशाप की 02 दुकानें तथा भांग की 15 दुकानें ऑनलाइन ई-लाटरी के माध्यम से व्यवस्थित की गयी। आज की ई-लाटरी में 2321 व्यक्तियों द्वारा 5854 आवेदन ऑनलाइन प्रेषित किये गये। जनपद के सभी आवेदन पत्र वैध पाये गये। 6 मार्च को प्रातः 10.00 बजे आबकारी एवं एन०आई०सी० के अधिकारियों द्वारा देशी मदिरा, कम्पोजिट दुकान, माडलशाप व भांग की दुकानों का व्यवस्थापन ऑनलाइन ई-लाटरी के माध्यम से कराया गया। ई-लाटरी की प्रक्रिया भूमिजा आडीटोरियम हाल, खैराबाद, सीतापुर में सम्पन्न हुई तथा इसमें लगभग समस्त आवेदक उपस्थित रहे। ई-लाटरी प्रक्रिया के द्वारा लगभग 27 करोड़ आबकारी राजस्व की प्राप्ति हुई तथा अनुज्ञापियों को अगले 03 दिवसों में बेसिक लाइसेन्स फीस लाइसेन्स फीस जमा करने के निर्देश दिये गये।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह की कथा का भक्तों ने रसपान किया

**सफीपुर, उन्नाव।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण - रुक्मिणी विवाह का भक्तों को रसपान कराया। क्षेत्र के ओसिया गांव स्थित अमरा देवी मंदिर परिसर में आयोजित हो रही सार्वजनिक सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन वोटरा डकौली गांव निवासी कथा व्यास जनार्दन शुक्ला ने भक्तों को श्रीकृष्ण - रुक्मिणी विवाह की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी का हरण करके उनसे विवाह किया था। रुक्मिणी को श्रीकृष्ण से अपार प्रेम था। उन्होंने उन्हें मन ही मन अपना पति स्वीकार कर लिया था। जबकि उनका बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। वह रुक्मिणी का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से तय कर चुका था। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका लाकर विधिपूर्वक विवाह किया। आयोजक ध्रुव शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजक मंडल के राजेश, शिव गणेश, सुनीत तिवारी, मोहन, प्रांशू तिवारी, आशीष, गणेश, लवकुश कुशवाहा, अंकित कुशवाहा, लल्ला कुशवाहा, पिंटू कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# खुदकुशी करते होनहार

'अब मैं क्विट कर रहा हूं' इन पांच-छह शब्दों के सुसाइड नोट के साथ आईआईटी कानपुर के छात्र अंकित यादव ने मौत को गले लगा लिया। अंकित ने जिंदगी के उस मुकाम पर यह कृत्य किया जब सफलता की तमाम सीढ़ियां पार कर ली थी। सैकड़ों किताबें पढ़कर आईआईटी में पहुंचे होंगे, उन्हें कोई आर्थिक दिक्कत भी नहीं थी, संस्थान से 37000 की फेलोशिप मिल रही थी। यह भी कि यह पहला मामला नहीं है बल्कि एक भयानक सिलसिला है। यह भी कि इस मामले में आईआईटी कानपुर अकेला संस्थान नहीं है बल्कि सभी आईआईटी की और आईआईटी की कोचिंग के लिए प्रसिद्ध कोटा शहर की यही दास्तान है। जैसे कुछ दिन पहले इटारसी मध्य प्रदेश की छात्रा अंशु मलैया ने आईआईटी रूड़की के परिसर में आत्महत्या कर ली, यह एक साल के अंदर तीसरा मामला है। बीते 25 फरवरी को आईआईटी पटना में आन्ध्र प्रदेश के छात्र ने छत से कूदकर जीवन को खत्म कर लिया। हालिया मामला आईआईटी धनबाद का है जहां बी टेक तीसरे वर्ष के छात्र तन्मय ने आत्महत्या कर ली। तन्मय मानसिक रूप से




बीमार रहता था, यह कारण प्रकाश में आया। आईआईटी में घर करते इस अवसाद के पीछे क्या कारण हो सकते हैं, इसकी पूरी जानकारी हमें यूं ही नहीं हो सकती है और वह भी आईआईटी जैसे संस्थान के बारे में सतही अनुमान लगाना शायद ठीक नहीं होगा। लेकिन अगर हम संकेत ग्रहण करना चाहें तो एनआईटी हमीरपुर के डुअल डिग्री के छात्र की आत्म हात्या के कारणों से लगा सकते हैं। यहां के छात्र ने खुदकुशी इसलिए की क्योंकि उसे शायद उसकी इच्छा के मुताबिक प्लेसमेंट नहीं मिला था। आईआईटी के प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर इतना वितंडा खड़ा कर दिया गया है कि अभिभावक भी अपनी उम्मीदों का बोझ अपने बच्चों पर डाल देते हैं और जब इस भारी बोझ के साथ छात्र आईआईटी परिसर में जाते हैं, तो पहले ही दिन से पढ़ाई, प्लेसमेंट और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के टॉक्सिक माहौल में सत्रह-अट्ठारह साल के मासूम दबने लगते हैं। यह बुराइयां अब टियर टू, टियर थ्री के कालेजों तक पहुंचने लगी हैं। आश्चर्य है कि यह सब उन संस्थानों में हो रहा है जहां से निकलने वाले एल्युमनी गूगल, माइक्रोसाफ्ट, एडॉब, आईबीएम जैसे टेक जाइंट लीड कर रहे हैं। देश में यूनिकॉर्न आकार हासिल करने वाले ज्यादातर स्टार्टअप इसी आईआईटी से निकले छात्रों ने बनाये। सिलिकॉन वैली तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले संस्थानों में जब होनहार मौत को गले लगाते हैं, वह भी अवसाद में आकर, अच्छी प्लेसमेंट न मिलने पर तो इन संस्थानों पर एक साथ हजार सवाल उठते हैं। इसलिए आईआईटी और इसमें प्रवेश की कोचिंग देने वाले संस्थानों पर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की जिम्मेदारी तय की जाये। आत्महत्या की घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हित किया जाये। लेकिन अभिभावकों को भी अपनी उम्मीदें लादने की छूट न हो। बच्चों के भविष्य के लिए पारिवारिक कलह से भी बचें। पारिवारिक कलह का बच्चों पर क्या असर हो सकता है इसे हम तथाकथित आईआईटी बाबा से समझ सकते हैं। महाकुंभ के दौरान आईआईटी बाबा की कहानी का रहस्य, हमारे समाज को पाप की गठरी बना देता है, जहां भविष्य का हुनर रेंगने लगता है। कोई पढ़-लिख कर साधु समाज में पनाह मांगने को विवश हो रहा है, यह पूरे समाज के लिए गंभीरता से सोचने-समझने का विषय है। युवा मन के भीतर किसी कातिल विचार की घुसपैठ का अंदाजा लगाना मुश्किल है, लेकिन यह गहन चिंता और चिंतन का विषय है कि शिक्षा और करियर के विषयों की उलझन में प्रतिभाएं अपनी जिंदगी को अलविदा कहने को मजबूर हो रहे हैं। क्यों शिक्षा के प्रांगण में राहत की तलाश में भटक कर नशे के समुद्र में डूब रहे हैं छात्र। हमीरपुर एनआईटी परिसर में ही दो वर्ष पूर्व एक छात्र नशे की ओवरडोज में मौत तक जा पहुंचा था। प्रतिस्पर्धा की अति और आधुनिक सदी में ऐसी विकरालता दरअसल अब विद्रूपता बन गयी है। समाज को, अभिभावकों को और शिक्षा संस्थानों को भी इसकी अति से बचना चाहिए। कम्पटीशन रचनात्मक होने चाहिए। इससे समाज का निर्माण होता है। विषैली प्रतिस्पर्धा देश के भविष्य को चौपट कर रही है।

---

विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

# तिरंगे के अपमान पर करें सख्त कार्रवाई



विजय कपूर

> भारत सरकार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री तक को सख्त लहजे में यह संदेश पहुंचाना ही होगा कि हम अपने किसी महत्वपूर्ण नागरिक और हमारे स्वाभिमान का जीता जागता रूप तिरंगे का हम किसी भी कीमत पर अपमान नहीं होने देंगे। अगर भारत सरकार 2023 की तरह इस बार भी विरोध जताने की खानापूर्ति भर करके रह गई, तो आने वाले दिनों में भारत विरोधी ताकतें और ज्यादा मनबढ़ हो जाएंगी।

इन दिनों छह दिन की ब्रिटेन यात्रा में गये विदेश मंत्री एस जयशंकर गुजरे 5 मार्च 2025 को जब लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' विषय पर संवाद सत्र में भाग लेकर वापस जा रहे थे, तभी एक खालिस्तानी आंदोलनकारी न सिर्फ उन पर बढ़कर हमले की कोशिश की बल्कि विदेश मंत्री के सामने ही हमारे राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया और देश के विरुद्ध अपमानजनक नारे लगाये। हालांकि ब्रिटिश पुलिस ने इस शख्स को तुरंत दबोच लिया लेकिन वह चाहती तो ऐसी नौबत ही न आने देती। हिंदुस्तान में हम किसी ब्रिटिश नागरिक के आसपास तो दूर ब्रिटिश हाई कमीशन से भी आंदोलनकारियों को 50 गज दूर रखते हैं। नई दिल्ली स्थित किसी भी विदेशी दूतावास या हाई कमीशन के बाहर जब भी कोई विरोध प्रदर्शन होता है तो पुलिस किसी तरह का जोखिम उठाते हुए प्रदर्शनकारियों को कम से कम 50 गज दूर रखती है। कोई गफलत पैदा न हो इसलिए 50 गज दूर एक रस्सी बांध दी जाती है। लेकिन विदेशों में चाहे ब्रिटेन हो या कनाडा, लोकतंत्र और मानवाधिकारों के नाम पर ये भारत विरोधी ताकतों को सर पर चढ़ाकर रखते हैं।

लंदन में वायरल हुए वीडियो से पता चलता है कि भारत विरोधी प्रदर्शनकारी विदेश मंत्री के 4-5 मीटर तक पहुंच गया था, यह खतरनाक हो सकता था। हालांकि पूरे समय वहां ब्रितानी पुलिस मौजूद थी, लेकिन इसी वजह से तो यह और खतरनाक है। आमतौर पर वीआईपी प्रोटोकॉल के चलते सिर्फ किसी वीआईपी की जान की सुरक्षा का ही प्रोटोकॉल नहीं होता बल्कि उसके निकट किसी अपमानजनक स्थितियां या असहज करने वाला माहौल न पैदा हो, इसका भी ध्यान रखा जाता है। लेकिन इस सन्दर्भ में वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि प्रदर्शनकारी विदेश मंत्री के नजदीक पहुंचकर न केवल तिरंगे को फाड़ा बल्कि भारत के खिलाफ अपमानजनक नारे भी लगाए, जिसे साफ सुना जा सकता है। भारत सरकार को यह सब हल्के में नहीं लेना चाहिए, भले ब्रितानी प्रधानमंत्री ही क्यों न, इस सबके लिए माफी मांग लें। क्योंकि वह एक औपचारिक माफी होगी, जबकि भारत के विरोधी तो पूरी दुनिया के सामने हमारा विरोध करने



की अपनी कुटिल रणनीति में सफल ही हो गये। सवाल है ब्रिटेन हो या कनाडा, नीदरलैंड हो या अमेरिका, जर्मनी हो या फ्रांस। आखिर पश्चिमी देशों में भारत विरोधियों को मानवाधिकारों और लोकतंत्र के नाम पर इस तरह सिर क्यों चढ़ाया जाता है? यह कोई सहजता में घट जाने वाली घटना नहीं है, इसके पीछे दूरगामी राजनीतिक और कूटनीतिक वजहें हैं। ब्रिटेन में भारतीय प्रवासियों का एक बड़ा समुदाय है, जिसमें बड़ी तादाद में पंजाबी सिख हैं। ये समुदाय राजनीति में सक्रिय हैं और कुछ थोड़े से तत्व इनमें खालिस्तानी विचारधारा का समर्थन करते हैं। लेबर पार्टी सिख वोट हासिल करने के लिए खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतती है, इसलिए ब्रिटेन में न सिर्फ कई सांसद खालिस्तानी समर्थकों से जुड़े होते हैं बल्कि उनके दबाव में जब, तब ये भारत विरोधी बयान भी देते रहते हैं।

## खालिस्तानियों की करतूत

पश्चिमी देश खुद की सम्प्रभुता को तो इतना महत्वपूर्ण मानते हैं कि उसके आसपास भी किसी तरह के विचार को फटकने नहीं देते, लेकिन भारत की स्वतंत्रता और सम्प्रभुता उन्हें कतई महत्वपूर्ण नहीं लगती। यहां तक कि ऐतिहासिक और अपनी मनोवैज्ञानिक भावनाओं से तो ये इसका मन ही मन विरोध भी करते हैं। उन्हें लगता है कि अभी कुछ दशकों तक तो भारत हमारा गुलाम था, आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने की शान कैसे पा रहा है? यही वजह है कि चाहे कनाडा हो, चाहे ब्रिटेन हो, इन देशों में जहां जहां कॉमन वेल्थ छतरी और संस्कार हैं, वहां वहां जानबूझकर भारत को कम महत्व देने की सजग कोशिश की जाती है। ब्रिटिश सरकार को बहुत अच्छी तरह से पता है कि पिछले काफी दिनों से मुट्ठीभर खालिस्तानी, कनाडा से लेकर अमेरिका तक रह रहकर भारत विरोधी प्रदर्शन का मौका ढूंढ़ते रहे हैं। ऐसे में जब भारतीय विदेश मंत्री अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान ब्रिटेन में मौजूद हों और उनके खिलाफ भारत विरोधी आंदोलन करने में सिर के बल खड़े हों, तब तो ब्रितानी सरकार और स्थानीय प्रशासन को अतिरिक्त सजगत बरतते हुए, इन्हें भारतीय विदेश मंत्री के आसपास भी कहीं नहीं फटकने देना चाहिए था। लेकिन ब्रिटेन का शासन ही नहीं बल्कि प्रशासन भी अभी तक औपनिवेशिक हैंगओवर से बाहर नहीं आया। ब्रिटेन अभी भी भारत को छोटे भाई के सरीखे व्यवहार करने का आदी है। क्योंकि ब्रिटेन ने कभी भारत पर औपनिवेशिक राज किया था, इसलिए वह हमारी ताकत, दुनिया में मिलने वाले हमारे महत्व के संदर्भ में सहज नहीं है। भारत एक ग्लोबल पावर के रूप में उभर रहा है, यह बात इन्हें किसी भी तर्क से हजम नहीं होती। इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से ये तमाम देश अपने यहां भारत विरोधी ताकतों को हवा देकर हमें दबाव में रखने की कोशिश करते हैं। सिर्फ भारत विरोधी, भारतीय ताकतें ही नहीं बल्कि ब्रिटेन में पाकिस्तान की लॉबिंग भी काफी मजबूत है। हम सब जानते हैं कि किस तरह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हमेशा ही खालिस्तानी आंदोलन कारियों के कंधे में हाथ रखती रही है। इस समय भी तमाम मीडिया खबरें जो छन छनकर बाहर आ रही हैं, उनसे साफ है कि ब्रिटेन हो या कनाडा हर जगह खालिस्तानी ताकतों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हवा दे रही है। भारत को इन सारी हकीकतों को जानते हुए ब्रिटेन के खिलाफ विदेश मंत्री जयशंकर पर हमले की कोशिश और उनके सामने तिरंगे के अपमान को जरा भी हल्के में नहीं लेना चाहिए बल्कि सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए। हमें ब्रिटेन को कड़ा संदेश देना चाहिए कि वह हमें हल्के में नहीं ले सकता। क्योंकि फिलहाल हमें ब्रिटेन की कम, ब्रिटेन को हमारी जरूरत ज्यादा है। पिछले दो सालों से अलग अलग ब्रितानी प्रधानमंत्री यूं ही भारत के आगे पीछे घूमकर व्यापार समझौते की कोशिश नहीं कर रहे, आज भारत दुनिया के व्यापार नक्शे में एक बड़ी ताकत है और भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेजी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। ब्रिटेन को हमारी इस विकास कर रही अर्थव्यवस्था से अपने फायदे वाला व्यापार समझौता भी करना है।

हमसे कई तरह की रियातें भी लेनी है और हमें कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से छोटा भी साबित करना है, ऐसा हो नहीं सकता। भारत को ब्रिटेन सहित सारी पश्चिमी सरकारों को सख्त लहजे में संदेश देना चाहिए कि वो किसी भी भारत विरोधी रवैय्ये को जरा भी बर्दाश्त नहीं करेगा। ब्रिटेन खुद अपने देश में किसी भी अलगाववादी या आतंकवादी को बर्दाश्त नहीं करता। हम सब जानते हैं कि स्कॉटलैंड की स्वतंत्रता को लेकर उसका कितना लौहशक्ति वाला रूख रहा है। लेकिन जब बात हमारी स्वतंत्रता या सम्प्रभुता की आती है तो ब्रिटेन हमें 'टेकन फॉर ग्रांटेड' लेने की कोशिश करता है। साल 2023 में भी लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर इसी तरह से हमला हुआ था और तब भी भारतीय ध्वज का अपमान किया गया था। लेकिन भारत सरकार का तब भी रवैय्या ढुलमुल ही रहा था। अगर तब सरकार ने सख्त कदम उठाये होते तो आज यह नौबत नहीं आती। भारत सरकार को ब्रिटिश सरकार से यह सख्त सवाल तो पूछना ही चाहिए कि जब राजनयिक प्रोटोकॉल 50 मीटर की दूरी से विरोध प्रदर्शन का है तो फिर विरोधी विदेश मंत्री एस जयशंकर के 15-16 फुट तक नजदीक कैसे पहुंच गये, वह भी तब जबकि वहां ब्रिटेन की पुलिस पहले से ही मौजूद थी? इसका मतलब साफ है कि ब्रितानी पुलिस खालिस्तानियों से नरमी बरतती है।

---

सोशल मीडिया

पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट समिति ने उत्तराखंड में पर्वतमाला योजना के तहत सोन प्रयाग से केदारनाथ व गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक, रोपवे को मंजूरी दी है। जेपी नड्डा.



नीचे से ऊपर व ऊपर से नीचे की रणनीति के साथ फुलप्रूफ जांच के परिणाम स्वरूप देश भर में 12 अलग अलग मामलों में अदालतों के द्वारा 29 को ड्रग्स मामले दोषी माना गया। अमितशाह.



निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जायेगा, हमारे विधायक हों या सांसद उनकी दानिशमंदी बेमिसाल है। अखिलेश यादव.



# प्रार्थना और भजन

अंतर्दृष्टि

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानी चाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# देखो... सड़कें चौड़ी हो गयीं

व्यंग्यलोक

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।



पूरन सरमा

# रीमिक्स के जरिये नयी पीढ़ी को लुभाते फगुआ गीत...



पर्व/त्योहार

लोकमित्र गौतम

फाग होली के अवसर पर गाये जाने वाले वो गीत होते हैं, जिनके शब्दों में ही नहीं, लय, ध्वनि, हाव-भाव और स्टाइल में भी एक खास तरह की फागुनी मस्ती पूरी तरह भरी होती है। एक जमाना था जब होली का सबसे बड़ा आकर्षण गांव जवार में गाये जाने वाले ये फगुवा गीत या फाग ही होते थे। लोग महीनों पहले इनकी तैयारी करते थे और रात-रात भर इसका रियाज करते थे। जाहिर है उन दिनों मनोरंजन के दूसरे साधन कम थे या बिल्कुल ही नहीं थे। इसलिए फागुन का महीना आते ही सिर्फ खेतों में सरसों के फूल या आम के पेड़ों पर सिर्फ बौरे ही नहीं अखुवाती थीं बल्कि लोगों के तन बदन में भी एक खास तरह झुरझुरी फूटने लगती थी, जो होली आते आते फगुवा गीतों में फूटकर मचलने लगती थी। फाग गीत इसी मस्ती को शब्द देते थे।

फाग खास तौर पर उत्तर प्रदेश के बुदेंलखंड, अवध और ब्रज क्षेत्र के प्रमुख होली गीत होते हैं। लेकिन बिहार, बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक भी इनकी संस्कृति फैली हुई थी। वक्त के साथ पुराने फाग गीतों की परंपरा तो किसी हद तक लुप्त हो गई है, लेकिन नये दौर में फिल्मी गीतों को फाग की तरह रीमिक्स करके या नये फिल्मी गानों की धुनों पर पुराने फगुवा गीतों को गाया और सुना जा रहा है। कहना न होगा कि युवाओं के बीच खास तौर पर ये रीमिक्स फगुवा गीत खूब मशहूर हो रहे हैं। जैसे पिछली होली में 'अब तो सजन मोहे भुला दे', गीत को फाग की तरह रीमिक्स करके शहरों से लेकर गांव तक में खूब सुना गया। इस साल भी कई फिल्मी गीतों को फाग की शैली में ढालकर सुना जा रहा है। 'नंद के आनंद भयो', यह एक ऐसा ब्रज शैली का फाग गीत है, जो सदियों से होली के आते ही गांवों में हर तरफ गूंजने लगता था। अब यह नई शैली में रीमिक्स होकर भी खूब बज रहा है। पिछले दिनों 'हाय न देख सखी फागुन के उत्पात, दिनवो लागे आजकल पिया मिलन की रात' जैसे फगुवा गीत को पूर्वांचल की आला गायिका सन्नो की तर्ज पर खूब पसंद किया गया और एक जमाने में बिहार का मशहूर फगुवा गीत रहा 'मडंवा में रामजी के रंग हुई पगडिया, राम खेली, लखन खेली होली रे' भी नई स्टाइल में रीमिक्स होकर युवाओं को खूब भाया है। इससे साफ है वक्त भले बदल जाएं लेकिन साहित्य संस्कृति में जो एक अंतर्निहित आकर्षण और नशा होता है, वह कभी कम नहीं होता।

फाग या फगुवा गीत दरअसल फागुन की स्वर लहरी है। जहां भी होली धूमधाम से मनायी जाती है, वहां फागुन का नाम सुनते ही कवियों, शायरों की कलमें भी मस्ती में झूमने लगती हैं। किवदंती है कि फागुन की हवा में ही एक खास तरह का मादक नशा होता है। ठीक यही बात होली के फगुवा गीतों में भी होती है। फगुवा गीतों के अक्षर-अक्षर से प्रेम अल्हड़पन, मस्ती और मासूमियत झरती है। यही वजह है कि होली के गीत बिना कहे प्रेम पत्र हैं। लोग अकेले या समूह में इन्हें गाते हुए एक खास तरह की ऊर्जा, एक खास तरह की तरंग से खुद को सराबोर महसूस करते हैं। इसलिए भले इनके गाने की स्टाइल वक्त के साथ बदल जाए, लेकिन इनमें मौजूद मस्ती बिल्कुल नहीं बदलती। अब इसे ही लें। चाहे जिस युग का यह फगुवा हो, लेकिन आज भी ये शब्द युवाओं को चुबंक की तरह अपनी ओर खींच लेते हैं।

रसिया रस लूटो होली में, राम रंग पिचुकारि,

भरो सुरति की झोली में हरि गुन गाओ, ताल बजाओ, खेलो संग हमजोली में मन को रंग लो रंग रंगिले कोई चित चंचल चोली में,

होरी के ई धूमि मची है, सिहरो भक्तन की टोली में।

होली में जहां युवाओं से बुजुर्गों तक में मस्ती छायी रहती है वहीं कवियों का मन भी फागुन आते ही चंचल हो जाता है। होरियार अगर मस्ती भरे गीतों और गुलाल-अबीर व गुजिया-गुलगुला जैसे पकवानों के जरिए के जरिए फागुन की मस्ती प्रकट करते हैं, तो कवि, लोक गायक और गायिकाएं भी पीछे नहीं रहती हैं। वे भी होली के मौके पर तरह-तरह के गीतों और रचनाओं के जरिए समाज के हरेक पहलू को छूने की कोशिश करते हैं। होली में सियासतदान तो कवियों कीनजर से कभी बच ही नहीं सकते। कवि उनकी खबर जरूर लेते हैं।

---

## आपकी बात

### शिक्षा की गुणवत्ता

शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे बेहतरीन माध्यम है लेकिन अगर शिक्षा देने का तौर-तरीका ठीक नहीं होता है, तो इससे संपूर्ण देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। इसलिए अदालती टिप्पणियों, सरकारी बयानबाजी और प्रशासनिक कार्रवाई की सिफारिशों से मामला सुलझने वाला नहीं है। देश में विशेषकर जेईई, नीट और अन्य बड़ी प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े कोचिंग को हतोत्साहित करने, कोचिंग की जरूरत खत्म करने जैसी बयानबाजियां दशकों से चल रही हैं। इस बीच कोचिंग उद्योग अब कारपोरेट आकार ले चुका है और सरकार को इसमें मोटा टैक्स भी मिलता है। क्योंकि इन संगठित आकार के कोचिंग उद्योग पर सरकार 18 प्रतिशत की दर से भारी भरकम जीएसटी भी लगाती है। इस तरह कोई छात्र कोचिंग करके अपनी शिक्षा निखारने में मदद पाता है या नहीं यह सब उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है और सीधे सीधे सरकार और कोचिंग संस्थाएं मुनाफा काटती हैं। मुनाफे के इस खेल में जब सरकार भी शामिल हो गयी है, तो गैर जरूरी बयान बाजी का कोई तुक नहीं। ऐसा लगता है कि कोचिंग के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी करने के अलावा सरकार के पास कोई ठोस विकल्प नहीं है। दरअसल कोचिंग कोई गलत चीज नहीं है। अगर छात्र स्कूल की शिक्षा से अपने पाठ्य विषय की अच्छी से तैयारी नहीं कर पा रहा है, तो उसे कोचिंग के जरिए मदद लेनी चाहिए इसमें कोई हर्ज नहीं है। यहां समस्या यह है कि स्कूल की पढ़ाई को ठेंगा दिखा कर सिर्फ कोचिंग के सहारे परीक्षा और प्रतियोगिता को पास करने का जुगाड़ किया जाने लगा है। यहीं से डमी स्कूल का कान्सेप्ट उभरा है।

**शिव प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### कानून का राज जरूरी

कानून व्यवस्था और आम आदमी को सुरक्षा का अहसास करना एक जटिल चुनौती बनती जा रही है। पूरे देश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल दर साल हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था कभी भी सरकारों के एजेंडे में नहीं रही। राजनीतिक दल लंबे चौड़े वायदे करते हैं लेकिन अगर वे कानून का राज ही कायम कर दें तो उनको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। पुलिस भी अब अपने उद्देश्यों में भटक गयी हैं। पुलिस ने अपराध रोकने के लिए जिस रणनीति पर काम किया वह पूरी तरह फ्लॉप तो हुई ही है, उससे सरकार की काफी किरकिरी भी हुई है। पुलिस बड़े अपराधियों को चिन्हित करके एनकाउंटर अभियान चलाती रहती है और इसकी आड़ में थाने और चौकी के छुटभैये वसूली अभियान चलाते हैं। पुलिस का सूचना तंत्र लगातार कमजोर होता रहा। अपराधों पर उसकी पकड़ पूरी तरह ढीली पड़ गयी है और पूरा का पूरा पुलिस महकमा प्रतिक्रियावादी ढर्रे पर चलते हुए अपराध होने पर लकीर पीटने तक सिमट गया है। प्रदेश में कोतवाली, थाना और चौकियों का संजाल है। अगर पुलिस तंत्र मुस्तैद रहे तो उसके पास सारी सूचना मौजूद होनी चाहिए और अपराध होने से पहले वांछितों की गिरफ्तारी, बेदखली या बांड आदि भराकर घटना को रोका जा सकता है। लेकिन पुलिस ने अपना जो खौफनाक चेहरा गढ़ा है उसमें अब शांतिप्रिय लोग पुलिस से मतलब नहीं रखते। सिर्फ दलाल, अपराधी किस्म के लोग पुलिस के आगे पीछे-घूमते हैं। पुलिस से लोगों के दूर रहने के कारण सामाजिक तनाव, दुश्मनी व आपसी विवाद को लेकर वास्तविक सूचनाएं उसके पास नहीं होती हैं। जब सूचनाएं नहीं होंगी तो घटनाएं रोकना भी मुश्किल है। यही कारण है कि ताबड़तोड़ हत्या, दुराचार, डकैती के साथ बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प, बिलिंग सेंटर अपराधियों के निशाने पर हैं। पुलिस में लगातार भर्तियां हो रही हैं लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। देश के कुल अपराधों में 10 फीसद अकेले यूपी से होते हैं। इसलिए कानून के राज का अहसास होना भी जरूरी है।

**विवेक श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## अधिक बचत और सभी के लिए बीमा विस्तार जरूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट 2025-26 ने भारत के बीमा क्षेत्र और आयकर व्यवस्था को नया रूप देने के लिए साहसिक कदम उठाए हैं, जिससे व्यापक वित्तीय समावेशन, आर्थिक वृद्धि और व्यक्तियों व व्यवसायों को राहत सुनिश्चित होगी। 2047 तक सभी के लिए बीमा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, सरकार न केवल नीतियों में बदलाव कर रही है, बल्कि एक मजबूत और लचीली वित्तीय व्यवस्था की नींव भी रख रही है। संजीव बजाज, संयुक्त अध्यक्ष एवं एमडी, बजाज कैपिटल लिमिटेड के अनुसार बीमा में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ीः सरकार ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 74 फीसद से बढ़ाकर 100 फीसद कर दी है, जिससे अधिक पूंजी प्रवाह, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य निर्धारण सुनिश्चित होगा।

## डीएसआर का लक्ष्य 2025 तक 100,000 हेक्टेयर तक विस्तार

लखनऊ। उपकार और यूपी एक्सेलेरेटर प्रगति कार्यक्रम ने समृद्ध धान 2.0 डीएसआर विजन 2025 की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिसमें उत्तर प्रदेश में डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) के बड़े पैमाने पर विस्तार की रणनीति बनाने के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया। 2024 में डीएसआर की खेती 80,000 हेक्टेयर तक पहुंचने के साथ, यह आयोजन प्रगति की समीक्षा करने, चुनौतियों पर चर्चा करने और सतत विकास के लिए एक मार्ग तैयार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, जिसका लक्ष्य 2025 तक 100,000 हेक्टेयर को कवर करना है। इस आयोजन में बुन्देलखण्ड को डीसआर के लिए नये क्षेत्र के रूप में जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में चिन्हित किया गया। पिछले वर्ष 150 से अधिक क्षेत्र स्तरीय परीक्षणों ने डीएसआर के लाभों को सुदृढ़ किया, जिससे इस पद्धति की प्रभावशीलता में किसानों का विश्वास बढ़ा है।

## बंधन क्रिसिल आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लॉन्च

नई दिल्ली। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है, जिसे निवेशकों को संरचित अल्पकालिक निश्चित-आय निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह फंड प्रमुख बैंकों, एनबीएफसी और वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किए गए एएए-रेटेड सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट, कमर्शियल पेपर्स और कॉरपोरेट बॉन्ड वाले पोर्टफोलियो में निवेश करता है। 6 महीने से 3 महीने तक की व्यवस्थित रोल-डाउन रणनीति के साथ, फंड का लक्ष्य लिक्विडिटी बनाए रखते हुए और ब्याज दर जोखिम को कम करते हुए अल्पकालिक उपज लाभ प्राप्त करना है। न्यू फंड ऑफर गुरुवार 06 मार्च को खुलेगा और मंगलवार 11 मार्च को बंद होगा।

## एचएफसीएल ने महाकुंभ 2025 में निर्बाध संपर्क और सुरक्षा समाधान पेश की

नई दिल्ली। एचएफसीएल लिमिटेड (एचएफसीएल) ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में जबरदस्त कनेक्टिविटी को समर्थ बनाया जिससे 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन वाले दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को सहयोग मिला। इस सॉल्यूशन की अवधारणा और पेशकश अग्रणी ऑपरेटरों में से एक की साझीदारी में की गई जिसने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम की जरूरतों को पूरा किया। इसके अलावा, एचएफसीएल ने एक अग्रणी ढांचागत सुविधा प्रदाता की साझीदारी में शीर्ष सुरक्षा ढांचा सॉल्यूशंस की भी पेशकश की।

## पोको एम7 5जी लॉन्च

बंगलुरू। पोको अपने नए पोको एम7 5जी के लॉन्च के साथ एक बार फिर बजट सेगमेंट में हलचल मचा रहा है। यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो कम कीमत में ज्यादा खूबियां चाहते हैं। पोको एम7 5जी सिर्फ रुपये9999 की अविश्वसनीय कीमत पर मिलेगा और यह अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा 6.88 इंच का डिस्प्ले और 120 एचजेड का अल्ट्रा-स्मूथ एडाप्टिव रिफ्रेश रेट देने वाला एकमात्र स्मार्टफोन है। चाहे आप लगातार बिंज वॉच करें, गेम खेलें या स्क्रॉल करते रहें, पोको एम7 5जी एक शानदार और आंखों को आराम देने वाला अनुभव प्रदान करेगा।

# सेंसेक्स में 610 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 610 अंक चढ़कर 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया।

वहीं, एनएसई निफ्टी 22,500 अंक के ऊपर पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में कमी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर रुख नरम होने के बाद वैश्विक बाजारों में मजबूती से स्थानीय बाजार बढ़त में रहा। शुरुआती गिरावट से उबरते हुए, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 74,340.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 660.57 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 207.40 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी एक समय 219.15 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, जोमैटो, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयरों में गिरावट रही। कमजोर डॉलर सूचकांक के बीच कनाडा और मेक्सिको के वाहन विनिर्माताओं पर डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर नरम रुख के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू बाजार में मजबूती आई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और चीन में आगे आर्थिक प्रोत्साहन से प्रभावित होकर ऊर्जा और धातु क्षेत्रों में तेजी रही। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.63 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.65 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। बीएसई में 3,007 शेयरों में तेजी आई, जबकि 989 नुकसान में रहे। 107 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,53,808.84 करोड़ रुपये चढ़कर 3,97,57,850.59 करोड़ रुपये (4,570 अरब डॉलर) पर पहुंच गया। मानक सूचकांकों में सकारात्मक तेजी जारी रही। विभिन्न क्षेत्रों में तेल एवं गैस तथा धातु सूचकांकों में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जबकि आईटी तथा रियल्टी शेयरों में कारोबार के दौरान मुनाफावसूली देखी गई। कच्चे तेल के दाम और डॉलर की विनिमय दर में हाल में आई कमी के साथ अमेरिका के शुल्क दरों को लेकर बातचीत होने की संभावना के साथ वैश्विक धारणा मजबूत हुई और बाजार में तेजी आई।


# रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 87.12 प्रति डॉलर पर



मुंबई। व्यापार शुल्कों को लेकर अनिश्चितता और विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह छह पैसे के नुकसान के साथ 87.12 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, निवेशक अमेरिका से साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा की प्रतीक्षा में सतर्कता के साथ आगे बढ़े। शुरुआती कारोबार में स्थानीय मुद्रा में तेजी आई, क्योंकि अमेरिका ने कनाडा और मेक्सिको पर उच्च शुल्क के कार्यान्वयन में देरी की और भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में 1,900 अरब रुपये की नकदी डालने का फैसला किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.96 पर मजबूत खुला और दिन के कारोबार में 86.88 प्रति डॉलर के उंचाई को छू गया। बाद में रुपये में उतार-चढ़ाव देखने को मिला तथा 87.16 के दिन के निचले स्तर को छूने के बाद यह कारोबार के अंत में 87.12 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे बढ़कर 87.06 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। एफआईआई द्वारा बिकवाली के दबाव के कारण रुपया अपनी शुरुआती बढ़त खो बैठा और डॉलर के मुकाबले टूट गया, जबकि अमेरिकी मुद्रा चार महीने के निचले स्तर पर आ गई क्योंकि अमेरिका ने कनाडा और मेक्सिको से आयात पर उच्च शुल्क लागू करने में देरी करने का फैसला किया। सकारात्मक घरेलू बाजारों और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी के कारण रुपये के थोड़े सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद है। हालांकि, एफआईआई की निकासी रुपये की तेज बढ़त को रोक सकती है। व्यापार शुल्क मुद्दे पर अनिश्चितता भी रुपये पर भारी पड़ सकती है। कारोबारी अमेरिका के साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों और ईसीबी के मौद्रिक नीति निर्णय से संकेत ले सकते हैं।

# बढ़ते सड़क हादसों के लिए दोषपूर्ण डीपीआर और डिजायन जिम्मेदार



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली जनहानि के लिए सिविल इंजीनियरों और सलाहकारों द्वारा तैयार की गई दोषपूर्ण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और दोषपूर्ण सड़क डिजायन को जिम्मेदार ठहराया।

गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा उपायों में तत्काल सुधार की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि देश में अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लोगों की छोटी-छोटी गलतियों, दोषपूर्ण डीपीआर के कारण होती हैं और इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता। मंत्री ने सड़क निर्माण उद्योग से नई प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ पुनर्चक्रणीय निर्माण सामग्री को अपनाकर सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए रणनीति विकसित करने का भी आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में सड़क पर निर्देश-पट्टिका और चिह्न प्रणाली जैसी छोटी-छोटी चीजें भी बहुत खराब हैं। हमें स्पेन, ऑस्ट्रिया और स्विटजरलैंड जैसे देशों से सीखने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि भारत में सबसे खराब गुणवत्ता वाली डीपीआर बनाई जाती है। उन्होंने खराब योजना और डिजायन के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर इंजीनियरों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इससे मुझे लगता है कि सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए मूल रूप से इंजीनियर ही जिम्मेदार हैं। इसलिए, मुख्य समस्या सड़क इंजीनियरिंग और दोषपूर्ण योजना और दोषपूर्ण डीपीआर है। गडकरी ने कहा कि भारत में 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 1,80,000 लोगों की जान गई। उनके अनुसार, सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरकार का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाना है। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ के मानद अध्यक्ष के के कपिला ने कहा कि सड़क डिजायन, निर्माण और प्रबंधन के हर पहलू में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह शिखर सम्मेलन एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ना चाहता है।

# भारत ने रूस से 112.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा



नयी दिल्ली। दुनिया के तीसरे बड़े कच्चे तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत ने यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से रूस से कच्चा तेल खरीदने पर 112.5 अरब यूरो खर्च किए हैं। एक यूरोपीय शोध संस्थान ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने 24 फरवरी, 2022 से पेट्रोलियम उत्पादों के लिए रूस को किए गए भुगतान पर यह रिपोर्ट जारी की है।

रिपोर्ट कहती है, हमारे अनुमानों के मुताबिक, यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस ने जीवाश्म ईंधन के निर्यात से कुल 835 अरब यूरो का राजस्व अर्जित किया है। रूस से जीवाश्म ईंधन आयात के मामले में चीन 235 अरब यूरो (तेल के लिए 170 अरब यूरो, कोयले के लिए 34.3 अरब यूरो और गैस के लिए 30.5 अरब यूरो) के साथ सबसे आगे रहा। सीआरईए के मुताबिक, भारत ने यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दो मार्च, 2025 तक के तीन वर्षों में रूस से कुल 205.84 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन खरीदे। इसमें कच्चे तेल की खरीद 112.5 अरब यूरो की रही जबकि कोयले के लिए 13.25 अरब यूरो का भुगतान किया गया। अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत से अधिक आयात पर निर्भर भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में कच्चे तेल के आयात पर 232.7 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2023-24 में 234.3 अरब डॉलर खर्च किए। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह में भी भारत ने तेल आयात पर 195.2 अरब डॉलर खर्च किये हैं। भारत ने फरवरी, 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के तत्काल बाद रूस से बड़ी मात्रा में तेल आयात करना शुरू कर दिया। इसका मुख्य कारण यह है कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज करने के कारण रूसी तेल काफी रियायती दाम पर मिल रहा था।

# कंपनियों का मुनाफा दशक के उच्चस्तर पर : क्रिसिल




मुंबई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत की लाभप्रदता दशक के उच्चतम स्तर पर होने के बावजूद निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में सतत वृद्धि की उम्मीद नहीं है।

एजेंसी ने कहा कि जिंस कीमतों में नरमी के कारण भारतीय उद्योग जगत की लाभप्रदता अगले वित्त वर्ष (2025-26) में लगातार तीसरे वर्ष बढ़ने वाली है। बैंकिंग एवं वित्त तथा तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों को छोड़कर 800 कंपनियों के विश्लेषण से पता चलता है कि अगले वित्त वर्ष में कर-पूर्व लाभ मार्जिन बढ़कर 20 प्रतिशत तक हो जाएगा। सरकार पिछले कुछ वर्षों से अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा निवेश कर रही है, तथा कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय में भी सुधार की मांग उठ रही है। हालांकि, नई क्षमताएं बनाने के लिए निवेश करने के बजाय भारतीय उद्योग जगत ने कर्ज चुकाने और अन्य उपायों में धन लगाया है, जबकि क्षमता उपयोग का स्तर उंचा है। एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री डी के जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनकी (कंपनियों की) निवेश करने की क्षमता इस समय निवेश करने की इच्छा से मेल नहीं खाती। उन्होंने कहा कि अस्थिर वैश्विक माहौल के कारण अनिश्चितताएं तथा घरेलू मांग में असमानता, ऐसे कारक हैं जो कंपनियों को निवेश करने से रोक रहे हैं। एजेंसी ने कहा कि भारतीय कंपनियों की आय वृद्धि अगले वित्त वर्ष में बढ़कर आठ प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जबकि चालू वित्त वर्ष (2024-25) में इसके छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। एजेंसी ने इस बात पर जोर दिया कि यह वृद्धि मूल्य वृद्धि के कारण नहीं बल्कि अधिक मात्रा के कारण होगी।

# जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था 7.06 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान




जम्मू। जम्मू और कश्मीर की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (2024-25) में वास्तविक रूप से 7.06 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि बाजार मूल्य पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2024-25 में 11.19 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। 2025 के लिए आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट (ईएसआर) में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर ने महत्वपूर्ण प्रगति दिखाई है, जिससे बेरोजगारी दर 2019-20 में 6.7 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 6.1 प्रतिशत रह गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट पेश की। उमर अब्दुल्ला के पास वित्त मंत्रालय भी है। रिपोर्ट में क्षेत्र के आर्थिक प्रदर्शन, विकास की प्रगति और भविष्य के दृष्टिकोण का गहन विश्लेषण किया गया है, जो नीति निर्माताओं और हितधारकों के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, जम्मू-कश्मीर की वास्तविक जीएसडीपी 7.06 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, 2024-25 में बाजार मूल्य पर जीएसडीपी 11.19 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था (बाजार मूल्य पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद) का आकार लगभग 2.65 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, और इसका वास्तविक जीएसडीपी 2024-25 के दौरान लगभग 1.45 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर को 2019-20 से 2024-25 तक अपने वास्तविक जीएसडीपी में 4.89 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर हासिल करने का अनुमान है, जबकि 2011-12 से 2019-20 तक 4.81 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा कीमतों पर जम्मू-कश्मीर की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2024-25 में 1,54,703 रुपये (अग्रिम अनुमान) तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय 2,00,162 रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर जम्मू-कश्मीर की प्रति व्यक्ति आय 2024-25 में 10.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर अपनी जनसंख्या (0.98 प्रतिशत) के अनुपात में राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (0.8 प्रतिशत) में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।

## पेज एक का शेष

### लंदन : प्रदर्शनकारियों

निंदा करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने कूटनीतिक दायित्वों का पूरी तरह से पालन करेगी। इससे पहले चैथम हाउस में एक सत्र के दौरान विदेश मंत्री से भारत से संबंधित मानवाधिकार चिंताओं के बारे में सवाल किया गया जिसके जवाब में जयशंकर ने कहा, इसमें से काफी बातें राजनीतिक है। मानवाधिकारों संबंधी कई अभियानों एवं अभिव्यक्तियों के जरिए हमें राजनीतिक कारणों से निशाना बनाया गया है। हम इसे सुनते हैं। हम परिपूर्ण नहीं हैं, कोई भी परिपूर्ण नहीं है। ऐसी परिस्थितियां हो सकती हैं जिनमें कार्वाई की आवश्यकता होती है। लेकिन मैं वास्तव में यह तर्क दूंगा कि यदि दुनिया पर नजर डाली जाए तो मानवाधिकार को लेकर हमारा रिकॉर्ड बहुत मजबूत है। उन्होंने कहा, एक विश्वसनीय लोकतंत्र के रूप में, जहां लोगों का हमारे लोकतंत्र में विश्वास बढ़ रहा है, जहां पिछले कई दशकों में प्रतिनिधित्व हरसंभव तरीके से व्यापक हुआ है, जहां सरकार अपने नागरिकों के साथ व्यवहार के मामले में बहुत निष्पक्ष रही है, ऐसे में मुझे लगता है कि मानवाधिकारों पर कोई भी व्यापक चिंता अनुचित है। मुझे इसका कोई औचित्य समझ नहीं आता।

### बारहमासी पर्यटन

जा रहे हैं। अपनी अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा राज्य में केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए मंजूर की गयीं दो प्रमुख रोपवे परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि केदारनाथ मंदिर पहुंचने के लिए आठ-नौ घंटे की यात्रा को रोपवे घटाकर केवल 30 मिनट कर देगा। प्रधानमंत्री के दौरे से एक दिन पहले उनकी अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक की दो प्रमुख रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए बजट में 50 नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने लोगों से शादियों के लिए उत्तराखंड को अपना गंतव्य बनाने का आग्रह किया। उन्होंने फिल्म निर्माताओं से भी अपनी फिल्मों की शूटिंग इस पहाड़ी राज्य में करने को कहा। उन्होंने कहा कि कंटेंट क्रिएटर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लूएसंर्स को उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन स्थलों पर लघु फिल्में बनाने को प्रोत्साहित करना चाहिए और उसमें से सर्वश्रेष्ठ कार्य को पुरस्कार दिया जाना चाहिए जिससे राज्य में शीतकालीन पर्यटन का बहुत प्रचारप्रसार होगा। उन्होंने कॉरपोरेट घरानों से भी अपने सम्मेलन और सेमिनार उत्तराखंड में आयोजित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन कई देशों में लोकप्रिय है और पर्यटन क्षेत्र के हितधारकों को उन देशों में इसका अध्ययन करना चाहिए और उत्तराखंड में उसे लागू करना चाहिए।

इससे पहले, मोदी ने मुखबा में पूजा अर्चना की और देशवासियों की सुखसमृद्धि की कामना की। अपने एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने मुखबा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से देवी गंगा की पूजा कर उनकी प्रतिमा को भोग अर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी सुबह देहरादून के निकट जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण तथा अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। यहां से प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से हरसिल में उतरे और फिर हरसिल से सीधे मुखबा पहुंचे। मां गंगा का मायका माने जाने वाले मुखबा में मां गंगा की शीतकालीन पूजा की जाती है। गर्मियों में मां गंगा की पूजा गंगोत्री मंदिर में की जाती है और सर्दियों के दौरान कपाट बंद होने के बाद उनकी मूर्ति को मुखबा लाया जाता है। मुखबा गंगोत्री मंदिर के रास्ते में स्थित है। प्रधानमंत्री के तौर पर पहली बार मुखबा पहुंचने पर प्रधानमंत्री का पारंपरिक परिधानों में सजे स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री को घेरकर उनके चारों तरफ रांसो नृत्य किया। इस दौरान प्रधानमंत्री गोल चक्कर के भीतर चेहरे पर मुस्कान लिए हाथ जोड़कर खड़े रहे। उन्होंने मुखबा में खड़े होकर चारों तरफ बर्फ से लदी, हिमालयी पहाड़ों की खूबसूरत चोटियों के भी दीदार किए। प्रधानमंत्री काफी देर तक व्यू प्वाइंट से पहाड़ की चोटियों के साथ ही हरसिल घाटी से बहती भागीरथी नदी की सुंदरता को निहारते रहे। इसके बाद वह सड़क मार्ग से वापस हरसिल पहुंचे और जनसभा को संबोधित करने से पहले शीतकालीन यात्रा पर आधारित एक प्रदर्शनी देखी और उसे सराहा। इस प्रदर्शनी में उत्तराखंड के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों को दर्शाया गया है। इस साल प्रधानमंत्री का उत्तराखंड का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह 28 फरवरी को राष्ट्रीय खेलों के उदघाटन के लिए देहरादून आए थे। माना जा रहा है कि मुखबा और हरसिल की प्रधानमंत्री की इस यात्रा से शीतकालीन चारधाम यात्रा तथा पर्यटन को बहुत बढ़ावा मिलेगा।

उत्तराखंड सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा तथा सर्दियों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है जिससे क्षेत्र में स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे तथा अन्य प्रकार के रोजगार बढ़ें।

### होली के दिन

जाता है इसलिए ईदगाह पेश इमाम ने 14 मार्च को जुमे की नमाज के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने मस्जिदों के इमामों और कमेटियों के जिम्मेदारों से अपील की है कि वह इस एडवाइजरी पर अमल करें। उन्होंने कहा कि इस पहल से हमारी गंगा जमुनी तहजीब, राष्ट्रीय एकता, आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा। मौलाना ने सलाह देते हुए कहा कि 14 मार्च को अवकाश है इसलिए मुसलमान जुमे की नमाज पढ़ने दूर की मस्जिद में न जायें बल्कि अपने मोहल्ले की मस्जिद में नमाज अदा करें। जामा मस्जिद ईदगाह लखनऊ में जुमे की नमाज का समय 12:45 बजे है लेकिन 14 मार्च को 2 बजे अदा की जायेगी। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने तमाम मस्जिदों के इमाम हजरात और संचालक कमेटियों के जिम्मेदारों से अपील की है कि वह इस एडवाइजरी पर अमल करें। उन्होने उम्मीद का इज्हार किया कि इस पहल से हमारी गंगा जमनी सभ्यता, राष्ट्रीय एकता, आपसी भाई चारा को बढ़ावा हासिल होगा।

### एसडीपीआई के

से अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। पीएफआई के आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उसे एक गैरकानूनी संगठन बताते हुए केंद्र सरकार ने सितंबर, 2022 में उसे प्रतिबंधित कर दिया था। पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने से पहले ईडी, एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) और विभिन्न राज्य पुलिस संगठनों ने मिलकर उसके खिलाफ छापेमारी की थी। ईडी ने इस सप्ताह की शुरुआत में फैजी की हिरासत का अनुरोध करते हुए अदालत से कहा था कि पीएफआई और एसडीपीआई आपस में संगठित रूप से जुड़े हुए हैं और एसडीपीआई कुछ और नहीं बल्कि पीएफआई का राजनीतिक मोर्चा है तथा इसे पीएफआई द्वारा वित्त पोषित और नियंत्रित किया जाता है।

ईडी ने दावा किया कि उसके पास यह साबित करने के लिए सबूत है कि दोनों संगठनों के बीच गहरी साठगांठ हैं क्योंकि उनके काडर दोनों संगठन के सदस्य हैं। एसडीपीआई की स्थापना में पीएफआई पदाधिकारियों की भागीदारी थी और उन्होंने एक-दूसरे की संपत्ति का उपयोग किया गया था। ईडी ने आरोप लगाया था, एसडीपीआई पीएफआई का एक मुखौटा संगठन है, जिसके माध्यम से पीएफआई अपनी राष्ट्र-विरोधी और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है जबकि प्रकट तौर पर उसका यही रुख रहता है कि पीएफआई एक सामाजिक कल्याण संगठन है। एसडीपीआई इस तरह के संबंध से इनकार करता है और खुद को एक स्वतंत्र संगठन कहता है। जांच एजेंसियों के अधिकारियों के अनुसार, संगठन का केरल, कर्नाटक और कुछ अन्य दक्षिणी राज्यों के विभिन्न इलाकों में मजबूत प्रभाव है।

### बब्बर खालसा

गुरूपवंत सिंह पंन्नू जो संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रहा है। यह कई आतंकी घटनाओं में वांछित है नें महाकुम्भ प्रयागराज में आतंकी हमले की धमकी दी थी इसको लेकर यूपी एसटीफ की कई टीमें लगाई गईं। डीजीपी प्रशांत कुमार नें बताया कि इसी बीच केंद्रीय एजेंसियों से जानकारी मिली कि पंजाब जेल से भगोड़ा आतंकी लजर मसीह की मौजूदगी की जानकारी मिली। जिसने फर्जी अभिलेखों के आधार पर गाजियाबाद से आधार कार्ड बनवाया उसी से वह फर्जी पासपोर्ट बनवाने का प्रयाश कर रहा है। डीजीपी नें बताया कि यह भी पता चला कि इसके पास भारी मात्रा में गोला बारूद है। प्रयागराज महाकुम्भ में विस्फोटक घटना करने के प्रयाश में है। डीजीपी प्रशांत कुमार नें बताया कि आतंकी लजर एवं उसके साथी आईएसआई और पाकिस्तान में बैठे हुए उसके हैंडलर के सम्पर्क में है। वह ड्रोन के जरिए उसे गोला बारूद और असलहा उपलब्ध कराते है। जिसे वह स्तेमाल करते है। डीजीपी नें बताया कि पकड़े गये आतंकी लजर के माता पिता कॉंवर्टेड ईसाई है। वह पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटो के सम्पर्क में है। डीजीपी नें बताया कि लजर आर्म्स और हेरोईन की तस्करी में जेल गया था। जेल में हुई गैंगवार में उसे चोट लगी थी।

### एआई के जरिये

घटक है। इस मिशन का लगभग 45 प्रतिशत कोष उस विशेष क्षेत्र के लिए निर्धारित है। इसके अलावा मंत्रालय ने एआई और सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों के लिए एक योज्ञता ढांचा और इंडिया एआई स्टार्टअप्स ग्लोबल एक्सेलेरेशन कार्यक्रम शुरू किया। मंत्रालय ने इंडिया एआई फेलोशिप कार्यक्रम के तहत छात्रों को पुरस्कृत भी किया और 30 चयनित एआई अनुप्रयोगों को मान्यता दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल मार्च में 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से एआई नवाचार को उत्प्रेरित करने वाला एक व्यापक पारिस्थितिकी ढांचा खड़ा करना है।

### फर्जी दस्तावेजों

उमेश कुमार मिश्र और सुशील कुमार शामिल हैं। आलोक कुमार 2017 सेविकास खंड सिरसिया के प्रा.वि. बल्दीडीह में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनकी डीएड का अंकपत्र कूटरचित है। आलोक कुमार गुप्ता कानपुर देहात के ईश्वरचंद्र नगर गांव के निवासी हैं। वहीं कानपुर देहात जिले के इस्माइल पुर गांव निवासी प्रदीप कुमार 2017 से सहायक अध्यापक के रूप में श्रावस्ती जिले के प्रा.वि.केशवपुरमें कार्यरत थे। उनका भी डीएड का अंकपत्र जांच में कूटरचित पाया गया है। कानपुर देहात के भोगीसागर गांव निवासी जितेन्द्र सिंह की डीएड की मार्क्सशीट भी फर्जी पाई गई है। वे श्रावस्ती जिले के प्राथमिक विद्यालय कोयलहवा में वर्ष 2017 से बतौर सहायक कार्यरत थे। बस्ती जिले के रामपुर तप्पा कनैला गांव निवासी उमेश कुमार मिश्र का भी डीएड का अंकपत्र कूटरचित पाया गया है। वे 2013 में श्रावस्ती जिलेके प्राथमिक विद्यालय वैभी गिलौला में सहायक अध्यापक नियुक्त हुए थे और वर्तमान में उच्च प्रा.वि. असनहरिया में कार्यरत थे। डीएड के फर्जी अंकपत्र पर जिले के भवानीपुरवा प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2017 से काम कर रहे सहायक अध्यापक सुशील कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। वे कानपुर जिले के परेहरापुर गांव के रहने वाले हैं। भिनगा पुलिस ने आलोक कुमार गुप्ता उर्फ किशन गुप्ता निवासी ईश्वरचंद नगर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को उच्च प्राथमिक विद्यालय भिनगा के सामने से गिरफ्तार किया गया है। जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहे पांच सहायक अध्यापकों की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी चर्चा का विषय बनी हुई है।




## संक्षेप

### चैंपियनशिप में भाग लेंगी 300 मुक्केबाज

नयी दिल्ली। ग्रेटर नोएडा में 21 से 27 मार्च तक होने वाली आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 300 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ के सहयोग से किया जाएगा। इससे पहले 2023 में भी इसी स्थान पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। वर्ल्ड बॉक्सिंग और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में एक जनवरी 1984 और 31 दिसंबर 2005 के बीच जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक राज्य इकाई अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती है। खिलाड़ियों के नाम की अंतिम पुष्टि 15 मार्च तक करनी होगी। प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के मुकाबले 21 से 24 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। क्वार्टर फाइनल के मुकाबले 25 मार्च जबकि सेमीफाइनल 26 मार्च को होंगे। फाइनल 27 मार्च को होगा।

### ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी फ्रेड स्टोल का निधन

मेलबर्न। दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल विजेता और ऑस्ट्रेलिया की तीन बार डेविस कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा रहे फ्रेड स्टोल का निधन हो गया है। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वह 86 वर्ष के थे। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के सीईओ क्रेग टिली ने स्टोल को टेनिस में एक खिलाड़ी के रूप में और बाद में ऑस्ट्रेलिया के नाइन नेटवर्क तथा सीबीएस और फॉक्स स्पोर्ट्स के लिए एक कमेंटेटर के रूप में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बताया। टिली ने निधन का कारण नहीं बताया। टिली ने कहा, उनकी विरासत उत्कृष्टता, समर्पण और टेनिस के प्रति गहरा प्रेम है। ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के स्टार सदस्य, फ्रेड ने एक कोच और चतुर टिप्पणीकार के रूप में अपने शानदार करियर से खेल में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्टोल ने 1965 में फ्रेंच ओपन और 1966 में अमेरिकी ओपन का एकल खिताब जीता था। इसके बाद वह विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गए थे। उन्होंने ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में 10 पुरुष युगल और सात मिश्रित युगल भी जीते।

### सनराइजर्स ने वियान मुल्डर को टीम में किया शामिल

हैदराबाद। दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर ने इंडियन प्रीमियर लीग के लिए बृहस्पतिवार को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में ब्राइडन कार्स की जगह ली। इंग्लैंड के ऑलराउंडर कार्स पैर के अंगूठे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियन्स ट्रॉफी सेमीफाइनल में खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के 27 वर्षीय ऑलराउंडर मुल्डर को 2016 के विजेता और पिछले साल के उप विजेता सनराइजर्स ने 75 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। आईपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा, कार्स चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं और उनके स्थान पर आने वाले ऑलराउंडर मुल्डर 75 लाख रुपये में एसआरएच में शामिल होंगे। मुल्डर ने अब तक दक्षिण अफ्रीका के लिए 18 टेस्ट, 25 एकदिवसीय और 11 टी20 मैच खेले हैं। चैंपियन्स ट्रॉफी में इंग्लैंड की टीम के सदस्य कार्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लग गई थी।

### बांग्लादेश के बल्लेबाज मुशफिकुर ने लिया संन्यास

ढाका। बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने तत्काल प्रभाव से एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी बांग्लादेश की उस टीम का हिस्सा था जो चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की। रहीम ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, मैं आज वनडे प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। मैंने जो भी हासिल किया वह अल्हम्दुलिल्लाह (भगवान का शुक्र है)।

# आईएमएल : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

## तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य

एजेंसी



वडोदरा। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की 64 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) मुकाबले में भारत को 95 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 20 ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई। यूसुफ पठान ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 25 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए यह प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें कप्तान शेन वॉटसन (नाबाद 110) और बेन डंक (नाबाद 132) ने दूसरे विकेट के लिए 236 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम के कप्तान तेंदुलकर ने अपनी टीम के लिए अकेले संघर्ष किया और विकेट के दोनों ओर शानदार शॉट लगाए लेकिन उनका ही प्रयास काफी नहीं था। तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का डटकर सामना करते हुए 27 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने तीन विकेट गंवाकर 100 रन बना लिए थे लेकिन उसे लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर जेवियर डोहर्टी ने अपने चार ओवर में 25 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि बेन हिल्फेनहॉस, बेन लॉफलिन, ब्राइस मैकगेन, डैन क्रिश्चियन और नाथन रियरडन ने एक-एक विकेट लिया। भारत की यह चार मैच में पहली हार है और इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा क्योंकि तेंदुलकर की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इससे पहले डंक ने भी आक्रामक खेल दिखाया, उन्होंने 10 छक्के और 12 चौके की मदद से मात्र 53 गेंद में नाबाद 132 रन बनाए। वॉटसन ने 52 गेंद की अपनी पारी में 12 चौके और सात छक्के लगाए।

**मिलर ने चैंपियन्स ट्रॉफी के कार्यक्रम पर सवाल उठाए, फाइनल में न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीद जताई**

लाहौर। पाकिस्तान और दुबई के बीच दो बार यात्रा करने के कारण चैंपियन्स ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के कार्यक्रम से निराश दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर अब भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीद कर रहे हैं। मिलर ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के दौरान शानदार शतक जड़ा था। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने मिलर के हवाले से कहा, मैं आपके साथ ईमानदारी बरतूंगा। मुझे लगता है कि मैं न्यूजीलैंड का समर्थन करूंगा। कराची में ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलने के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम को अगली सुबह तड़के दुबई के लिए उड़ान पकड़नी पड़ी। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ग्रुप चरण के मैच के परिणाम आने तक दुबई में डेरा डालना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रहा था और भारत के ग्रुप ए में चोटी पर रहने के कारण उसे सेमीफाइनल खेलने के लिए वापस पाकिस्तान लौटना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की 50 रन की हार के दौरान शतक जड़ने वाले मिलर ने कहा कि कार्यक्रम आदर्श नहीं है। मिलर ने कहा, यह भले ही एक घंटे और 40 मिनट की उड़ान है लेकिन कहने का मतलब यह है कि हमें ऐसा करना पड़ा। मैच के तुरंत बाद अगली सुबह हमें तड़के विमान पकड़ना पड़ा ताकि हम सही समय पर दुबई पहुंच सके। उन्होंने कहा, और सुबह 7.30 बजे हमें वापस आना पड़ा। यह अच्छी स्थिति नहीं थी। ऐसा नहीं है कि हमने पांच घंटे की उड़ान भरी और हमारे पास मैच के लिए पूरी तरह तैयार होने के लिए पर्याप्त समय था। लेकिन फिर भी यह कोई आदर्श स्थिति नहीं थी। फाइनल रविवार को दुबई में खेला जाएगा। मिलर की यह टिप्पणी उनके साथी रासी वान डेर डुसेन के उस बयान के बाद आई है।

# ओलंपिक तैयारियों पर दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे खेलमंत्री



हैदराबाद। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने और एक खाका तैयार करने लिए यहां विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों, वरिष्ठ प्रशासकों और प्रमुख सरकारी अधिकारियों के साथ दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का आयोजन सात और आठ मार्च को शहर के कान्हा शांति वनम में किया जाएगा। भारत 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी बोली लगा रहा है।


भारत मेजबानी का दावा पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को पहले ही आशय पत्र सौंप चुका है। खेल मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, विचार-विमर्श खेल प्रशासन को बढ़ाने, जमीनी स्तर की प्रतिभा की पहचान, बुनियादी ढांचे के विकास, समावेशिता और सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। विचार-मंथन सत्र का मुख्य फोकस विभिन्न सरकारी योजनाओं का अवलोकन और इस पर राज्यों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा। कॉर्पोरेट के साथ खेल के बुनियादी ढांचे के विकास की साझेदारी, प्रतिभा खोज और सुशासन को बढ़ावा देना भी शामिल होगा। मांडविया ने विज्ञप्ति में कहा, उत्तराखंड में हाल में समाप्त हुए राष्ट्रीय खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता से हमारी अपार क्षमता का पता चलता है। हमारा लक्ष्य ओलंपिक उत्कृष्टता हासिल करना और भारत को वैश्विक खेल शक्ति बनाना है। ओलंपिक की मेजबानी एक राष्ट्रीय मिशन है और हमें एक साथ आगे बढ़ना चाहिए। खेल मंत्री ने कहा कि चर्चा का एक महत्वपूर्ण पहलू पूर्व खिलाड़ियों की विशेषज्ञता का लाभ उठाना होगा। उन्होंने राज्यों से प्रतिभाओं की पहचान करने का आग्रह भी किया।

# देवांश भटनागर शीर्ष पर रहते हुए नाकआउट में लखनऊ के सुमित, प्रियांशु व विक्की भी क्वालीफाई

खेल संवाददाता

लखनऊ। नोएडा के देवांश भटनागर ने उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट-2025 में शीर्ष पर काबिज रहते हुए नाकआउट के लिए क्वालीफाई कर लिया। इसी के साथ दूसरे दिन दूसरे राउंड के मुकाबलों के बाद नाकआउट में जगह बनाने वाले शीर्ष आठ खिलाड़ियों में

- नॉकआउट राउंड के लिए शीर्ष आठ खिलाड़ियों के नाम तय
- उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट




लखनऊ के सुमित वैश्य, प्रियांशु यादव व विक्की वर्मा भी रहे। उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन (यूपीटीबीए) के तत्वावधान में लखनऊ के लुलू मॉल स्थित फंटुरा बॉलिंग सेंटर में आयोजित टूर्नामेंट के दूसरे दिन नोएडा के देवांश भटनागर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कुल 2173 पिनफॉल के चलते 181.08 स्कोर के औसत के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी। वहीं कानपुर के पदम वर्धन ने शानदार खेल दिखाया और कुल 2142 पिनफॉल के साथ औसत 178.5 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले राउंड में पहुंचे। इसी के साथ लखनऊ के सुमित वैश्य तीसरे स्थान पर खिसक गए, जिन्होंने 2082 पिनफॉल के चलते औसत 173.5 स्कोर अर्जित किया। लखनऊ के ही प्रियांशु यादव ने 1943 पिनफॉल के चलते औसत 161.91 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया। इसी के साथ क्वार्टर फाइनल में शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया जिसमें कानपुर के संदीप मारवाह 1874 पिनफॉल के चलते औसल 156.16 स्कोर के साथ पांचवें, कानपुर के ही शुभम गोयनका 1862 पिनफॉल के चलते औसत 155.16 स्कोर के साथ छठें, लखनऊ के विक्की वर्मा 1826 पिनफॉल के चलते 152.16 स्कोर के साथ सातवें व आगरा के शशांक कौशिक 1824 पिनफॉल के चलते औसत 152 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे।

### दुबई की अनजान पिच से बिठाना होगा तालमेल : रविंद्र

लाहौर। न्यूजीलैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान में खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर में खेले थे। दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और वह वहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है। रविंद्र ने कहा, हम दुबई की पिच के बारे में बहुत अधिक नहीं जानते। हमने भारत के खिलाफ वहां एक मैच खेला और तब गेंद काफी टर्न ले रही जबकि एक अन्य मैच में हमने देखा कि गेंद बहुत अधिक टर्न नहीं कर रही थी। हमने परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर उसी की तरह अपना खेल खेला और रविवार को हमें फिर से ऐसा करना होगा। उन्होंने बुधवार को न्यूजीलैंड की दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर 50 रन की जीत के बाद कहा, हम अगले दो दिन इस पर गौर करेंगे और उम्मीद है कि वहां क्रिकेट के लिए अच्छा विकेट होगा। रविंद्र भले ही टूर्नामेंट में अब तक दो शतक लगा चुके हैं।

# मन्नत महिला एशिया पैसीफिक गोल्फ में शीर्ष 10 में

## हीरो इंडिया ओपन का आयोजन 27 मार्च से, 19.60 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि

एजेंसी

डा नैंग (वियतनाम)। भारत की मन्नत बरार ने महिला एमेच्योर एशिया पैसीफिक गोल्फ टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को यहां चार अंडर 67 के स्कोर से टूर्नामेंट के किसी दौर में किसी भारतीय खिलाड़ी की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्कोर की बराबरी की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे छह भारतीयों के बीच मन्नत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर है। मन्नत शीर्ष पर चल रही सियो जिन पार्क (64) से तीन शॉट पीछे हैं।

चार खिलाड़ी छह अंडर 65 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। मन्नत के अलावा वियतनाम की आन ली चुक, न्यूजीलैंड की युनसियो चोई और चीनी ताइपे की जेई एन लिन भी संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं। अन्य भारतीय खिलाड़ियों को सानवी सोमू (एक ओवर 72) संयुक्त 42वें जबकि पदार्पण कर रहीं गुंतास कौर संधू (73) दो ओवर के स्कोर से संयुक्त 48वें पायदान पर हैं। हीना कांग और पदार्पण कर रही जारा आनंद संयुक्त 76वें स्थान पर हैं। दोनों ने पांच ओवर 76 का स्कोर बनाया। पदार्पण कर रहीं एक अन्य भारतीय कशिका मिश्रा (78) संयुक्त रूप से 83वें स्थान पर हैं। मन्नत का चार अंडर 67 किसी भी महिला एमेच्योर एशिया पैसीफिक गोल्फ टूर्नामेंट में किसी भारतीय द्वारा बनाए गए सर्वश्रेष्ठ स्कोर की बराबरी है। इससे पहले 2021 में यूएई के अबु धाबी गोल्फ क्लब के दूसरे दौर में अनिका वर्मा ने भी चार अंडर 68 का स्कोर बनाया था। अनिका ने संयुक्त नौवां स्थान हासिल किया था जो किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।




**हीरो इंडिया ओपन का आयोजन 27 मार्च से, लगभग 19.60 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि**

नयी दिल्ली। देश का प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन का आगामी सत्र 27 से 30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया जायेगा जिसमे 2.25 मिलियन डॉलर (लगभग 19.60 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि होगी। प्रतियोगिता के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जापान के 24 वर्षीय गत विजेता कीता नाकाजिमा की अगुवाई में इस टूर्नामेंट में जैक्स क्रुइसविज्क, जोहान्स वीरमैन, जूलियन ज्रूरियर, एंजेल हिडाल्गो, फ्रेडरिक लैक्रोइक्स, डेविड रेवेटो, इवेन फर्ग्यूसन और गुइडो मिग्लिओजी जैसे दुनिया के बड़े गोल्फ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। साल 2023 के चैंपियन जर्मनी के मार्सेल सिएम भी इस प्रतियोगिता में फिर से चैंपियन बनने के लिए जोर लगायेंगे। डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा एवं वीर अहलावत भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। पिछले साल इस प्रतियोगिता के उपविजेता रहे अहलावत भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की ऑर्डर ऑफ मेरिट (2024) में शीर्ष पर रहने के बाद डीपी वर्ल्ड टूर में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

साल 2023 में डीपी वर्ल्ड का हिस्सा रहे मनु गंडास और उभरते हुए खिलाड़ी कार्तिस सिंह के पास भी इस टूर्नामेंट में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका होगा। हीरो इंडियन ओपन डीपी वर्ल्ड टूर के एशियाई स्विंग का हिस्सा है, जिसमें सिंगापुर क्लासिक, चाइना ओपन और हैनान क्लासिक भी शामिल हैं।

# गुजरात जायंट्स की निगाहें दिल्ली कैपिटल्स से जीत पर




एजेंसी

लखनऊ। लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट से और यूपी वॉरियर्स के खिलाफ 81 रन से) ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। गुजरात जायंट्स के छह मैच में छह अंक हैं और उसके पास दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से आगे बढ़ने का बेहतरीन मौका होगा जो 10 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज है। दिल्ली कैपिटल्स पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। वह जीत दर्ज कर अपने अंक 12 तक ले जाने के अलावा फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपने नेट रन रेट को भी बेहतर करना चाहेगी।

गुजरात जायंट्स के लिए आखिरकार चीजें सही हो रही हैं जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सभी मुश्किलों के बावजूद कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में जीत दर्ज की जिसमें कप्तान एशले गार्डनर (नाबाद 58) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 30) ने अहम भूमिका निभाई। इसके बाद जायंट्स ने बेथ मूनी के नाबाद 96 रन और अपने गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन की बदौलत पिछले मैच में यूपी वॉरियर्स को 81 रन से रौंद दिया। इस बड़ी जीत ने उसके तालिका में स्थान में ही सुधार नहीं किया बल्कि उनका नेट रन रेट भी -0.450 से बेहतर कर 0.357 कर दिया जो तीसरे स्थान पर रहने वाली मुंबई इंडियंस (0.166) से बेहतर है। मुंबई भी उसके साथ छह अंक की बराबरी पर हैं। मुंबई इंडियंस के अभी तीन मैच बचे हैं जिससे गुजरात की टीम चाहेगी कि वह अपने नेट रन रेट को बेहतर रखे और अन्य मैच के नतीजों पर निर्भर नहीं रहे। जायंट्स के तेज गेंदबाजों ने नयी गेंद और परिस्थितियों का अच्छा फायदा उठाया है। लेकिन जायंट्स को दिल्ली कैपिटल्स की हरफनमौला ताकत से सावधान रहना होगा क्योंकि वह भी जीत के लिए उत्सुक होगी। इससे उन्हें शीर्ष पर रहकर सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। दिल्ली कैपिटल्स सात मैच में 10 अंक के साथ शीर्ष पर है।

### गिरी को हराकर अरविंद ने एकल बढ़त हासिल की

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने यहां चल रहे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में काले मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञाननंदा से आधे अंक की बढ़त पर हैं। अब जबकि केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी। एक अन्य मुकाबले में तुर्किए के 16 वर्षीय गुरेल एडिज़ ने चेक गणराज्य के गुयेन थाई दाई वान को पराजित किया जबकि चेक गणराज्य के ही डेविड नवारा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद वेई यी, एडिज़, कीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक है जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं। अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# भारतीय टीम के खेवनहार बने अक्षर पटेल

एजेंसी




दुबई। चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बीच में जब केन विलियमसन खड़े थे तब अक्षर पटेल ने इस स्टार बल्लेबाज का विकेट लेकर फिर से साबित किया कि वह भारतीय टीम के नए खेवनहार हैं। न्यूजीलैंड के सामने तब 250 रन का लक्ष्य था और विलियमसन 81 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद पर आगे बढ़कर लंबा शॉट खेलना चाहा लेकिन गेंद ने उन्हें गच्चा दिया और बाकी काम विकेटकीपर केएल राहुल ने पूरा कर दिया। अक्षर के 10 ओवर के कोटे की यह अंतिम गेंद थी जिसने मैच का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया था। इस पर हालांकि किसी का बहुत ध्यान नहीं गया क्योंकि इसी मैच में उनके साथी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर सबका ध्यान खींच दिया था। एक समय माना जाता था कि रविंद्र जडेजा जैसी समानता रखने के कारण अक्षर को अधिक मौके नहीं मिलेंगे। यह भी सच है कि उन्हें अपने इस सीनियर साथी की छाया से बाहर निकालने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाने के लिए 2022 से अपनी बल्लेबाजी पर काम किया और टीम प्रबंधन ने जब उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा तो वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरे। इससे पहले अक्षर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में नाबाद 64 रन की पारी खेल कर अपनी बल्लेबाजी में सुधार का संकेत दिया था। अक्षर ने कहा, वेस्टइंडीज के खिलाफ उस मैच के बाद मुझे लगने लगा कि मैं मैच का अच्छी तरह से समापन कर सकता हूं। मुझे जब वह आत्मविश्वास मिला तो फिर मैंने इस बारे में ज्यादा सोचना बंद कर दिया कि मुझे अपनी बल्लेबाजी को लेकर किसी के सामने कुछ साबित करना है। अनुभवी राहुल की जगह अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का टीम प्रबंधन का फैसला जोखिम भरा था लेकिन उन्हें इस ऑलराउंडर पर पूरा भरोसा था। अक्षर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले गए दूसरे वनडे मैच से नियमित रूप से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में ही 44 रन बनाकर जतला दिया था कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अक्षर ने इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52, नाबाद 41, 8, नाबाद 3, 42 और 27 रन बनाए हैं।

यह आंकड़े भले ही आकर्षक नहीं हों लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में यह जिम्मेदारी संभाली। इससे भारत को मध्यक्रम में दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाज का संयोजन तैयार करने में भी मदद मिली। राहुल के पहली पसंद का विकेटकीपर होने के कारण ज षभ पंत के नहीं खेलने से भारत के लिए यह संयोजन बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इस बात से खुश है कि उन्होंने अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का जो जुआ खेला था वह सही साबित हुआ। गंभीर ने कहा, हम अक्षर की योज्ञता और क्षमता को जानते हैं और हमने उसे पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने का लगातार मौका दिया है ताकि वह अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखे। उसने जब से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी शुरू की तब से उसने अच्छा योगदान दिया है।

# सहकारी समितियों में बढ़ेगी महिला सहभागिता

## पीएम मोदी ने सहकारी क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक ली

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय सहकारी क्षेत्र का विस्तार करने के लिए वैश्विक सहकारी संगठनों के साथ साझेदारी की आवश्यकता जताते हुए सहकारी संगठनों के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सहकारी क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक इस बैठक में क्षेत्र में तकनीकी प्रगति के माध्यम से परिवर्तन लाने वाले सहकार से समृद्धि को बढ़ावा देने, सहकारी समितियों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की योजना और सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न पहलों पर चर्चा की गई।



बैठक में सहकारिता मंत्री अमित शाह, सहकारिता मंत्रालय में सचिव आशीष कुमार भूटानी, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव शक्तिकांत दास, प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने भारतीय सहकारी क्षेत्र का विस्तार करने के लिए वैश्विक सहकारी संगठनों के साथ साझेदारी की आवश्यकता और सहकारी संगठनों के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि पद्धतियों में सुधार के लिए निर्यात बाजारों पर ध्यान केंद्रित करने और सहकारी समितियों के माध्यम से मृदा परीक्षण मॉडल विकसित करने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने वित्तीय लेनदेन की सुविधा के लिए यूपीआई को रुपे केसीसी कार्ड के साथ एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला और सहकारी संगठनों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर जोर दिया।

बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी संगठनों की परिसंपत्तियों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने सहकारी खेती को अधिक टिकाऊ कृषि मॉडल के रूप में बढ़ावा देने का सुझाव दिया और सहकारी क्षेत्र में कृषि और संबंधित गतिविधियों का विस्तार करने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) के उपयोग की सिफारिश की, जिससे किसानों को सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान की जा सके। शिक्षा के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने स्कूलों, कॉलेजों और आईआईएम में सहकारी पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए सफल सहकारी संगठनों को बढ़ावा देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि युवा स्नातकों को योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और सहकारी संगठनों को उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक दिया जाना चाहिए, ताकि प्रतिस्पर्धा और विकास को एक साथ बढ़ावा दिया जा सके। पीएमओ ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सहयोग नीति और पिछले साढ़े तीन वर्षों में सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में प्रधानमंत्री को सहकारी समितियों के विकास और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई और भारत की अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण विकास और आर्थिक समावेशन में सहकारी क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डाला गया।

# विकसित भारत में महिलाओं की अहम भागीदारी



नयी दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सरकार आठ मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाएगी और इसकी विषय वस्तु नारी शक्ति के साथ विकसित भारत होगी। अन्नपूर्णा देवी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि आठ मार्च को यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान जारी कर राष्ट्रीय, जातीय, भाषायी, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक विभाजन से परे महिलाओं की उपलब्धियों को मान्यता देने के एक वैश्विक अवसर के रूप में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर बल दिया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा, सरकार आठ मार्च को नारी शक्ति के साथ विकसित भारत की विषय वस्तु पर आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाएगी, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शामिल होंगी। बयान में कहा गया है कि 2025 का विशेष महत्व है क्योंकि यह बीजिंग घोषणा और कार्यवाही ई मंच की 30वीं वर्षगांठ है, जो ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज है जिसने वैश्विक महिला अधिकार एजेंडे को बदल दिया है। इसमें कहा गया है, घोषणापत्र ने कानूनी संरक्षण, सेवाओं तक पहुंच, युवाओं की भागीदारी और पुराने सामाजिक मानदंडों एवं रूढ़ियों को खत्म करने की दिशा में प्रगति को बढ़ावा दिया है। भारत में सरकार विभिन्न नीतियों, योजनाओं और विधायी उपायों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले एक विशेष पहल करते हुए देशभर की महिलाओं को नमो ऐप ओपन फोरम पर अपनी प्रेरक जीवन यात्रा साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं की दृढ़ता और उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए घोषणा की कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुछ चुनिंदा महिलाएं एक दिन के लिए उनके सोशल मीडिया अकाउंट को संभालेंगी और अपने अनुभवों को साझा करेंगी मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई पहलों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। उसने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 जैसे कार्यक्रमों ने शिक्षा में लैंगिक समानता में उल्लेखनीय सुधार किया है। बयान में कहा कि उच्च शिक्षा में महिलाओं का पंजीकरण 2.07 करोड़ तक पहुंच गया है, जो कुल पंजीकरण का लगभग 50 प्रतिशत है।

संक्षेप

## अमेरिका-कनाडा के बीच व्यापार युद्ध की आशंका : ट्रूडो



टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें आशंका है कि कनाडा और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार युद्ध होगा। उन्होंने इस सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत को जीवंत और रचनात्मक करार दिया। ट्रूडो ने कहा कि दोनों पक्षों ने शुल्क पर चर्चा की, और वे जारी वार्ता में सक्रिय रूप से जुड़े हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन शुल्क से कुछ क्षेत्रों और श्रमिकों को अत्यधिक नुकसान न पहुंचे। उन्होंने यह भी दोहराया कि जब तक कनाडाई वस्तुओं पर अनुचित अमेरिकी शुल्क हटा नहीं लिए जाते, तब तक हम अपने जवाबी शुल्क से पीछे नहीं हटेंगे।

## उदयनिधि के खिलाफ न दर्ज की जाये कोई नयी प्राथमिकी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को आदेश दिया कि सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री एम उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ उसकी अनुमति के बिना कोई नयी प्राथमिकी दर्ज नहीं की जानी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि एक ही मुद्दे पर कई शिकायतें दर्ज नहीं की जा सकतीं। इसके साथ ही न्यायालय ने मौजूदा प्राथमिकियों की सुनवाई कर रही अदालतों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से स्टालिन को दी गई छूट संबंधी अंतरिम आदेश की अवधि भी बढ़ा दी। पीठ स्टालिन की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें सभी प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने और शिकायतों को एक स्थान पर स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया था। पीठ ने लंबित मामले में दायर उनकी याचिका पर उन राज्यों को नोटिस जारी किए जहां नयी प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं। पीठ के आदेश में कहा गया है, नए जोड़े गए प्रतिवादियों (राज्यों) को नोटिस दिए जाने की तारीख से 15 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने की छूट दी जाती है।

## मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है मराठी : फडणवीस


एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है तथा यहां रहने वाले किसी भी व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए।

शिवसेना (उबाठा) के एक विधायक द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ नेता की टिप्पणी की ओर इशारा करने के बाद मुख्यमंत्री ने यह बात कही। राज्य विधानसभा में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सदस्य भास्कर जाधव ने आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी की उस टिप्पणी पर राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा था जिसमें उन्होंने कहा था कि यह जरूरी नहीं कि मुंबई आने वाला व्यक्ति मराठी सीखे। इस पर फडणवीस ने कहा कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है तथा यहां रहने वाले किसी भी व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए। जोशी ने कहा था, मुंबई की एक भाषा नहीं है। इसमें कई भाषाएं हैं। कुछ क्षेत्रों की अपनी भाषा है। घाटकोपर की भाषा गुजराती है। गिरगांव में आपको हिंदी बोलने वाले कम और मराठी बोलने वाले ज्यादा मिलेंगे। इसलिए कह सकते हैं कि मुंबई आने वाला कोई भी व्यक्ति मराठी सीखे, यह जरूरी नहीं है। विधानसभा में जब जाधव ने सरकार से इस पर जवाब मांगा तो फडणवीस ने कहा, मैंने भैयाजी की बात नहीं सुनी, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी है। उन्होंने कहा हर किसी को मराठी सीखनी चाहिए और उसे बोलना चाहिए।

## ट्रंप का बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर कदम भारत के अनुकूल: जयशंकर



एजेंसी

लंदन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है जो भारत के हितों के अनुकूल है और दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते की आवश्यकता पर सहमत हुए हैं।

लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में बुधवार शाम विश्व में भारत का उदय और भूमिका शीर्षक पर आयोजित सत्र के दौरान विदेश मंत्री से नयी अमेरिका सरकार के शुरुआती कुछ सप्ताहों में उठाए गए कदमों, विशेष रूप से ट्रंप की शुल्क योजना को लेकर सवाल किया गया। जयशंकर ने कहा, हम एक ऐसे राष्ट्रपति और प्रशासन को देख रहे हैं जो बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है और यह भारत के अनुकूल है। जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के छह दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के दृष्टिकोण से हमारे पास एक बड़ा साझा उपक्रम क्वाड है जो एक ऐसी समझ है जहां हर कोई अपना उचित हिस्सा देता है इसमें किसी को भी लाभ निःशुल्क नहीं मिलता। इसलिए यह एक अच्छा मॉडल है जो काम करता है। क्वाड में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। मंत्री ने शुल्क के विशिष्ट मुद्दे पर कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए फिलहाल वाशिंगटन में हैं। इससे पहले पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ट्रंप ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में वार्ता की थी। जयशंकर ने कहा, हमने इस (शुल्क) विषय पर बहुत खुलकर बातचीत की और उस बातचीत का परिणाम यह हुआ कि हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते की आवश्यकता पर सहमत हुए।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास को दी चेतावनी

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में मौजूद सभी बंधकों को रिहा करने की हमास को बुधवार को अंतिम चेतावनी दी। ट्रंप ने आठ पूर्व बंधकों के साथ व्हाइट हाउस में बैठक के तुरंत बाद अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर एक बयान में कहा कि वह इजराइल को वह सब कुछ भेज रहे हैं जो उसे चाहिए। ट्रंप ने कहा, सभी बंधकों को अभी रिहा करो बाद में नहीं और जिन लोगों की तुमने हत्या की है उनके शवों को तुरंत सौंपो नहीं तो अपना खेल खत्म समझो। उन्होंने कहा, सिर्फ बीमार और विकृत लोग ही शव रखते हैं और तुम बीमार और विकृत हो उ इससे पहले व्हाइट हाउस ने कहा था कि अमेरिकी अधिकारी हमास के अधिकारियों के साथ निरंतर वार्ता और विचार-विमर्श कर रहे हैं। अमेरिका का यह कदम चरमपंथी संगठन के साथ सीधे तौर किसी तरह की बातचीत नहीं करने की उसकी दीर्घकालिक नीति से अलग है। व्हाइट हाउस की ओर से यह जानकारी मिलने के बाद ट्रंप ने हमास को लेकर यह तीखी टिप्पणी की है। कतर की राजधानी दोहा में वार्ता की पुष्टि ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-हमास संघर्षविराम अब भी अधर में लटका हुआ है। विदेश मंत्रालय ने 1997 में हमास को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया था और उसके बाद से यह अमेरिका और हमास के बीच प्रत्यक्ष तौर पर पहली बातचीत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने वार्ता के विषय में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूतों को किसी से भी बात करने के लिए अधिकृत किया है।

## अमेरिका में मौसम के चलते कई जगह तबाही का मंजर

एजेंसी

अटलांटा (अमेरिका)। अमेरिका में गंभीर मौसमी परिस्थितियों के कारण कई जगहों पर तबाही का मंजर छाया हुआ है। शक्तिशाली तूफान ने मिसिसिपी में जहां तीन लोगों की जान ले ली, वहीं बुधवार को तेज हवाओं के कारण ओक्लाहोमा के एक छोटे से शहर में इमारतों की छतें उड़ गईं, जिसके बाद ईस्ट कोस्ट के पास बवंडर उठने की चेतावनी जारी की गई जबकि मध्य-पश्चिम में भारी बर्फबारी हुई और शुष्क, हवादार मौसम के कारण टेक्सास में जंगल में आग भड़क गई। इस बीच, मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि बुधवार से शुक्रवार तक प्रशांत महासागर में आने वाले तूफान के कारण कैलिफोर्निया और पश्चिम के अन्य भागों में व्यापक बारिश तथा पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। बुधवार को कैरोलाइना, फ्लोरिडा और वर्जीनिया में तूफान की चेतावनी जारी की गई। नॉर्थ कैरोलाइना के यूनियन काउंटी के अधिकारियों ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने पुष्टि की है।

इंटरटेनमेंट...

## मार्को को नहीं मिलेंगे सेटेलाइट प्रसारण अधिकार

तिरुवनंतपुरम। मलयालम भाषा में अब तक बनी सबसे हिंसक फिल्म कही जाने वाली मार्को को सेटेलाइट प्रसारण अधिकार नहीं मिलेंगे क्योंकि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के क्षेत्रीय कार्यालय ने टीवी अधिकार प्राप्त करने के लिए ए प्रमाणपत्र से यूए श्रेणी में बदलने के लिए इसके निर्माताओं की अर्जी को खारिज कर दिया है।

सीबीएफसी के क्षेत्रीय अधिकारी टी. नदीम थुफाली ने बुधवार को बताया कि क्षेत्रीय परीक्षण समिति ने 19 फरवरी को श्रेणी परिवर्तन के लिए मार्को निर्माताओं के आवेदन को खारिज कर दिया था। उन्नी मुकुंदन अभिनीत यह फिल्म पिछले साल 20 दिसंबर को रिलीज हुई थी। ए प्रमाणपत्र वाली यह फिल्म इस श्रेणी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 14 फरवरी से ओटीटी मंच सोनीलिव पर उपलब्ध है। सीबीएफसी यू प्रमाणपत्र उन फिल्मों के लिये जारी करता है जिनके सार्वजनिक प्रदर्शन पर कोई प्रतिबंध न हो। ए प्रमाणपत्र प्राप्त फिल्में केवल वयस्क दर्शकों के लिये होती हैं जबकि यूए प्रमाणपत्र वाली फिल्मों को 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे माता-पिता के मार्गदर्शन में ही देख सकते हैं। थुफाली ने कहा कि सेटेलाइट





अधिकार 'यू' या 'यूए' प्रमाणपत्र वाली फिल्मों को दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों को उनकी सामग्री के आधार पर वर्गीकृत और प्रमाणपत्र दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि उनके बच्चे अत्यधिक हिंसा वाली फिल्में न देखें। थुफाली ने कहा कि समिति ने केंद्र को औपचारिक सिफारिश की है कि फिल्म को ओटीटी मंच पर भी प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने कहा, हालांकि, सीबीएफसी के पास ओटीटी स्ट्रीमिंग के संबंध में कोई नियामक शक्तियां नहीं हैं। सेंसर बोर्ड के सदस्य जी.एम. महेश ने कहा कि कई नागरिकों द्वारा शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि सीबीएफसी के पास ओटीटी मंच पर निगरानी की भी शक्ति है। उन्होंने बताया इसलिए हमने मंत्री स्तर पर औपचारिक अनुरोध किया है। हनीफ अदेनी द्वारा लिखित और निर्देशित मार्को को राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र की हस्तियों ने हिंसा का महिमामंडन और युवाओं को गुमराह करने वाली फिल्म करार दिया है। इन हस्तियों ने केरल में हाल के दिनों में अपराध की बढ़ती घटनाओं के संदर्भ में यह दावा किया है। इस बीच, फिल्म के निर्माता शरीफ मोहम्मद ने फिल्म का बचाव करते हुए कहा कि लेखक-निर्देशक को स्क्रीन पर वही दिखाना चाहिए जो फिल्म के विषय के लिए जरूरी है।

## हनी सिंह के खिलाफ कोर्ट पहुंचीं नीतू चंद्रा

पटना। अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने गायक योयो हनी सिंह के हाल ही में रिलीज हुए गाने मैनियाक में कथित अश्लीलता के खिलाफ शिकायत करते हुए पटना उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है। याचिका पर इस महीने के अंत में सुनवाई होगी।

जनहित याचिका में सिंह और उनके साथ गाने में सहयोग करने वाले लोगों का नाम भी शामिल है, जिसमें गीतकार लियो ग्रेवाल और भोजपुरी गायक रागिनी विश्वकर्मा व अर्जुन अजनबी के नाम शामिल हैं। अभिनेत्री नीतू ने अदालत से प्रतिवादियों को गीत में संशोधन करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकी नीतू ने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित कुछ भोजपुरी और मैथिली फिल्मों का निर्माण भी किया है।

## भारतीय-अमेरिकी फिल्म याक्षी में दिखेंगे बाबिल खान



मुंबई। अभिनेता बाबिल खान और मलयालम अभिनेत्री अन्ना बेन भारत और अमेरिका के सहयोग से बनाई जा रही फिल्म याक्षी में नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी भारतीय लोककथाओं और आधुनिक तरीके से कथा कहने का मिश्रण है। इसे करण सुनील ने लिखा और निर्देशित किया है। यह फिल्म लैम्बे लॉग प्रोडक्शंस और फुल स्पेक्ट्रम फीचर्स द्वारा बनाई जा रही है। मलयालम अभिनेत्री अन्ना बेन ने सोशल मीडिया पर फिल्म के बारे में जानकारी साझा की। बेन मलयालम फिल्म कुंबलंगी नाइट्स और हेलेन में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने लिखा कि इस फिल्म का हिस्सा बनना उनके लिए एक शानदार अनुभव था और वह इस फिल्म में माया के रूप में अभिनय करने के कारण बहुत खुश हैं।

## गोवा में महाराष्ट्र के लिए बेहद नफरत

पणजी। पूर्व अभिनेत्री आयशा टाकिया ने उनके पति व बेटे को सोमवार रात एक घटना के दौरान बुरी तरह परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस राज्य में महाराष्ट्र के लिए नफरत अविश्वसनीय स्तर पर पहुंच गई है।



गोवा पुलिस ने मंगलवार को महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी के बेटे अबू फरहान आजमी और अन्य के खिलाफ राज्य में सार्वजनिक स्थान पर झगड़ा करने एवं शांति भंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया। पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री टाकिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट में कहा कि उनके पति ने मदद के लिए पुलिस को बुलाया था, लेकिन उनके खिलाफ ही शिकायत दर्ज कर दी गई। टाकिया ने कहा, हमारे परिवार के लिए यह रात एक भयावह रात थी, अभी-अभी यह पोस्ट देखा और इसे साझा करना ज़रूरी है। मैं समय आने पर और भी चीज़ें साझा करूंगी, मेरे पति और बेटे को बुरी तरह से धमकाया गया और वे अपनी जान को लेकर डरे हुए थे क्योंकि गोवा के स्थानीय गुंडों ने उन्हें घेर लिया, उन्हें धमकाया और घंटों तक प्रताड़ित किया, उन्होंने पुलिस के साथ भी बुरी तरह मारपीट की, जिसे मेरे पति ने हमारे बेटे और अपनी सुरक्षा के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा, गोवा में महाराष्ट्र के प्रति नफरत अविश्वसनीय स्तर तक पहुंच गई है, वे फरहान और मेरे बेटे को महाराष्ट्र से होने और बड़ी कार रखने के लिए बार-बार अपशब्द कहते रहे।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com